राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 54
लखनऊ, सोमवार 2 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



दक्षिण अफ्रीका की टॉप-2 में वापसी, न्यूजीलैंड टॉप पर 10

पवन सिंह चौहान को भाजपा ने सौंपी नई जिम्मेदारी 03

सौरभ चंद्राकर भारत लाया गया

महादेव एप सट्टेबाजी मामला

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महादेव एप के जरिए अवैध सट्टेबाजी सिंडिकेट चलाने के मुख्य आरोपित सौरभ चंद्राकर का ओमान से प्रत्यर्पण करा लिया है। सीबीआई की विशेष टीम उसे भारत लेकर पहुंची है। उसे सोमवार को रायपुर स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। चंद्राकर सीबीआई के दो मामलों में वांछित है, जिनमें आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं। इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक मामले में भी उसके खिलाफ अभियोजन शिकायत दाखिल की गई है। सीबीआई के अनुसार, छत्तीसगढ़ सरकार के अनुरोध पर महादेव ऑनलाइन बुक से जुड़े मामलों की जांच एजेंसी ने अपने हाथ में ली थी। जांच में सामने आया कि महादेव ऑनलाइन बुक देश के सबसे बड़े अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी सिंडिकेट में से एक था। इसका संचालन भारत के बाहर से किया जा रहा था। यह क्रिकेट, फुटबॉल, ताश के खेल और अन्य आयोजनों पर अवैध सट्टेबाजी कराता था। इसके लिए देशभर में फ्रेंचाइजी आधारित पैनल और शाखाओं का नेटवर्क बनाया गया था, जिसके जरिए लोगों को जोड़ा जाता था और उनसे सट्टे की रकम जमा कराई जाती थी।

जांच में पता चला कि सट्टेबाजी से हासिल रकम को बड़ी संख्या में म्यूल बैंक खातों के जरिए भेजा जाता था। कई लेनदेन के माध्यम से रकम की परतें बनाई जाती थीं और हवाला के जरिए विदेश भेजा जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि इस रकम का एक हिस्सा सरकारी कर्मचारियों को संरक्षण राशि देने में इस्तेमाल किया गया, ताकि सिंडिकेट बिना किसी बाधा के काम कर सके।

दिल्ली रामलीला मैदान में बोले सपाध्यक्ष- वोट चोरी के खिलाफ इंडिया गठबंधन एकजुट

चंडीगढ़ की चाल बनारस में भी चलना चाहती थी भाजपा : अखिलेश

एजेंसी

नई दिल्ली /लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी बनारस में भी चंडीगढ़ की तरह चाल चलना चाह रही थी। काशी की जनता है भाजपा को डबल जीरो दिया है। अयोध्या में प्रभु राम के मंदिर में चढ़ावा और चंदा में चोरी की है। ऐसे पापियों का नस नहीं सर्वनाश होने जा रहा है। रविवार को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी संख्या में जुटे आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यह बातें कहीं।

रविवार को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की 'वोट-बचाओ, देश-बचाओ' महारैली को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। इंडिया गठबंधन लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। इंडिया गठबंधन को पूरे देश से जिस तरह भारी समर्थन मिल रहा है उससे भाजपा का पूरे देश से हटना तय है। श्री यादव ने कहा कि वोट चोरी और मतदाता सूची में धांधली की मुख्य कड़ी मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। उसमें देश की एक कम्पनी साथ दे रही है। इन साजिशों का अंत होगा। उन्होंने कहा कि जो विश्व गुरू बनने की बात करते थे। वे वोट चोरी कर रहे हैं। जो लोग इसे दिखाते हैं और आवाज उठाते हैं भाजपा सरकार उनके खिलाफ साजिश और षडयंत्र करती है। देश के युवा और नौजवान जब भाजपा की साजिशों के खिलाफ दिल्ली में आये तो उन पर इस सरकार ने अत्याचार किया और लाठियों से मरवाया। देश का नौजवान उस पर पड़ी लाठियों को कभी नहीं भूल सकता। भाजपा का जाना तय है। अब भाजपा के लोग नहीं बचने वाले हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने का पाप कर रही है। भाजपाईयों को याद रहे, जो पापी होता है, उसका नाश होता है। भाजपा की सरकार में अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर में चंदा चोरी हुआ। चढ़ावा चोरी हुआ। राम धन की लूट हुई। इन चढ़ावा चोरी और चंदा चोरी करने वालों का नाश ही नहीं सर्वनाश होने जा रहा है।

श्री यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव के लूट के पहले भाजपा ने सबसे पहले उत्तर प्रदेश के रामपुर में उपचुनाव को लूटा था। फोर्स लगाकर उपचुनाव में वोट नहीं डालने दिया था।



पूरा देश जान रहा भाजपा ने बंगाल चुनाव को लूटा

श्री यादव ने कहा कि पूरा देश जानता है कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल में चुनाव को लूटा है। बंगाल विधानसभा की तस्वीरें कोई नहीं भूल सकता है। चुनाव से पहले एसआईआर कराकर लाखों मतदाताओं का वोट कटवाया और फिर लाखों की संख्या में फोर्स लगाकर वोटरों को डराया-धमकाया और चुनाव की लूट की। उन्होंने कहा कि हम इंडिया गठबंधन के लोग हार नहीं मानेंगे। भाजपा की हर साजिश और षडयंत्र के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे और उसे परास्त करेंगे। समाजवादी पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की वोट चोरी पकड़ी थी। उस समय वोट चोरी और धांधली के कारण समाजवादी पार्टी सरकार नहीं बना पायी थी। वोटरलिस्ट से समाजवादी पार्टी समर्थकों के बड़ी संख्या में वोट हटा दिये गये थे। जब समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की, तो आयोग ने हमें नोटिस भेज दिया था समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पीडीए प्रहरियों ने बूथ-बूथ पर जाकर हजारों की संख्या में उन मतदाताओं को चिह्नित किया जिन्होंने 2019 के लोक सभा में चुनाव में मतदान किया था। लेकिन 2022 के चुनाव में जानबूझ कर उनका वोट काट दिया गया था। वे वोट नहीं डाल पाये थे। समाजवादी पार्टी न हजारों की संख्या में ऐसे मतदाताओं का एफीडेविट देकर चुनाव आयोग में शिकायत की। लेकिन आयोग ने दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अभी तक पता नहीं कौन सी गोली खाकर सोया हुआ था। इधर देखा जा रहा है कि जबसे जनता भाजपा और चुनाव आयोग की वोट चोरी के खिलाफ खड़ी हो गयी है तब से कुछ कार्रवाई हो रही है।

भाजपा के लोग भी स्वीकार रहे वोट चोरी हुई

श्री यादव ने कहा कि वोट चोरी और वोटरलिस्ट में हेराफेरी की बात तो अब भाजपा के लोग खुद ही स्वीकार कर रहे हैं। यूपी के मुख्यमंत्री जी कह रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में हिन्दुओं के 1 करोड़ 27 लाख वोट कट गए। जबसे उन्हें पता चला है कि इतनी बड़ी संख्या में वोट कट गये हैं वे दिल्ली वालों पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। यूपी के मुख्यमंत्री जानते हैं कि वे हारने जा रहे हैं। एक करोड़ 27 लाख वोट कटने का मतलब है कि 403 विधानसभाओं में हर विधानसभा क्षेत्र में 31 हजार वोट कम हो गये हैं।

उत्तर प्रदेश में हुए विधान परिषद चुनाव में वाराणसी में डबल इंजन सरकार की डबल हार हुई है। जो भाजपा को अंगद का पांव बता रहे हैं उन्हें भी पता है कि यूपी में भाजपा की जमीन ही नहीं बची है। इस बार काशी में भाजपा की डबल हार हुई है।

वह प्रधानमंत्री जी का संसदीय क्षेत्र है। वाराणसी की जनता ने भाजपा को डबल जीरो दिया है। वाराणसी में भाजपा एक बार हार से संतुष्ट नहीं हुई तो रिकाउंटिंग कराकर फिर हारी। भाजपा वाराणसी में भी चंडीगढ़ की चाल चलना चाहती थी। लेकिन कामयाब नहीं हुई। आखिरकार उसे डबल जीरो मिला।

तबादला आदेश रद्द होने के बाद चिकित्सा शिक्षकों की हड़ताल टली

शिमला/ एजेंसी। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा तबादले के आदेश रद्द किए जाने के बाद, 'स्टेट एसोसिएशन ऑफ मेडिकल एंड डेंटल कॉलेज टीचर्स' (एसएएमडीसीओटी) ने अपनी प्रस्तावित तीन दिवसीय 'कलमबंद' हड़ताल को दो सप्ताह के लिए टाल दिया है। यह निर्णय डॉ. बलबीर एस वर्मा के नेतृत्व में एसएएमडीसीओटी के प्रतिनिधिमंडल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बीच हुई एक बैठक के बाद लिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक के बाद, उन सभी एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसरों के तबादले के आदेश रद्द कर दिए गए, जिन्हें अभी तक कार्यमुक्त नहीं किया गया था या जिन्होंने अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया था।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, 3 लोगों की मौत

एजेंसी

इम्फाल। मणिपुर में हिंसा भड़कने की खबर सामने आ रही है। नोनी जिले में एक जंगली पहाड़ी गांव में दो गुटों के बीच हुई भीषण गोलीबारी में कुकी समुदाय के तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह गोलीबारी शनिवार सुबह नोनी जिले के केकड़ू नागा गांव में शुरू हुई और पहाड़ी क्षेत्र में कई घंटों तक दोनों पक्षों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही। मारे गए लोगों की पहचान थांगलेंसंग सिंगसन, थांगखोसेई हाओकिप और लम्मिनसंग किपजेन के रूप में हुई है। ये सभी चुराचंदपुर जिले के हेंगलेप और थानलन के अंदरूनी इलाकों के रहने वाले थे। कुकी नागरिक संगठनों के अनुसार, ये तीनों मृतक ग्राम स्वयंसेवक थे। इस घटना के बाद कुकी समुदाय के सर्वोच्च निकाय कुकी इनपी मणिपुर (KIM) ने इन तीनों युवाओं की हत्या की कड़ी निंदा की है। संगठन ने एक आधिकारिक बयान जारी कर आरोप लगाया है कि इन हत्याओं के पीछे नागा उग्रवादी समूह शामिल हैं। KIM ने सरकार से इस मामले में तुरंत कड़ी कार्रवाई करने, जवाबदेही तय करने और न्याय की मांग की है।

एक अन्य मामले में मणिपुर में सुरक्षा बलों ने रविवार को व्यापक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान दो लोगों के शव बरामद किए।

आप के विधायकों ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पटियाला जिले की समाना विधानसभा सीट से विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर अपने फैसले की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि सनौर से विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने भी आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

दोनों विधायकों के इस्तीफे के पीछे आगामी चुनाव में टिकट न मिलने की नाराजगी को वजह बताया जा रहा है। शनिवार को आम आदमी पार्टी की ओर से 2027 विधानसभा चुनाव के लिए 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी किए जाने के बाद यह राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया। इस सूची में दोनों विधायकों के नाम शामिल नहीं हैं। बता दें कि चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने अपनी पोस्ट में इस्तीफे की वजह स्पष्ट नहीं की है। वहीं हरमीत सिंह पठानमाजरा ने अपने इस्तीफे की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। दो विधायकों के इस्तीफे पर आप पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा कि आम आदमी पार्टी के दो विधायकों ने आज पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, लेकिन इन दोनों की हरकतों के चलते पार्टी ने पहले ही इन्हें किनारे कर दिया था।

आजम खान अब डासना जेल गए, कोर्ट ने ईडी केस में न्यायिक हिरासत में भेजा

20 मिनट खुली हवा में सांस ले पाए आजम

संवाददाता

रामपुर। सपा नेता आजम खान को गाजियाबाद की विशेष पीएमएलए कोर्ट ने रविवार को उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी ने आज कड़ी सुरक्षा के बीच आजम को कोर्ट में पेश किया। ईडी की टीम के साथ सीआरपीएफ और पुलिस के जवान मौजूद रहे। कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें डासना जेल ले जाया जाएगा। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शनिवार शाम रामपुर जेल से रिहा होते ही आजम खान को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उन्हें ईडी मुख्यालय ले जाया गया, जहां रातभर पूछताछ हुई। यह मामला जौहर विश्वविद्यालय के निर्माण में सरकारी धन के कथित दुरुपयोग से



जुड़ा है। आजम खान 11 महीने बाद शनिवार शाम बेटे अब्दुल्ला के साथ रामपुर जेल से बाहर आए थे। हाईकोर्ट ने 29 अक्टूबर को दो पैन कार्ड मामले में उनकी 10 साल की सजा निलंबित कर दी थी।

इससे पहले रामपुर जेल से शनिवार शाम आजम खान के बाहर आते ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट व जौहर यूनिवर्सिटी में धांधली के मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। ईडी वर्तमान में आजम के विरुद्ध 40 मुकदमों में जांच कर रही है। रामपुर जिला जेल में बंद आजम खां को हाईकोर्ट ने जमानत दी थी। आजम खां शनिवार शाम लगभग सात बजे जेल से रिहा हुए, तभी बाहर पहले से मौजूद ईडी के लखनऊ स्थित जोनल कार्यालय की टीम ने उन्हें अपने केस में गिरफ्तार कर लिया।

ईडी ने बुधवार को ही मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत रामपुर स्थित जौहर यूनिवर्सिटी में 426.46 करोड़ रुपये काला धन खपाया गया था। ईडी ने रामपुर के थाना अजीम नगर में दर्ज 26 मुकदमों को आधार बनाकर जांच शुरू की थी। ईडी की जांच रिपोर्ट के आधार पर रामपुर के थाना अजीम नगर में आजम खां, जौहर ट्रस्ट व अन्य के विरुद्ध 13 अक्तूबर को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम समेत अन्य धाराओं में एक और मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खान 11 महीने 14 दिन बाद जिला जेल से बाहर तो आए, लेकिन महज 20 मिनट ही खुली हवा में सांस ले सके। शाम 6:57 बजे जेल से बाहर निकलने के बाद 7:17 बजे ईडी ने उन्हें एक मामले में कस्टडी में ले लिया और अपने साथ ले गई।

संजय सिंघल ने संभाला आईटीबीपी प्रमुख का अतिरिक्त कार्यभार

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा के 1993 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ अधिकारी संजय सिंघल, आईपीएस ने केंद्र सरकार के आदेशानुसार रविवार को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के महानिदेशक का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। संजय सिंघल फिलहाल एसएसबी डीजी हैं। उन्होंने शत्रुजीत कपूर का स्थान लिया है, जो भारतीय पुलिस सेवा में अपने विशिष्ट सेवाकाल के उपरांत 31 अक्तूबर को सेवानिवृत्त हुए हैं। सिंघल को पुलिस प्रशासन, सीमा सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का व्यापक अनुभव है। अपने सेवाकाल में उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। साथ ही, मई 2002 से जून 2003 तक उन्होंने कोसोवो में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के अंतर्गत भी सेवाएं दीं। इससे पूर्व सिंघल आईटीबीपी में उप महानिरीक्षक, सेक्टर मुख्यालय, देहरादून तथा महानिरीक्षक, पूर्वी सीमांत के पदों पर कार्य कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने सीमा सुरक्षा, आसूचना एवं परिचालन प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया।

19 किलो के एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ी

एजेंसी

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन के बीच आम जनता और हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए नवंबर महीने की शुरुआत महंगाई के झटके के साथ हुई है। देश की सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और ईंधन की कीमतों में आई मजबूती को देखते हुए एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी हवाई ईंधन और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। हर महीने की पहली तारीख को होने वाली इस समीक्षा के तहत 1 नवंबर से नई दरें पूरे देश में लागू कर दी गई हैं, जिससे इस दिवाली और छठ महापर्व पर घर जाने वाले लोगों के बजट पर भी असर पड़ सकता है। तेल कंपनियों के अनुसार एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में 1.37 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद देश की राजधानी दिल्ली में एटीएफ का भाव 137.12 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर अब 138.50 रुपये प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है। हवाई ईंधन की कीमत में यह लगातार चौथे महीने वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे विमानन कंपनियों के ऑपरेशनल कॉस्ट पर दबाव और ज्यादा बढ़ जाएगा। एविएशन सेक्टर के जानकारों का कहना है कि किसी भी एयरलाइन के कुल ऑपरेशनल कॉस्ट में ईंधन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत तक होती है। ऐसे में एटीएफ के लगातार महंगे होने के कारण एयरलाइंस आने वाले दिनों में हवाई टिकटों के दाम बढ़ा सकती हैं। त्योहारों के इस मौसम में दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों से उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रमुख शहरों जैसे पटना, दरभंगा, लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर के लिए उड़ानों की मांग पहले से ही बहुत ऊंची बनी हुई है, ऐसे में यह बढ़ोतरी घर जाने वाले प्रवासियों की जेब पर भारी पड़ सकती है हवाई सफर के साथ-साथ नवंबर की पहली तारीख से होटल, रेस्त्रां और ढाबों में खाना-पीना भी थोड़ा महंगा हो सकता है।



सड़क हादसा में हनी सिंह के 'भतीजे' समेत दो की मौत

एजेंसी

जालंधर। जालंधर में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसा पुलिस लाइन के पास स्थित फ्लाईओवर पर हुआ, जहां बर्थडे पार्टी से घर लौट रहे युवकों की फॉक्सवैगन कार नगर निगम की खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार दो युवकों की जान चली गई। मृतकों की पहचान मशहूर पंजाबी म्यूजिक कंपनी स्पीड रिकॉर्ड के मालिक दिनेश के बेटे विदित ओलक और पप्पी स्वीट्स के मालिक के बेटे आरव तलवाड़ के रूप में हुई है। विदित ओलक की मौत को लेकर पंजाबी रेपर व गायक हनी सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए



कहा ₹आज सड़क हादसे में मेरे भतीजे की मौत हो गई। भगवान भोले नाथ महर करें₹ जानकारी के मुताबिक हनी सिंह म्यूजिक कंपनी स्पीड रिकॉर्ड के साथ काम कर चुके हैं। इसी वजह से वह विदित ओलक को अपना भतीजा मानते थे। हादसे की सूचना मिलते ही थाना बारादरी की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की। थाना बारादरी के प्रभारी इंस्पेक्टर साहिल चौधरी के मुताबिक, पुलिस को तड़के करीब 3 बजे हादसे की सूचना मिली थी।

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने पदभार संभाला

एजेंसी



नई दिल्ली। वायुसेना के नए प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शनिवार, 1 नवंबर को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने के तुरंत बाद अपनी मां, निर्मला दीक्षित और सास, कमला पांडे को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। यह मार्मिक क्षण वरिष्ठ अधिकारी के व्यक्तिगत पक्ष को दर्शाता है, क्योंकि उन्होंने भारतीय वायुसेना की कमान संभाली है। एयर चीफ मार्शल दीक्षित ने 31 अक्टूबर, 2026 को 29वें वायुसेना प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का स्थान लिया, जो 42 वर्षों की शानदार सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र, उन्हें 6 दिसंबर, 1986 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन किया गया था। चार दशकों के करियर के साथ, एयर चीफ मार्शल दीक्षित के पास संचालन, उड़ान परीक्षण और क्षमता विकास का व्यापक अनुभव है। वह एक कुशल फाइटर पायलट, योग्य उड़ान प्रशिक्षक और प्रायोगिक टेस्ट पायलट हैं, जिनके पास मिराज-2000, विभिन्न मिग वेरिएंट और जगुआर सहित विभिन्न विमानों पर 3,300 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है। उनके महत्वपूर्ण योगदानों में भारतीय वायुसेना का आधुनिकीकरण शामिल है, विशेष रूप से जगुआर और मिग-27 के उन्नयन परियोजनाओं को अंतिम रूप देना, और एलसीए एमके-आई तेजस के प्रारंभिक और अंतिम परिचालन मंजूरी को सफलतापूर्वक पूरा करना। उनके नेतृत्व की भूमिकाओं में मिराज-2000 स्क्वाड्रन और वायुसेना स्टेशन बीदर, एक प्रमुख लड़ाकू प्रशिक्षण बेस की कमान शामिल है। अपनी वर्तमान भूमिका से पहले, उन्होंने वायुसेना उप-प्रमुख के रूप में कार्य किया, जो राष्ट्रीय सेवा के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

संक्षिप्त खबरें

क्षेत्र का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता : सतीश शर्मा, दरियाबाद विधानसभा में 21 विकास कार्यों को मिली मंजूरी, खर्च होंगे 4.12 करोड़

सिद्धौर बाराबंकी । प्रदेश के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री दरियाबाद क्षेत्र के विधायक सतीश चंद्र शर्मा के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई गति मिली है। विधायक की पहल पर क्षेत्र में 21 महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ 12 लाख 91 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है। इस धनराशि से जर्जर संपर्क मार्गों का नवनिर्माण, मरम्मत, डामरीकरण, सीसी सड़क निर्माण और जलभराव से जूझ रहे गांवों में नालों का निर्माण कराया जाएगा। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने कार्यों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही सभी कार्यों पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इन मार्गों और नालों का होगा निर्माण स्वीकृत कार्यों में सबसे ज्यादा जोर ग्रामीण संपर्क मार्गों को मुख्य मार्गों से जोड़ने पर दिया गया है। इसमें पिथूपुर संपर्क मार्ग से पूरे पहलवान तक संपर्क मार्ग का नवनिर्माण, सरसा राठौर मार्ग से महमूदपुर तक संपर्क मार्ग , देवीगंज-सुबेहा मार्ग से गजपतिपुर तक मार्ग प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा दिलौना से भगवानपुर, दरियाबाद मुख्य मार्ग से लोनियनपुरवा सहित कई अन्य महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों का निर्माण और अनुरक्षण कार्य भी इसी स्वीकृति में शामिल है। वहीं बरसात में जलभराव से परेशान गांवों को राहत देने के लिए हबीबनगर, भरहेंमऊ और ग्राम पंचायत सैफपुर में पक्के नालों का निर्माण कराया जाएगा। इससे गांवों में जल निकासी सुचारू होगी और ग्रामीणों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। इस संबंध में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इन 21 कार्यों के पूरा होने से ग्रामीण इलाकों की मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। मंत्री ने कहा, ग्रामीणों को आवागमन में जो परेशानी होती थी, वह दूर होगी। सड़कों के बेहतर होने से लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार संबंधी सुविधाओं तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी। किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में आसानी होगी और नाला निर्माण से जलभराव की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा। वहीं क्षेत्र में 4.12 करोड़ की विकास परियोजनाओं को मंजूरी मिलने से स्थानीय ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। स्थानीय राजू सिंह सनी सिंह सुरेन्द्र मिश्र राजेश मिश्र और वीरेंद्र सिंह आदि ने इसके लिए विधायक सतीश चंद्र शर्मा का आभार जताया है।

54 दिन बाद मारपीट व एससी-एसटी एक्ट में तीन नामजद

कोठी। क्षेत्र के तुनिहा मजरे हिम्मतपुर गांव में कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ मारपीट की गई। पीड़िता की शिकायत पर घटना के 54 दिन बाद शनिवार की रात को पुलिस ने मारपीट व हरिजन एक्ट की धाराओं में तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।
कोठी क्षेत्र के तुनिहा मजरे हिम्मतपुर गांव निवासी शिव प्यारी पत्नी रामप्रसाद रावत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात सितंबर 2026 की शाम कूड़ा डालने की बात को लेकर गांव के दयानंद पुत्र लायक राम, अपने भाई सचितानंद यादव और पत्नी लीलावती एकराय होकर विवाद करने लगे। आरोप है कि तीनों ने उन्हें जातिसूचक गालियां दीं। विरोध करने पर लाठी-डंडों से पीट दिया। बचाव आए बेटे केवल कुमार को धमकाया और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता के मुताबिक गांव के लोगों के कहने पर उस समय उन्होंने पुलिस को शिकायत नहीं की। मगर आरोपियों के हौसले बुलंद थे। इससे शनिवार को पीड़िता ने कोठी इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रताप सिंह से शिकायत कर आपबीती सुनाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दंपति समेत तीनों लोगों के विरुद्ध मारपीट व हरिजन एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच सीओ हैदरगढ़ समीर सिंह के द्वारा की जा रही है।

छात्रा अगवा संदेह पर युवक नामजद, जांच तेज

कोठी। क्षेत्र के एक गांव से स्कूल जाने के लिए घर से निकली छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पिता ने एक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का शक जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। शनिवार रात को कोठी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। कोठी क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता के मुताबिक उनकी पुत्री कक्षा 11 की छात्रा है। जो 30 अक्टूबर को वह विद्यालय जाने के लिए घर से निकली थी। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी है। तलाश के बाद उसको जानकारी नहीं मिली। पिता ने पड़ोसी गांव निवासी शुभम के रिश्तेदार अनुज कुमार उर्फ मोनू निवासी जलालपुर थाना असंद्रा पर बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का संदेह जताया है। इसकी शिकायत पर कोठी इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बाइस्तवाह आरोपी अनुज कुमार उर्फ मोनू विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच एसएसआई राजेश भारती को सौंपी है।

बारिश से 500 से ज्यादा बीघा धान की फसल प्रभावित, गेहूं, सरसों और मटर की बुवाई पर असर

कोठी। दो दिन की लगातार बारिश के बाद रविवार को मौसम साफ हुआ तो किसान खेतों की ओर पहुंचे। खेतों में कटी धान की फसल पानी में भीगने से फसल खराब होने की आशंका है। जिससे उन्हें हजारों रुपए की आर्थिक नुकसान हुआ। उनकी सरसों, चना व मटर आदि की फसल बुवाई भी में विलंब हुआ। सिद्धौर ब्लॉक में रुक-रुककर हुई बारिश से धान की फसल को नुकसान हुआ है। खेतों में पानी भरने से किसान कटी फसल सुखाने के लिए मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। नमी के कारण धान की बालियों में अंकुर निकलने लगे हैं। खेतों में खड़ी धान की फसल भी बारिश के कारण गिर गई है। किसानों के सामने फसल का अनाज बचाने की चुनौती है। यह हाल क्षेत्र के सिद्धौर, ममरखापुर, कोठी, नईसड़क, मंसारा, कादीपुर, खानापुर, कोटवा, लाखूपुर, सेमरी, सरायमीर, मदारपुर, रोशन जमाखां, उस्मानपुर, नयापुरवा, शेषपुरजाहिद अली, जियनपुर, असंद्रा, भठिया, नवाबपुर कोडरी, हाजीपुर श्यामनगर, मोहम्मदपुर चंदी सिंह, कन्हवापुर, बसंतपुर, सेमरावां, सैदनपुर, असदामऊ, मिर्जापुर और धौरहरा समेत अन्य गांवों में पांच सौ बीघा से अधिक खेती पर बारिश का असर पड़ा है। इन गांवों के किसानों रामतीरथ वर्मा, रामबरन रावत, अमर बहादुर, प्रदीप वर्मा, सियाराम रावत, माधव प्रसाद, मैकूलाल, शेर बहादुर, अमरपाल सिंह, इसरार अहमद, जलालुद्दीन, हरिशंकर वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, मोनू सिंह और मोहम्मद इलियास ने बताया कि बारिश से धान की फसल को नुकसान हुआ। उनके मुताबिक, खेतों में कटी फसल पानी में भीगने से खराब हो गई। उसकी प्यारी सड़ने से चरा का संकट भी आ गया। धान की बालियों में अंकुर निकलने से नुकसान हैं। खड़ी फसल गिरने से कटाई और मड़ाई का काम भी रुक गया है। किसानों का कहना है कि लगातार बारिश से गेहूं, सरसों और मटर की बुवाई भी पिछड़ गई। पानी भरा होने से खेती का काम करना मुश्किल है। बारिश जारी रही तो धान की फसल के साथ अगली फसलों की तैयारी पर भी असर पड़ेगा। किसान मौसम साफ होने और खेतों से पानी निकलने का इंतजार कर रहे हैं।

संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत, पड़ताल में जुटी पुलिस

बाराबंकी। नगर कोतवाली क्षेत्र में मोहल्ला गुलरिया गार्दा में निवासनी विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से शहर में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचे मायका पक्ष नें ससुराल के पांच लोगो पर दहेज उत्पीड़न के आरोप लगाए है। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र में सिटी चौकी स्थित मोहल्ला गुलरिया गार्दा निवासिनी वैष्णवी गुप्ता (28) पत्नी आकाश गुप्ता का तीन वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। रविवार सवेरे उन्नाव स्थित उसके मायके वालों को उसके बीमार होने की सूचना मिलने पर संदेह हुआ। मृतका के उन्नाव पुरानी बाजार निवासी भाई पीयूष गुप्ता परिजनों के संग बाराबंकी पंहुचा जहाँ उसे बहन के ससुराल वालो नें ईधर उधर की बाते बता कर गुमराह करने की कोशिश की, जब बहन को देखने की जिद में मायका पक्ष घर में घुसा तो उसे बहन की खुदकुशी की जानकारी दी गई।
बहन वैष्णवी की मौत की खबर सुनते ही मायका पक्ष चीख-चीख रोने लगा। पीयूष नें बताया की विवाह में भरपूर दान दहेज देने के साथ लड़के को हीरे की अंगूठी और 20 लाख नगद दिए गए थे। इसके बावजूद ससुराल से मांग की जाती थी। दो दिनों पूर्व करवा में भी लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। पीयूष नें गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी बहन को बाहर लेकर जाना तो दूर घर के बाहर तक नहीं निकलनें देना और काफी बंदिशों में रखा जाता था।

तीन मौतों के बाद भी नहीं चेता प्रशासन, आज भी जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे लोग

रफ्टा पुल पर अब भी नाव के सहारे आवागमन, नीलमथना घाट पुल की हालत जर्जर; कहीं गहरे पानी का खतरा तो कहीं गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे राहगीर

संवाददाता



बाराबंकी। तहसील फतेहपुर क्षेत्र के थाना मोहम्मदपुर खाला अंतर्गत छेदा-रामपुर मथुरा मार्ग पर बेहड़ा बाजार स्थित चौरारी नदी का रफ्टा पुल प्रशासनिक उदासीनता की एक ऐसी तस्वीर पेश कर रहा है, जहां हादसों के बावजूद हालात बदलने का नाम नहीं ले रहे हैं। 30 अगस्त 2020 को इसी पुल पर नदी में डूबने से एक ही गांव के तीन युवकों की मौत हो गई थी। उस समय प्रशासन को तीनों के शव बरामद करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। इसके बावजूद वर्षों बीत जाने के बाद भी पुल पर सुरक्षित आवागमन की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं हो सकी है।

तीन युवकों की मौत भी नहीं खोल पाई प्रशासन की आंखें

30 अगस्त 2020 का वह हादसा आज भी क्षेत्रीय लोगों के जेहन में है। चौरारी नदी के रफ्टा पुल को पार करते समय तीन युवक पानी में बह गए थे और उनकी डूबने से मौत हो गई थी। इसके बाद भी कई बार वाहन पानी के तेज बहाव में बहने लगे। हालांकि ग्रामीणों की तत्परता से कई लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि नदी में पानी बढ़ने पर यह पुल हर साल खतरे का सबब बन जाता है। उस वर्ष करीब एक महीने से अधिक समय तक पुल पर पानी भरा रहा। आवागमन पूरी तरह प्रभावित होने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए करीब 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। स्कूली बच्चों, मरीजों, किसानों और रोजमर्रा के काम से निकलने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

नाव चल रही, लेकिन प्रशासनिक पहरा नदारद

हैरानी की बात यह है कि रफ्टा पुल पर आज भी नाव के सहारे आवागमन की स्थिति बनी हुई है। कुछ समय तक प्रशासन ने पुलिस की तैनाती, बैरिकेडिंग और राजस्व टीम के माध्यम से निगरानी कराई थी, लेकिन कुछ दिनों बाद ही यह व्यवस्था हटा ली गई। अब स्थिति यह है कि लोग खतरे के बावजूद सीधे पुल से होकर गुजर रहे हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि जब नदी में पानी और खतरा बरकरार है तो सुरक्षा व्यवस्था क्यों हटा ली गई? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

नीलमथना घाट पुल भी बना हादसों का केंद्र

चौरारी नदी पर ही स्थित नीलमथना घाट पुल की स्थिति भी बेहद चिंताजनक है। इस पुल से दर्जनों गांवों के लोगों का रोजाना आवागमन होता है। छेदा बाजार से घरेलू सामान और अन्य जरूरी वस्तुओं की खरीदारी करने वाले ग्रामीण भी इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। नदी का जलस्तर कम होने के बाद पुल की बदहाली सामने आ गई है। पानी के तेज बहाव और मिट्टी के कटाव से पुल के बीच का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। दोनों तरफ की दीवारें तो दिखाई दे रही हैं, लेकिन बीच का हिस्सा खोखला हो चुका है।

एनएच-27 पर टूटा नाले का ढक्कन बना जानलेवा, स्कूली बच्चों समेत राहगीर परेशान

संवाददाता



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। कोटवा सड़क स्थित यूनिवर्सल गर्ल्स इंटर कॉलेज जाने वाले मुख्य मार्ग पर एनएच-27 किनारे नाले का ढक्कन टूट जाने से बड़ा गड्ढा बन गया है। इससे मार्ग पर आवागमन बेहद खतरनाक हो गया है। खासकर विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक टूटे ढक्कन के कारण बने गहरे गड्ढे में आए दिन बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक राहगीरों के गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग द्वारा अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है।कोटवा सड़क व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. एमएल साहू ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित एन एच आई 27 के अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की गई और जल्द कार्रवाई का आश्वासन भी मिला, लेकिन अभी तक टूटे ढक्कन को व्यवस्थित नहीं कराया गया है। व्यापार मंडल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी बाराबंकी ईशान प्रताप सिंह से तत्काल संज्ञान लेकर टूटे नाले के ढक्कन की मरम्मत कराने तथा मार्ग को सुरक्षित कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले यदि गड्ढे को दुरुस्त करा दिया जाए तो स्कूली बच्चों और राहगीरों को राहत मिल सकती है।

जरूरतमंदों की मदद में जुटा प्रधानी चुनाव से पहले विरोधी खेमे में बड़ी बेचैनी

हर वक्त जनता की सेवा करता रहूंगा: मुईद खां

संवाददाता



कोठी। बाराबंकी के सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत खानापुर मजरे गोमटा के युवा तेज तर्रार समाजसेवी गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले मो,मुईद खां अपनी सेवाओं से लोगों का हर समय दिल जीतते चले आ रहे है वही इसी दौरान गरीब असहाय और बुजुर्ग महिलाओं को हो रही परेशानियों से रूबरू होकर समाजसेवी युवा ने गरीब असहाय बुजुर्ग महिलाओं और विकलांग की मदद करने को लेकर अपना पूर्ण रूप से लक्ष्य बना चुके है।
जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत खानापुर मजरे गोमटा गांव निवासी भाई जान मुईद खां पुत्र मोहम्मद शब्बीर खां समाजसेवी दिन रात बारिश धूप ठंडी हो या गर्मी में जरूरतमंदों की सहायता के लिए रात दिन हर समय तत्पर रहता है या न केवल गरीब मजदूर असहाय वृद्ध और विकलांग व्यक्तियों की मदद करने में पीछे नहीं हटते है जरूरत पड़ने पर प्रशासनिक कार्यों में भी सक्रिय योगदान देता रहता है जिससे लोगों की जरूरत के हिसाब से निजी खर्चे से उन्हें सहयोग करते रहते है आने वाली प्रधानी चुनाव के मद्देनजर रखते हुए उसकी बढ़ती लोकप्रियता से विरोधी खेमे में बेचैनी बढ़ने लगी है कुछ अराजक तत्वों के विरोध कर रहे हैं विरोधी हालांकि एक स्थानीय स्तर पर सैकड़ो लोग उसे उसकी समाज सेवा से प्रभावित हैं उसके कार्यों की सराहना कर रहे हैं।
यही नाम न छापने की शर्त पर दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि हमारे भाई जान मुईद खां भाई जब से प्रधानी की दावेदारी ठोक कर मैदान में आए हैं और करीब तीन साल से मेहनत प्रधानी चुनाव को लेकर कर रहे हैं इतना ही नहीं अगर जरूरत पड़ती है तो अपने नीचे खर्चे और गाड़ी से लोगों की मदद करते हैं और जनता के बीच में रात दिन सेवा में लगे रहते हैं अगर जनता साथ देगी और ऊपर वाले चाहेंगे तो जीत का अवश्य रंग लाएगी और विरोधियों को पटकनी देने में पीछे नहीं हटेंगे और जीत का जलवा कायम करेंगे और जनता की सेवा करता हूं और करते रहेंगे।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह आयोजित

संवाददाता



बड्डूपुर (बाराबंकी)। डॉ. रामकुमार निर्मला गिरि पब्लिक इंटर कॉलेज, डफरपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल प्रभारी दिनेश चंद पांडेय ने मंडल बड्डूपुर के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल को महान ऐतिहासिक व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि उनके योगदान के बिना आधुनिक भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। देश के वर्तमान भौगोलिक और राजनीतिक स्वरूप को आकार देने में सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। देश की आजादी के बाद सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर उन्होंने भारत की एकता और अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि पटेल की सफलता का सबसे बड़ा कारण यह था कि वे भारत के स्वभाव और उसकी चेतना को गहराई से समझते थे। उन्होंने विविधता को कभी बाधा नहीं माना, बल्कि उसे राष्ट्रीय एकता का वास्तविक आधार माना। यही वह शक्ति है, जिसने हजारों वर्षों से भारतीय सभ्यता को एक सूत्र में बांधे रखा है। इस अवसर पर डॉ. रामकुमार गिरि, जिला सह संघचालक ओमप्रकाश वर्मा, दिनेश सिंह तोमर, रजनीश कुमार, योगेंद्र पटेल, अरविंद मौर्य, अभय सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जैदपुर राजकीय पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने विधिक सहायता शिविर में किया कार्यशील मॉडल का प्रदर्शन

संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। राजकीय पॉलिटेक्निक जमुनियाडीह जैदपुर के विद्यार्थियों ने अपनी तकनीकी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्य वीके. चौधरी के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संस्थान की एक छात्र टीम को आयोजित मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में अपने कार्यशील मॉडल का प्रदर्शन करने हेतु भेजा गया।
शिविर में संस्थान के रसायन अभियांत्रिकी विभाग के प्रवक्ता राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। गुप्ता ने मॉडल का लाइव प्रदर्शन कर उसकी कार्यप्रणाली,तकनीकी विशेषताओं एवं सामाजिक उपयोगिता के बारे में उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों और आम जनमानस को विस्तार से अवगत कराया। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित इस नवाचारी मॉडल को अतिथियों ने खूब सराहा। मॉडल में तकनीक के माध्यम से जन-समस्याओं के समाधान की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वीके चौधरी ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक एवं सामाजिक सरोकारों से जोड़ना है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नवाचार और आत्मविश्वास बढ़ता है।

पुराने गोकशी के मुकदमों में वांछित अभियुक्तों का पुलिस ने किया सत्यापन, दी सख्त हिदायत

संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। जैदपुर पुलिस ने ग्राम टेरा में पुराने गोकशी के मुकदमों से जुड़े अभियुक्तों का सत्यापन अभियान चलाया। बीट प्रभारी दरोगा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव पहुंचकर संबंधित व्यक्तियों की वर्तमान गतिविधियों, निवास और व्यवसाय की जानकारी जुटाई। पुलिस ने इस दौरान मो इमरान (35) आलमगीर (30) जाकिर (35) इस्माइल (45)मुजीब (35) रफी (32) जियाउल्लाह (40) अव्वा उर्फ भुऊआ (35) अब्दुल रशीद (45) फैजल रहमान (60) सैफुर रहमान (40) व मकसूद (52) समेत दर्जन भर से अधिक लोगों का सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान परिजनों ने बताया कि जिया उल्लाह बाराबंकी में ऑटो चलाता है। जबकि अब्दुल रहीम अपनी ससुराल कुर्सी गया हुआ है। जो लोग घर पर मौजूद नहीं मिले,उनसे पुलिस ने वीडियो कॉल के जरिए संपर्क कर उनकी मौजूदगी की तस्दीक की। सभी को एक स्थान पर एकत्र कर पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने, किसी भी अवैध गतिविधि से दूर रहने और समय-समय पर थाने पर हाजिरी देने की सख्त हिदायत दी। पुलिस ने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति पुनः इस तरह के अपराध में लिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत टेरा के एक दर्जन भर पुराने गोकशी के मुकदमों से जुड़े अभियुक्तों का सत्यापन अभियान चलाया गया। जिसमें 11 घर में दो लोग रिश्तेदारों के यहां गए थे। सभी का सत्यापन किया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

केंद्रों पर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा संपन्न

संवाददाता



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर ब्लॉक के दो केंद्रों पर रविवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2027 का आयोजन किया गया। दोनों केंद्रों पर कुल 576 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 496 ने परीक्षा दी और 80 छात्र अनुपस्थित रहे।राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर में 240 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 33 अनुपस्थित रहे और 207 ने परीक्षा दी। परीक्षा प्रधानाचार्य डॉ. विजय कृष्ण यादव और अनंत कुमार यादव सहित शिक्षकों की कड़ी निगरानी में संपन्न हुई। प्रधानाचार्य डॉ. विजय कृष्ण यादव ने बताया कि परीक्षा में पूरी पारदर्शिता रखी गई और कक्ष निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिए गए थे। विद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के लिए सभी इंतजाम पहले से ही कर रखे थे।वहीं, जनता इंटर कॉलेज बदोसराय में 336 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। यहां 47 अनुपस्थित रहे और 289 ने परीक्षा दी।कॉलेज के प्रधानाचार्य राम किशुन ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। केंद्र पर बैठने, पेयजल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

वनरोज को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकराई, युवक की मौत; किशोर गंभीर

संवाददाता



बाराबंकी। कोतवाली असंद्रा क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा 16 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब अचानक सड़क पर वनरोज आ जाने से बाइक सवार अपना नियंत्रण खो बैठे और उनकी बाइक सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि विद्युत पोल तक टूट गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, कोतवाली असंद्रा क्षेत्र के मिर्चिया गांव निवासी असलम (23) पुत्र कलीम अपने गांव से कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र के शेषपुर भरहेमऊ गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। उसके साथ जरौली गांव निवासी 16 वर्षीय अरमान पुत्र इब्राहिम भी बाइक पर सवार था। शादी समारोह में शामिल होने के बाद दोनों रविवार दोपहर बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि रास्ते में गनी की पुलिया के निकट अचानक एक वनरोज सड़क पर आ गया। वनरोज को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विद्युत पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य करते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचाया। यहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने असलम को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अरमान का एक निजी चिकित्सक के यहां उपचार चल रहा है। इधर, असलम की मौत की खबर जैसे ही उसके परिजनों को मिली, परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन सीएचसी पहुंचे।

पारिजात वृक्ष व कोटवा धाम पहुंचे प्रमुख सचिव के निजी सचिव, किया दर्शन-पूजन



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। वित्त विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार के निजी सचिव विनोद कुमार पांडे ने रविवार को सपरिवार बरौलिया स्थित पौराणिक देववृक्ष पारिजात का दर्शन-पूजन कर समर्थ साईं जगजीवन साहब की तपोस्थली कोटवा धाम में माथा टेककर मानव कल्याण की कामना की।परिजनों के साथ पहुंचे विनोद कुमार पांडे ने विधि-विधान से पारिजात वृक्ष की पूजा-अर्चना की और प्रदेश व देश की समृद्धि की कामना की। पौराणिक मान्यता वाले इस देववृक्ष के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष आस्था है और दूर-दूर से लोग यहां दर्शन के लिए आते हैं।पारिजात वृक्ष का दर्शन-पूजन करने के बाद विनोद कुमार पांडे सपरिवार समर्थ जगजीवन साहब की तपोस्थली कोटवा धाम पहुंचे।

किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए पैकेज लाएंगे

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रदेश के अन्नदाता किसानों को आश्वस्त किया कि साइक्लोन के कारण असमय बरसात, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई सरकार पैकेज लाकर करेगी। उन्होंने कहा कि हमने इसका मुआवजा तो दिया है, लेकिन मैं मानता हूं कि यह नाकाफी है। अन्नदाता किसान को जो नुकसान हुआ है, डबल इंजन की सरकार उसकी पूरी भरपाई करने का काम करेगी। सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि पूरा सर्वे कर लीजिए, तात्कालिक मुआवजा दीजिए। हम एक नया पैकेज अन्नदाता किसानों के लिए लाएंगे, जिसके माध्यम से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी रविवार को चौरीचौरा में 59.44 करोड़ रुपये से बने भोपा बाजार (समपार संख्या 147बी) रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन करने के साथ ही 287.56 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा ने अपनी सरकार में उत्तर प्रदेश को अपराध का गढ़ बना दिया था। सपा सरकार अपराध बढ़ाती थी, जबकि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर किया। सपा सरकार लूटपाट करने को बदमाश पालती थी, जबकि भाजपा सरकार ने विकास के जरिये बदलाव करके दिखा दिया है। उत्तर प्रदेश अब पतन और शोषण की नहीं, प्रगति व संस्कृति की धरती बन गई है। अब यहां कर्फ्यू, उपद्रव या दंगा नहीं, उत्सव होता है। अखिलेश यादव के समय बाहरी लोग यूपी का नाम सुनकर सौ कोस दूर भागते थे। आज यूपी वालों की आवभगत व सम्मान किया जाता है। सपा और भाजपा की सरकार में अंतर समझाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 वर्षों में 10 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी दी। 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज', 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' और 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन कुजीन' दिया। माफिया को मिट्टी में मिलाने का काम भी किया। अब किसी गरीब की जमीन पर कोई माफिया कब्जा करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। किसी बेटी की सुरक्षा में सेंध नहीं लगा सकता, क्योंकि उसे मालूम है कि ऐसा करने पर अंजाम क्या होने वाला है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नई पहचान के साथ बढ़ा भारत सीएम योगी ने कहा कि आज गोरखपुर का विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश बदल चुका है और भारत दुनिया में नई पहचान के साथ आगे बढ़ा है। यह नया भारत है, जहां 140 करोड़ भारतवासी मोदी जी के नेतृत्व में गौरव की अनुभूति करते हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 12 वर्ष में 46 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठकर सामान्य जीवनयापन का अवसर मिला है। पीएम मोदी जी ने देश को गरीबी के कलंक से उबारने का काम किया है। गरीबों के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव आया है। उन्हें आवास मिल रहा है, घर में शौचालय बन रहे हैं, निशुल्क राशन सुविधा का लाभ मिल रहा है। पहली बार देश में 55 करोड़ लोगों को निशुल्क 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष आयुष्मान भारत का लाभ प्राप्त हुआ है। जनधन अकाउंट में 55 करोड़ लोगों के खाते खोले गए। कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार में गरीब को 100 रुपये में मात्र 15 रुपये ही मिलते थे, जबकि जनधन खातों के जरिये अब गरीब को पूरे 100 रुपये मिलते हैं। पंडित नेहरू ने नहीं की थी चौरीचौरा के क्रांतिकारियों की पैरवी मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चौरीचौरा की ऐतिहासिक घटना में 172 देशभक्तों को अंग्रेजों ने फांसी की सजा दी थी। ये कांग्रेसी कहते हैं कि पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के बहुत बड़े अधिवक्ता थे। पर, सच्चाई यह है कि उस समय इन 172 किसानों, श्रमिकों, व्यापारियों की पैरवी पंडित नेहरू ने नहीं की। तब पंडित मदन मोहन मालवीय पैरवी के लिए आगे आए। मालवीय जी ने 151 क्रांतिकारियों को फांसी के फंदे से छुड़ाने में सफलता हासिल की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपा बाजार रेल ओवरब्रिज का नाम शहीद स्मारक ओवरब्रिज के रूप में ही होना चाहिए। उन्होंने ओवरब्रिज के लिए कमलेश पासवान, संगीता यादव, जयप्रकाश निषाद और सरवन निषाद के प्रयासों का भी उल्लेख किया। तरकुलहा देवी के उपासक बंधु सिंह ने अंग्रेज सरकार की चूलें हिलाईं मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि डबल इंजन की सरकार ने मां तरकुलहा देवी के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि अवमुक्त कराई। जब हम तरकुलहा देवी की बात करते हैं तो बाबू बंधु सिंह का भी स्मरण करते हैं। बाबू बंधु सिंह ने 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर में अंग्रेजों की चूलें हिलाने का काम किया था। उन्हें गोरखपुर में फांसी की सजा दी गई थी। कहते हैं, जब उनको फांसी की सजा दी जा रही थी, बार-बार फांसी का फंदा टूटता था। अंत में बाबू बंधु सिंह ने स्वयं मां तरकुलहा का आह्वान किया, 'माई अब देर मत कर, कई बंधु सिंह पैदा होंगे, अब मुझे अपनी गोदी में सुलाओ।' मुख्यमंत्री ने कहा कि बंधु सिंह के साथ तरकुलहा देवी का मंदिर अमर हो गया, श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन गया। आज हर व्यक्ति तरकुलहा देवी के मंदिर में जाकर मां का भी आशीर्वाद लेता है और क्रांतिकारी शहीद बंधु सिंह का भी स्मरण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। पंडित मालवीय को भारत रत्न चौरीचौरा के क्रांतिकारियों का सम्मान मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के इतिहास को जानने वाला हर व्यक्ति चौरीचौरा को जानता है। चौरीचौरा की घटना का प्रभाव इतना ज्यादा था कि कांग्रेस का नेतृत्व भी हिल गया था। उसने आंदोलन स्थगित कर दिया था, लेकिन कुछ नहीं रुका। चौरीचौरा के क्रांतिकारियों की पैरोकारी करने वाले पंडित मदन मोहन मालवीय जी को भारत रत्न देकर सरकार ने उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। यह भारत रत्न चौरीचौरा के क्रांतिकारियों का भी सम्मान है। चौरीचौरा को दीपावली और छठ का उपहार हैं विकास परियोजनाएं मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है, वे चौरीचौरा को दीपावली और छठ के उपलक्ष्य में उपहार स्वरूप हैं। पहले चरण में हम लोगों ने रेल ओवरब्रिज बनाया है, मार्ग दिया है। इस मार्ग को बनाने में जितना पैसा नहीं खर्च हुआ, उससे ज्यादा हमने मुआवजे में खर्च किया है। कारण यह कि यहां का आवागमन बंद नहीं होना चाहिए।

घर घर दस्तक देगी भारतीय जनता पार्टी

महिला-युवा मोर्चे को बड़ी जिम्मेदारी, रात्रि प्रवास और संवाद से तैयार हो रहा चुनावी चक्रव्यूह

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। यूपी असेम्बली इलेक्शन में चुनौतियों को देखते हुए बीजेपी ने संगठनात्मक और मैदानी तैयारियों को तेज कर दिया है। संगठन को बूथ स्तर तक अभेद्य बनाने और जनता के साथ सीधा संवाद करने के लिए यूपी भाजपा ने एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की है।पार्टी नेतृत्व के निर्देशों के मुताबिक विधानसभा स्तर पर प्रवासी प्रभारियों की नियुक्ति का काम तुरंत पूरा किया जाएगा।इस बार महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को विधानसभा स्तर पर प्रवासी के रूप में मैदान में उतारा जाएगा।पार्टी की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि जिला प्रभारी जल्द से जल्द विधानसभा स्तर पर और विधानसभा प्रभारी शक्ति केंद्रों पर अपना प्रवास सुनिश्चित करें। विधानसभा प्रभारी और विस्तारक मंडल स्तर पर सक्रिय सदस्यों की बैठकें तुरंत शुरू करेंगे, ताकि संगठन की गतिशीलता बनी रहे। बीजेपी का सबसे बड़ा जोर जनसंपर्क पर है।पार्टी के श्घर-घर संपर्क अभियानश के तहत हर 50 परिवारों पर एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।डोर-टू-डोर जनसंपर्क को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला स्तर पर समन्वय टोली का गठन किया जाएगा। चुनावी रणनीति को धार देने के लिए क्षेत्रीय और जिलाध्यक्षों को मोर्चों की गतिविधियों को प्रभावी बनाने और अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक रात्रि-प्रवास करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। दीपावली का त्योहार बीतते ही पार्टी पूरे प्रदेश में मतदाता पुनरीक्षण के काम में पूरी ताकत से जुटेगी। खास तौर से युवाओं को जोडने के लिए फॉर्म-6 भरवाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा. पार्टी ने पुराने और वरिष्ठ नेताओं को साधने की भी पूरी तैयारी की है।पूर्व ब्लॉक प्रमुखों, बीडीसी सदस्यों, जिला पंचायत अध्यक्षों, जिला पंचायत सदस्यों और पूर्व पार्षदों सहित पूर्व जनप्रतिनिधियों को संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा जिलाध्यक्षों को जल्द लिस्ट तैयार करने को कहा गया है। जल्द ही सक्रिय सदस्यों की बैठके शुरू करके चुनावी जिम्मेदारियों से जोडने का काम करना है। युवा, महिला, बुद्धजीवी, श्रमिक, व्यापारी वर्ग, रेहड़ी पटरी विक्रेता, चाय, पान, किराना, सब्जी जैसे विक्रेताओं समेत सूक्ष्म कारोबारियों से सम्पर्क एवं संवाद स्थापित करने के लिए समाज के हर वर्ग को सूचीबद्ध करने का काम तेजी से चल रहा है। भाजपा जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ को और मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।बीजेपी मिशन फतह 2027 खातिर पुख्ता तैयारी चाहती है, कोई कोर कसर बाकी नही रखने के मूड में है।वर्तमान सियासी हालात को देखते कोई रिस्क लेने वाली नही है।

दीपावली से पहले 3 फीसदी बढ़े महंगाई भत्ते एवं बोनस की मांग

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रदेश के राज्य कर्मचारियों, निकाय कर्मचारियों, निगम कर्मचारियों तथा राज्य निधि से वेतन प्राप्त करने वाले सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व बढ़े हुए महंगाई भत्ते तथा बोनस का भुगतान किए जाने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को 1 जुलाई 2026 से 3 प्रतिशत की दर से बढ़े हुए महंगाई भत्ते के भुगतान का आदेश जारी कर दिया है। केंद्रीय कर्मचारियों को अक्टूबर माह के वेतन से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही उनका कुल महंगाई भत्ता 60 प्रतिशत से बढकर 63 प्रतिशत हो गया है। प्रदेश के लगभग 12 लाख राज्य कर्मचारियों, 16 लाख पेंशनर्स, निकाय एवं निगम कर्मचारियों तथा राज्य निधि से वेतन प्राप्त करने वाले सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी 1 जुलाई 2026 से बढ़े हुए महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत का लाभ तत्काल दिए जाने की मांग की है। 8 नवंबर को दीपावली का पर्व है। ऐसे में दीपावली से पूर्व बढ़े हुए महंगाई भत्ते के भुगतान का आदेश जारी होने से लाखों कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को आर्थिक राहत मिलेगी।परिषद अध्यक्ष ने दीपावली से पूर्व कर्मचारियों को बोनस दिए जाने की भी मांग की है।

बीआरडीएस डिजाइन प्रदर्शनी में दिखी युवा प्रतिभाओं की रचनात्मकता, विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने लिया हिस्सा

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। भंवर राठौड़ डिजाइन स्टूडियो (बीआरडीएस) की ओर से द रेगेनेंट, लखनऊ में बीआरडीएस डिजाइन प्रदर्शनी 2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में युवा डिजाइन विद्यार्थियों के साथ शहर और आसपास के प्रतिष्ठित विद्यालयों के बच्चों ने भी प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा, कल्पनाशीलता और नवाचार का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज लखनऊ, माउंट लिटेरा, जयपुरिया गोयल कैंपस, सेंट्रल एकेडमी जानकीपुरम, एसएस इंटरनेशनल, बाराबंकी जयपुरिया, पायनियर स्कूल, सेंट्रल एकेडमी बाराबंकी, बीबीडी स्कूल, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, विश्वनाथ अकादमी धवापुर शाखा और जयपुरिया बाराबंकी के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक प्रोजेक्ट, कलाकृतियां, चित्र, परिधान और त्रि-आयामी मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को डिजाइन शिक्षा से जोडना तथा फैशन, इंटीरियर, वास्तुकला, उत्पाद डिजाइन, ऑटोमोबाइल, ग्राफिक डिजाइन, एनीमेशन, फोटोग्राफी और ललित कला जैसे क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं से परिचित कराना रहा। इस अवसर पर बीआरडीएस के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. भंवर राठौड़ ने विद्यार्थियों को डिजाइन के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने एनआईडी, एनआईएफटी, नाटा और यूसीईईडी जैसी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रदर्शनी में देशभर के 25 से अधिक प्रतिष्ठित डिजाइन महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रवेश प्रक्रिया और डिजाइन के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। बीआरडीएस की वार्षिक डिजाइन प्रदर्शनी देश के 15 प्रमुख शहरों में आयोजित की जा रही है। वर्ष 2005 में स्थापित बीआरडीएस के देशभर में 90 से अधिक केंद्र संचालित हैं। संस्थान डिजाइन, वास्तुकला और ललित कला के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

देश में अराजकता फैलाना चाहता है विपक्ष-केशव

2027 में यूपी में विजय यात्रा, 2029 में चौथी बार मोदी सरकार

आजम खां को अपराध और भ्रष्टाचार की सजा मिल रही है, धर्म या विश्वविद्यालय बनाने की नहीं-डिप्टी सीएम

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला।मीडिया से मुखातिब डिप्टी सीएम ने कहा कि आजम खां को मुसलमान होने या विश्वविद्यालय बनाने की सजा नहीं मिल रही है, बल्कि उनके द्वारा किए गए कथित अपराधों और भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई हो रही है। यदि अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहते और उनकी सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे आजम खां के कार्यकाल में गड़बडिय़ां हुई तो जांच में अखिलेश यादव को भी शामिल किया जाना चाहिए।उप मुख्यमंत्री ने दिल्ली में इंडी गठबंधन के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने राहुल गांधी को राजनीतिक रूप से स्थापित करने के लिए अनेक बार प्रयास किए, लेकिन हर बार विफल रहे। कल और आज आयोजित कार्यक्रम लोकतंत्र एवं संविधान की भावना का मजाक बनाने जैसे हैं। देश की जनता ने 2014, 2019 और 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाने के लिए जनादेश दिया है, लेकिन सत्ता से दूर रहने की पीड़ा विपक्षी दलों को बर्दाश्त नहीं हो रही है। श्री मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र बचाने और अराजकता हटाने के संकल्प के साथ देशभर में अभियान चला रही है। इंडी गठबंधन पर लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक व्यवस्थाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक जड़ें अत्यंत गहरी हैं। भारत की तुलना बांग्लादेश, नेपाल या श्रीलंका से करने अथवा यहां सत्ता परिवर्तन के असंवैधानिक सपने देखने वालों को जनता पहले ही नकार चुकी है। लोकतंत्र जनता के जनादेश से चलता है, न कि विपक्ष के दबाव और राजनीतिक प्रदर्शनों से।श्री मौर्य ने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश सहित चुनाव वाले राज्यों में भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम सहित विभिन्न राज्यों में भाजपा को मिले जनसमर्थन से स्पष्ट है कि जनता विकास और सुशासन के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा अपनी विजय यात्रा को आगे बढ़ाएगी और वर्ष 2029 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लगातार चौथी बार भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी।

ऊर्जा मंत्री ने मऊ को दी 531.5 लाख रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात

मऊ के घाटों का विकास केवल निर्माण नहीं बल्कि धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का प्रयास है- शर्मा

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ में 531.5 लाख रुपए की लागत से तीन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर मऊवासियों को सौगात दी। इनमें मड़ैया घाट एवं विसर्जन घाट का नवनिर्माण तथा रामलीला मैदान में इंटरलॉकिंग एवं सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में मऊ में कराए गए विकास कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा भी जनता के समक्ष प्रस्तुत किया तथा विकास पुस्तिका का विमोचन किया। श्री शर्मा ने मऊवासियों को तीनों विकास परियोजनाओं के लोकार्पण की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन मऊ और उनके लिए अत्यंत खुशी एवं सौभाग्य का दिन है। भगवान महादेव की कृपा और मऊ की जनता के स्नेह एवं आशीर्वाद से पिछले पांच वर्षों में क्षेत्र में अनेक विकास कार्य कराए गए हैं। श्री शर्मा ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों का विवरण एक पुस्तिका के माध्यम से जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। श्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने लगभग 50 देशों की यात्रा की है और वहां के पर्यटन स्थलों को भी देखा है। उन्हें गर्व है कि मऊ महादेव घाट आज एक विशिष्ट और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हुआ है। लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से इस घाट का निर्माण जनसहयोग एवं सीएसआर के माध्यम से कराया गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज मेरठ में

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में चुनावी तैयारियों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 2 नवंबर को मेरठ आयेंगे। वह चार मंडलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और अलीगढ़ मंडलों के अधिकारी शामिल होंगे। इसमें संबंधित जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तानों के अलावा मंडलायुक्त, एडीजी और डीआईजी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मेरठ में चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसमें मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और अलीगढ़ मंडलों के अंतर्गत आने वाले जिलों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया है। बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान शामिल होंगे।

नारायण सेवा संस्थान का निःशुल्क शिविर'

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। लाभार्थियों से संवाद और उनके अनुभव जानने के बाद मुझे कुछ कहने की जरूरत नहीं है, क्योंकि नारायण सेवा संस्थान का काम स्वयं बोल रहा है। यह बात भारत के 14वें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने लखनऊ में नारायण सेवा संस्थान के निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर में कही।उन्होंने कहा कि किसी बच्चे की मुस्कान छिनने से पूरे परिवार की मुस्कान खो जाती है। नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगजनों और उनके परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लौटाकर उन्हें नया जीवन देने का सराहनीय कार्य कर रहा है। संस्थान के सेवा कार्यों की प्रशंसा के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। उन्होंने कृत्रिम अंगों से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ रहे दिव्यांगजनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।गोमती नगर स्थित दयाल गेटवे होटल में आयोजित शिविर का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पहले उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर उनकी आपबीती सुनी और चिकित्सकों से कृत्रिम अंग फिटमेंट की प्रक्रिया जानी। मेवाड़ी परंपरा के अनुसार अतिथियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।दिव्यांगों की सेवा के लिए भवन देने की घोषणा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि संस्थान के सेवा कार्यों को करीब से जानने का अवसर मिला है। संस्थान दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोडकर विकसित भारत के संकल्प को मजबूती दे रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए संस्थान को भूखंड या भवन उपलब्ध कराने की घोषणा की, ताकि प्रदेश के जरूरतमंदों को इन सेवाओं का लाभ मिल सके।संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ जीवन जीने में सक्षम बनाना है।

छात्र राजनीति से भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति तक पहुंचे प्रदीप सिंह बब्बू, संगठन में बढ़ा कद

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति से सार्वजनिक जीवन की शुरुआत कर अपनी संगठनात्मक क्षमता, सामाजिक सक्रियता और लंबे राजनीतिक अनुभव के दम पर पहचान बनाने वाले वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह बब्बू को भाजपा उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य नामित किया गया है। उनके मनोनयन से समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। प्रदीप सिंह बब्बू का राजनीतिक सफर छात्र जीवन से ही संघर्ष, सक्रियता और संगठनात्मक जिम्मेदारियों से जुड़ा रहा है। युवाओं और नौजवानों के बीच उनकी मजबूत पकड़ तथा विभिन्न सामाजिक वर्गों से बेहतर संवाद उनकी राजनीतिक पहचान की प्रमुख विशेषताएं हैं। फरवरी 2024 में 18 क्षत्रिय संगठनों को एकजुट कर उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के गठन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस पहल ने उनकी नेतृत्व क्षमता, सामाजिक समन्वय और समाज को एक मंच पर लाने के प्रयासों को नई पहचान दी। क्षत्रिय समाज में भी उनका प्रभावशाली संपर्क और नेतृत्वकारी भूमिका रही है। भाजपा में शामिल होने से पहले वह समाजवादी पार्टी में प्रदेश सचिव सहित कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक पदों पर कार्य कर चुके हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2012 से उनकी निरंतर राजनीतिक एवं सामाजिक सक्रियता रही है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई थी।

सतविंदर सिंह न हॉफ मैराथन में लखनऊ को किया गौरवान्वित

लखनऊ। स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने, खेल और रनिंग संस्कृति को बढ़ावा देने एवं एकता और सामुदायिक भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से 1 नवंबर को झाँसी में एसबीआई हॉफ मैराथन का आयोजन हुआ जिसमें लखनऊ निवासी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष युवा स. सतविंदर सिंह ने प्रतिभाग कर इस 21.9 किलोमीटर की हॉफ मैराथन को 2 घंटे 5 मिनट में पूर्ण कर लखनऊ को गौरवान्वित किया एवं आज के युवाओं को भी खेल फिटनेस और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह हॉफ मैराथन झाँसी के ऐतिहासिक झोकन बाग से प्रातः 5रू 30 बजे प्रारम्भ हुई।

दीपावली पर समूहों के बनाए दियों से जगमगाएंगे गांव और शहर

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। महिला स्वावलंबन, सशक्तिकरण की दिशा में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा बहुत ही कारगर कदम उठाये गये हैं। लखपति दीदी केलक्ष्यों की ओर निरन्तर अग्रसर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन उत्तर प्रदेश में त्यौहारों के दृष्टिगत नये कलेवर में काम कर रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित हो रहे स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर बनाए गये उत्पादों को लेकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में एक अलग तरह की रौनक दिख रही है। मिशन निदेशक अरूण कुमार ने बताया कि हजारों समूह सदस्यों द्वारा बाजार की मांग के अनुसार डिजाइनर दिए एवं मोमबत्तियों के साथ त्योहार से संबंधित विभिन्न तरह के उत्पाद तैयार किये गये हैं स शहरों के तर्ज पर समूह के बने उत्पादों के अलग-अलग तरह के गिफ्ट हैंपर तैयार कराए गये हैं स बताया ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उनके उत्पादों को बिक्री हेतु पंजीकृत कराया गया है। मिशन निदेशक ने बताया कि भारी संख्या में समूहों द्वारा गाय के गोबर से एवं पंचगव्य से गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, मधुमक्खी के छत्ते से निकले मोम से बनी फैंसी मोमबत्तियां एवं दिए तैयार किये गये हैं, जो कि पूरी तरह से इको फ्रेंडली है और देखने में उतने ही खूबसूरत भी है।

वित्त मंत्री ने किया 4.67 करोड़ की चार सड़कों का शिलान्यास

राज्य सेक्टर से होंगे कार्य, शहर की सड़क व्यवस्था होगी सुदृढ़: सुरेश खन्ना

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

नगर निगम शाहजहांपुर द्वारा शहर की सड़क व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राज्य सेक्टर के अंतर्गत 467.26 लाख रुपये की लागत से चार सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का शिलान्यास शनिवार को किया गया।

शिलान्यास कार्यक्रम प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर अर्चना वर्मा, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित पार्षदगण, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। नगर निगम के



अनुसार जिन चार कार्यों का शिलान्यास किया गया है, उनमें छाया कुआं से हनुमत धाम तक हॉट मिक्स द्वारा सड़क सुदृढ़ीकरण, ख्वाजा फिरोज से हनुमत धाम के नए पुल के पास एवं पुराने पुल से आगे तक हॉट मिक्स सड़क व नाली निर्माण, रोजा की चर्च कॉलोनी में स्वयंवरम स्थल से दमह नाला पुलिया तक सीसी सड़क निर्माण तथा आदर्श नगर रोजा में मुख्य मार्ग से कंपोजिट स्कूल होते हुए मनकनेश्वर मंदिर से रेलवे माल गोदाम तक नाला/नाली एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। इनमें दो हॉट मिक्स और दो सीसी सड़क के कार्य हैं। निगम अधिकारियों के अनुसार इन कार्यों के पूर्ण होने से न केवल सड़कों की स्थिति में सुधार होगा बल्कि जल निकासी व्यवस्था भी बेहतर होगी, जिससे नागरिकों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

शाहजहांपुर के विकास को पूरी ताकत लगाई : खन्ना

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

हथौड़ा गांव में दिवंगत वकील सत्येन्द्र कुमार सक्सेना की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विकास को लेकर बड़ा ऐलान किया। मंत्री ने कहा विकास प्राधिकरण से 53 करोड़ रुपये के नाले, जिसमें 6.83 करोड़, 6.82 करोड़ और 17 करोड़ के नाले स्वीकृत हो चुके हैं। नगर निगम से 150 करोड़ से अधिक के काम स्वीकृत हो चुके हैं। यह मैं इसलिए बता रहा हूं क्योंकि वोट के माध्यम से जो ताकत आपने दी है, उसकी पूरी ताकत शाहजहांपुर के लिए इस्तेमाल की है। मेरा कोई निजी एजेंडा नहीं है। सुबह से शाम तक एक ही लक्ष्य है शाहजहांपुर को उत्कृष्ट जनपद बनाना। इस दौरान



राष्ट्रीय युवा विकास शोध संस्थान के सचिव बृजेश कुमार सक्सेना ने मंत्री का उत्कृष्ट विधायक सम्मान पर अंगवस्त्र, पटका और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सचिव बृजेश कुमार सक्सेना ने किया, वकील विपिन सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर छोटे लाल ऑपरेटर, विश्राम , साजिद भाई, राजेन्द्र राठौर, राजीव सक्सेना, अशोक सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

दो सड़कों का वित्त मंत्री ने किया शिलान्यास, जल्द पूरा होगा निर्माण कार्य

195 लाख और 64.84 लाख रुपये की लागत से बनेंगी सड़कें, ठेकेदार को गुणवत्ता से समझौता न करने की दी चेतावनी

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

भावलखेड़ा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रविवार को दो सड़क निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन सड़कों के निर्माण पर करीब 259.84 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

पहली परियोजना के तहत रोजा अड्डे से मालगोदाम मार्ग तक करीब 750 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इस पर लगभग 195 लाख रुपये खर्च होंगे। वहीं



दूसरी सड़क चर्च कालोनी श्मशान घाट से कुनाल के खेत होते हुए नए हाईवे की ओर जाएगी। करीब 400 मीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर 64.84 लाख रुपये की लागत आएगी।

जलभराव की समस्या से मिलेगी राहत: इस मौके पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि इन मार्गों के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। विकास परियोजनाओं के पूरा होने से शहर में यातायात व्यवस्था सुगम होगी और जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी। इससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि सभी निर्माण कार्यों को अगले दो महीने के भीतर पूरा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वित्त मंत्री ने ठेकेदार सुमित महेरोत्रा को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्धारित समय सीमा के अंदर मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य पूरा कराया जाए।

ये रहे मौजूद: इस दौरान पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, पार्षद अरविंद राजपाल, पूर्व चेयरमैन पार्षद नीतू जाटव, नामित पार्षद रामनिवास वाल्मीकि, पूर्व चेयरमैन अजय कुमार गुप्ता, सुरेंद्र कश्यप, गिरजाशंकर, अजय कुमार वर्मा गोलू, मेयर अर्चना वर्मा, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी और मुख्य अभियंता आशीष त्रिवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मां ज्वालाजी से आई अखण्ड ज्योति कालिका देवी मन्दिर में दर्शनार्थ रखी गई



सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर। कस्बे से माँ ज्वाला जी से आई अखण्ड ज्योति का ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े के साथ फेरी निकालकर तिराहा स्थित कालिका देवी मन्दिर में भक्तों के दर्शनार्थ रखी गई। इस मौके पर ज्योति के साथ चलने वाले भक्तों के समूह की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मौजूद रही। विगत वर्षों की भांति चार दिन पहले कस्बे से रवाना हुए जत्थे में शामिल पशुपतिनाथ त्रिवेदी, अवधेश राठौर, राकेश वर्मा, विमलेश कश्यप, मोहित सक्सेना, भूरे वर्मा, मनोज कुमार, मुनेश कुमार, राम बाबू, संजू, रामू माँ ज्वाला देवी से अखण्ड ज्योति को लेने के लिए रवाना होने के बाद रविवार की सुबह वापस लौटने की खबर पर कस्बे के भक्तों ने हरदोई वाईपास पर ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। ज्योति लेने गए जत्थे में शामिल विमलेश कश्यप ने बताया कि देवी माँ की अखण्ड ज्योति के उपलक्ष्य में 5 नवम्बर को जागरण होने के बाद 7नवम्बर को देवाहुति में विसर्जन किया जायेगा।


'साहब! बेटे को ताने मारकर इतना परेशान किया कि उसने फांसी लगा ली'

बूढ़ी मां ने वित्त मंत्री से लगाई इंसाफ की गुहार, करवाचौथ की रात उजड़ गया मां का सहारा

- बेटे की मौत के मामले में पांच लोगों पर दर्ज है मुकदमा
- गिरफ्तारी न होने से परिवार परेशान

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

जिस बेटे को बुढ़ापे का सहारा समझकर मां ने जिंदगी भर सीने से लगाकर पाला, उसी बेटे की मौत ने उसकी दुनिया उजाड़ दी। करवाचौथ की रात घर के ऊपरी कमरे में बेटे का शव फंदे से लटका मिला तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। अब न्याय की आस में भटक रही बूढ़ी मां रविवार को उस समय फूट-फूटकर रो पड़ी, जब वित्त मंत्री सुरेश कुमार



खन्ना आदर्श नगर कालोनी में शिलान्यास कार्यक्रम के बाद वहां पहुंचे। मां ने हाथ जोड़कर कहा, साहब! हमारे बेटे ने कुछ लोगों के तानों से परेशान होकर फांसी लगा ली। रिपोर्ट दर्ज है, लेकिन पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। हमें इंसाफ दिला दीजिए।

थाना रोजा क्षेत्र की आदर्श नगर कालोनी निवासी बबलू गुप्ता ने करवाचौथ की रात घर के ऊपरी कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी थी। मृतक के भाई कपिल गुप्ता के मुताबिक, बबलू की पत्नी कल्पना अपने एक वर्षीय बेटे को लेकर अपने ममेरे देवर साजन के साथ चली गई थी। इस संबंध में पुलिस से शिकायत भी की गई थी, लेकिन परिवार का आरोप है कि समय रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद साजन के परिवार के लोग बबलू पर कटाक्ष करते थे। लगातार मिल रहे तानों और मानसिक परेशानी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठा लिया।

पांच लोगों के खिलाफ दर्ज है मुकदमा, गिरफ्तारी का इंतजार: मृतक के भाई कपिल गुप्ता ने बबलू की पत्नी कल्पना, साजन समेत पांच लोगों के खिलाफ रोजा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बेटे को खोने के गम में डूबी मां सुखवती को अब न्याय की उम्मीद भी टूटती नजर आ रही है।

मां के कंधे पर हाथ रख वित्त मंत्री ने दिया भरोसा: वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के सामने जब मां सुखवती ने रोते हुए अपनी पीड़ा सुनाई तो माहौल भावुक हो गया। उन्होंने मां के कंधे पर हाथ रखकर आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। साथ ही मौके पर मौजूद रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र को मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मां की आंखों में आंसू थे और जुबां पर बस एक ही मांग थी कि उसके बेटे को न्याय मिले और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो।

चरस तस्करी में गिरफ्तार किये गए बीडीसी सदस्य को भेजा गया जेल

- बीते दिन गर्रा नदी पुल के समीप से किया गया था गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।

शनिवार देर शाम गर्रा नदी पुल के समीप से मुखबिर की सूचना पर चरस समेत गिरफ्तार किए गए बीडीसी सदस्य राजू वर्मा को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गौर तलब है कि शनिवार शाम कोतवाली पुलिस ने बिरसिंगपुर क्षेत्र में ढकिया रघा मार्ग पर गर्रा नदी पुल के रास्ते में दोनों ओर से आवाजाही प्रतिबंधित कर खास घेराबंदी करके गांव बरहा मोहब्बत निवासी बीडीसी



सदस्य राजू वर्मा पुत्र रामेश्वर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 672 ग्राम चरस बरामद होने का दावा किया था। देर रात तक लिखापढ़ी का सिलसिला जारी रहा। रविवार को एसआई रमेश कुमार वर्मा ने आरोपी तस्कर को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल प्रभाष चंद्र, एसआई रमेश कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल संजीव कुमार, कांस्टेवल अनिल कुमार, हेमंत कुमार शामिल रहे।

कुशवाहा ऑटो में हीरो उत्सव का शुभारंभ



- मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र कुमार ने किया हीरो उत्सव का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।

धनतेरस से पहले ही कुशवाहा ऑटो मिर्जापुर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। शनिवार को क्षेत्र के प्रतिष्ठित हीरो शोरूम कुशवाहा ऑटो में विशेष हीरो उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र कुमार पांडेय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर शोरूम के स्वामी वीरेंद्रपाल सिंह सहित शोरूम के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

31 अक्टूबर से 4 नवंबर 2026 तक आयोजित हो रहे इस विशेष हीरो उत्सव में ग्राहकों को आकर्षक ऑफर्स के साथ मोटरसाइकिल जीतने का भी सुनहरा अवसर मिल रहा है। हीरो की नई मोटरसाइकिल और स्कूटर खरीदने वाले ग्राहकों के बीच भारी उत्साह का माहौल है। धनतेरस से पहले ही शोरूम पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ शोरूम पर पहुंचकर अपने पसंदीदा मॉडल देख रहे हैं। बुकिंग के साथ-साथ वाहनों की बिक्री और डिलीवरी में भी जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र कुमार पांडेय ने हीरो उत्सव के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुशवाहा ऑटो की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। शोरूम स्वामी वीरेन्द्रपाल सिंह कुशवाहा व आशीष कुशवाहा ने मुख्य अतिथि पत्रकार शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय को फूल माला पहनाकर और स्टाफ ने फूल वर्षा कर स्वागत किया।

मस्जिद के पीछे तालाब में मिला 32 वर्षीय युवक का शव

- पुलिस ने शव को तालाब से निकलवा कर पोस्टमार्टम को भेजा गया
- परिजनों ने की पहचान

समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।

क्षेत्र के परशुरामपुरी कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकंदरपुर अफगान में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव की मस्जिद के पीछे स्थित तालाब में एक युवक का शव उतराता दिखाई दिया। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना परशुरामपुरी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हल्का इंचार्ज पवन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने



स्थानीय लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। बाद में मृतक की पहचान पप्पू पुत्र रामपाल (32 वर्ष), निवासी ग्राम बनबसा बूंडामई, थाना अल्लाहगंज, जिला शाहजहांपुर के रूप में हुई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई और वह तालाब तक कैसे पहुंचा, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा।

514 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को 514 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार रात करीब 1.18 बजे पुलिस टीम शांति व्यवस्था एवं चेकिंग पर थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर सीतापुर-बरेली बाईपास से सरायकाइयां को जाने वाले रास्ते पर झाड़ियों के पास से अभियुक्त अकील पुत्र नन्हे उर्फ नब्बू हसन निवासी नई बस्ती को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 514 ग्राम गांजा और एक



मोबाइल फोन बरामद हुआ। इस संबंध में थाना रामचंद्र मिशन पर मु.अ.सं. 202/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हरीश कुमार, उप निरीक्षक जगत सिंह, उप निरीक्षक कमलेश कुमार, कांस्टेबल सहदेव कुमार और दिनेश कुमार शामिल रहे।

पूर्व छात्रों के सम्मेलन में ताजा हुईं पुरानी यादें, छात्रों को दी गई विदाई

सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक व कविताओं ने बांधा समां, स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित, गले मिलकर भावुक हुए पूर्व विद्यार्थी

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

रोजा स्थित प्रथम रेलवे इंटर कॉलेज में शनिवार की देर शाम पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कॉलेज से शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाले पूर्व विद्यार्थी शामिल हुए। खास बात यह रही कि सम्मेलन में युवा छात्रों के साथ ही आधी सदी की उम्र पार कर चुके और अपने-अपने कार्यक्षेत्रों से सेवानिवृत्त हो चुके पूर्व छात्र भी पहुंचे। वर्षों बाद पुराने सहपाठियों को सामने देखकर किसी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा तो कोई पुरानी यादों में खो गया। एक-



दूसरे से गले मिलकर सभी ने घंटों बातचीत की और विद्यालय के पुराने दिनों को याद करते हुए परिसर का भ्रमण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान गुरुजनों ने पूर्व छात्रों का एक-दूसरे से परिचय कराया। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नाटक की प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कवियों और शायरों की रचनाओं ने भी कार्यक्रम में साहित्यिक रंग भर दिया।

कॉलेज के पूर्व छात्र जाने आलम ने अपनी कविता के माध्यम से विद्यालय से जुड़ी भावनाओं को कुछ यूं बयां किया–

वो स्कूल न जाना, फिर भागना अब लगता फिजूल है,
मैं जिन्हें दर्द समझता था, वो मुझे अब सब कबूल है।
मैंने एक उम्र गुजारी है यहां के पेड़ों की हंसी छांव में,
मैं जमीं चूमता था जिसकी कभी, हां वो यही स्कूल है।

वहीं शायर रितेश सिंह और राहिल ने अपनी शायरी से खूब वाहवाही बटोरी–

झूठ बोला खूब बोला और फिर,
खुद से ही नजरें मिलाकर फंस गए। कोई मयखाना नहीं इस शहर में,
हम यहां पर घर बनाकर फंस गए।

कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज प्रबंधक मुकेश कुमार सक्सेना और प्रधानाचार्य कैप्टन डॉ. जेपी सिंह ने सभी पूर्व छात्रों को कॉलेज की स्मृति पत्रिका और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य कैप्टन डॉ. जेपी सिंह ने कहा कि विद्यालय में पहली बार इस तरह का आयोजन हुआ है। उन्होंने सम्मेलन में पहुंचे सभी पूर्व विद्यार्थियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएं, ताकि कॉलेज से शिक्षा प्राप्त कर निकलने वाले विद्यार्थी जीवन के किसी भी पड़ाव पर अपने विद्यालय से जुड़े रहें।

यातायात माह का शुभारंभ

डीएम ने बांटे हेलमेट व लगाए जागरूकता स्टीकर

- सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस लाइन में कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन में यातायात माह नवंबर-2026 का शुभारंभ जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली जनहानि को कम करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी के तहत हर साल नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने लोगों से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा आपके परिवार की खुशियों की सुरक्षा है। कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी ने पुवायां रोड पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया चालकों को हेलमेट वितरित किए गए और वाहनों पर यातायात जागरूकता संबंधी स्टीकर लगाए गए। प्रभारी यातायात ने जनपद में हुई सड़क दुर्घटनाओं और रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने सड़क सुरक्षा के पांच स्तंभों - शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग, आपातकालीन चिकित्सा सेवा और जनभागीदारी पर विशेष जोर देने की बात कही। कार्यक्रम में एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, सीओ सिटी देवव्रत बाजपेयी, सीओ सदर शुभम वर्मा, सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा, एआरटीओ हरिओम, प्रधानाचार्य अनिल कुमार सहित यातायात पुलिस और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

शिविर का उद्देश्य लाभार्थियों को सहायता उपलब्ध कराना : जिला जज

अटल आडिटोरियम में विधिक सेवा साक्षारता शिविर में उमड़ी लाभार्थियों की भीड़



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मेगा,वृहद विधिक साक्षरता एवं जागरूता सेवा शिविर कार्यक्रम अटल बिहारी बाजपेई ऑडिटोरियम में किया गया। उद्घाटन जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। जिला जज ने शिविर में लाभाथियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिविर का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं, जनकल्याणकारी एवं विधिक सहायता की जानकारी तथा उन्हें सहायता उपलब्ध कराना है। विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रयास है कि आर्थिक एवं सामाजिक कठिनाइयों के कारण कोई भी पात्र व्यक्ति न्याय एवं विधिक सहायता से वंचित न रहे।

शिविर में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नरेन्द्र कुमार तृतीय ने सभागार में लाभार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। एडीएम अरविन्द कुमार ने लाभार्थियों को कई महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत कराया।एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने लाभार्थियों को कानून के विषय पर जानकारी प्रदान कर मिशन शक्ति अभियान एवं ट्रैफिक के मूल नियमों पर जानकारी दी। आईटीआई प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने युवाओं को कौशल विकास और आईटीआई से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह युवा हुनर सीखकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं और रोजगार के नए अवसरों से जुड़ सकते हैं। चिकित्सा विभाग से डा. करन सिंह ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाले मुफ्त इलाज और दिव्यांग लाभार्थियों के लिए संचालित सरकारी सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। पात्र लोगों से आयुष्मान कार्ड बनवाने और दिव्यांगजन कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाने की अपील की। लेबर ऑफिसर राजेश सिंह ने श्रमिकों और कामगारों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। यूपी नेडा से प्रताप नारायण ने सोलर पैनल व सब्सिडी के बारे में जानकारी दी। सेन्ट्रल संघ अध्यक्ष सरनाम सिंह यादव ने मेगार शिविर कार्यक्रम के आयोजन की प्रशंसा की। बैंक ऑफ बड़ौदा के लाभार्थियों को चेक वितरण किया गया तथा जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, डाक विभाग, महिला सशक्तिकरण विभाग तथा अन्य विभागों की तरफ से जिला जज द्वारा योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ वितरित किए गये। जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा स्टालों का निरीक्षण किया। मेगा शिविर में लगभग 38 विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विधिक साक्षरता एवं जागरूता सेवा शिविर कार्यक्रम के उपरान्त नोडल अधिकारी शिव कुमार तृतीय ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपेक्षा सिंह ने किया। शिविर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सुरेश कुमार शर्मा, न्यायिक अधिकारी, लाभार्थी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

शादी का झांसा देकर महिला से शारीरिक शोषण, वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



शाहजहांपुर। शादी का झांसा देकर महिला का शारीरिक शोषण करने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। 30 अक्टूबर को वादिनी की तहरीर पर थाना कोतवाली में अभियुक्त विपनेश बाजपेई उर्फ नन्हे पुत्र लालू बाजपेई निवासी ग्राम सेहरामऊ, थाना पंचदेउरा हरदोई, हाल पता जामा मस्जिद के पास मस्जिदगंज के विरुद्ध मु.अ.सं. 388/2026 धारा 69/115(2)/351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि अभियुक्त ने शादी का झांसा देकर अलग-अलग स्थानों पर शारीरिक संबंध बनाए और शादी की बात कहने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने मोहल्ला जियाखेल स्थित रेलवे लाइन पुलिया के पास से अभियुक्त को दोपहर 1.35 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय, उप निरीक्षक शिव कुमार मिश्र और कांस्टेबल गौरव शामिल रहे।

थाल सजाओ कंपटीशन का आयोजन कई महिलाओं ने जीते पुरस्कार

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



लायन क्लब शाहजहांपुर शक्ति द्वारा शहर के एक होटल में करवाचौथ का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। क्लब अध्यक्ष लायन ललिता ने बताया कि करवाचौथ का पर्व पति-पत्नी के अटूट रिश्ते विश्वास त्याग और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रहकर अपने पति की लंबी आयु अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं तथा रात को चांद देखकर तथा चंद्रमा को अर्घ देकर अपना व्रत खोलती हैं।

कार्यक्रम में क्लब की महिलाएं लहंगा साड़ी पहनकर, सोलह श्रृंगार करके सम्मिलित हुई और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी ने गीत गाए, डांस किया। लायन मनदीप कौर के द्वारा बहुत सारे गेम खिलाएं गए, साथ ही गिफ्ट भी दिए गए। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन ललिता,चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर, सचिव लायन प्रियंका बियानी, कोषाध्यक्ष लायन शिवांगी गुप्ता, लायन हिमानी बंसल, लायन मनदीप कौर, लायन गुरमीत कौर तथा क्लब के सदस्य मौजूद रहे। अंत में थाल सजाने में लायन कमल नारंग तथा सोलह सिंगार में श्रुति और रिंकी को पुरस्कृत किया गया।

पीईटी एग्जाम : तीसरी आंख की निगरानी में तीसरे दिन संपन्न हुई परीक्षा

- 5329 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा, एडीएम प्रशासन ने लिया जायजा
- गैरजनपदों से आए परीक्षार्थियों का रेलवे स्टेशन-बस स्टैंड पर हुजूम

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।





जनपद में रविवार को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) परीक्षा का आयोजन 19 परीक्षा केंद्रों पर दो पाली में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। दोनों पाली में 17,376 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 12,047 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 5329 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 8688 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 5951 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2737 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 8688 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 6096 ने परीक्षा दी और 2592 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा संचालन की स्थिति परखी। उन्होंने कक्ष निरीक्षकों और केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। सभी 19 केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

व्यवस्थाओं के अभाव में भटकते नजर आए अभ्यर्थी: परीक्षा देने के लिए गैर जनपदों से आए अभ्यर्थी ठहरने की उचित व्यवस्था न होने के कारण इधर-उधर भटकते नजर आए। कोई मंदिर के पास तो कोई सड़क किनारे और स्टेशन के आसपास पाली डालकर आराम करता दिखाई दिया। अभ्यर्थियों ने बताया कि ट्रेन में काफी भीड़ होने के कारण सफर में परेशानी हुई। कई अभ्यर्थी पूरी रात से इंतजार कर रहे थे और थकान के चलते स्टेशन के पास ही लेटे नजर आए।

आईटीएमएस खराब होने से जाम में फंसे अभ्यर्थी: आईटीएमएस सिस्टम खराब होने के कारण शहर में यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को भी जाम का सामना करना पड़ा। अभ्यर्थियों ने बताया कि जाम के चलते परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई। किसी तरह समय से केंद्र तक पहुंच सके।

> जनपद में तीन दिनों तक आयोजित पीईटी परीक्षा अंतिम दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात रहा। सभी केंद्रों की कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी की गई। परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।
>
> -रजनीश कुमार मिश्रा
> एडीएम प्रशासन

बजरंग दल के हुतात्मा दिवस पर लागया रक्तदान शिविर, 51 यूनिट रक्तदान

राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति की उपस्थिति में युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

समृद्ध न्यूज, शाहजहांपुर।



बजरंग दल शाहजहांपुर महानगर द्वारा हुतात्मा दिवस के अवसर पर रविवार को जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर 51 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति, मेडिकल कॉलेज के एमएस डॉ. एमपी गंगवार, ब्लड बैंक के सह प्रभारी सवाहत हुसैन और प्रांत संयोजक दिग्विजय नाथ तिवारी ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति ने कहा कि भगवान राम पूरे देश का गौरव हैं। उन्होंने बजरंग दल की स्थापना के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि 1984 में राम-जानकी यात्रा के दौरान युवाओं के जोश से ही संगठन की स्थापना हुई। हुतात्मा दिवस हमें उन महान हुतात्माओं के त्याग और बलिदान का स्मरण कराता है, जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति दी। रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को इसके लिए आगे आना चाहिए।

रक्त संग्रह की व्यवस्था ब्लड बैंक एवं चिकित्सकीय टीम के सहयोग से की गई। रक्तदाताओं का पंजीकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर, मंत्री धर्मेंद्र सिंह, सह मंत्री प्रदीप प्रजापति, राहुल कनौजिया, जिला संयोजक हर्षित गुप्ता, प्रांत सह संयोजक राहुल सिंह, प्रांत मिलन प्रमुख हरीश प्रजापति, प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख सुधीर सिंह सहित प्रांत, विभाग, महानगर, ग्रामीण व परशुरामपुरी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

पानी के गड्ढे में मिला लापता अधेड़ का शव

- पुलिस ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, फील्ड यूनिट ने जुटाए साक्ष्य

समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।



थाना क्षेत्र के ग्राम कुआडांडा में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब 29 अक्टूबर से लापता चल रहे 51 वर्षीय व्यक्ति का शव घर से करीब 100 मीटर दूर पानी के गड्ढे में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना से गांव में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। सूचना मिलते ही थाना खुदागंज पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और घटनास्थल पर आवश्यक पुलिस कार्रवाई शुरू की। ग्राम कुआडांडा निवासी हरीश सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह 29 अक्टूबर को बिना किसी को बताए घर से चले गए थे। परिजन उनकी तलाश में जुटे हुए थे। रविवार सुबह करीब आठ बजे उनका शव घर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित पानी के गड्ढे में पड़ा मिला। शव दिखाई देने पर ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद मृतक के पुत्र अवनीश सिंह ने थाना खुदागंज पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मामले की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य के निर्देशन में थाना खुदागंज पुलिस टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कराने के साथ ही मामले की परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया। फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू की। उपनिरीक्षक राजकुमार गौतम द्वारा पंचायतनामा की कार्रवाई पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर मोर्चरी भेज दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से संबंधित आवश्यक जानकारी भी जुटाई और घटना की परिस्थितियों की जांच की।

3 परिवार विवादों में सुलह कराके मतभेद समाप्त कराके विदाई कराई गई

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग द्वारा मिशन शक्ति अभियान*जनपद में चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत थानाध्यक्ष महिला थाना बबिता पटेल ने काउन्सलर श्रीमती नीति गुप्ता, कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी के सहयोग से अभियान चला कर पारिवारिक विवादों के मामलों में सुलह कराके 03 जोड़े पति पत्नी की विदाई कराई है। बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के दिशा निर्देशन में महिला थाना की नवांगतुक प्रभारी निरीक्षक बबिता पटेल एवं काउंसलरों के द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रार्थना पत्रों में काउन्सलर के सहयोग से 09 मामलों में सुलह समझौता का प्रयास किया गया, जिसमें से 03 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, 04 मामले ऐसे थे ,जिनमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था जिसमें पक्षकारों को सोचने का समय दिया गया है, 02 मामलों में जिसमें सुलह प्रयास सार्थक नही हुआ इस अवसर पर महिला थाने के महिला आरक्षी सुमन लता, रेखा गौड़, सारिका चौहान द्वारा काफी सहयोग किया गया है, सुलह समझौता के समय पक्षकारों के परिवारीजन भी उपस्थित रहे, जिन्हें मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं के हेल्पलाइन नंबर व अन्य योजना कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

दुधवा नेशनल पार्क में नए पर्यटन सत्र का आगाज

विधायक रोमी साहनी ने किया उद्घाटन, पर्यटकों के लिए खुली तराई की खूबसूरत वादियां



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्यों में से एक दुधवा नेशनल पार्क के कपाट 1 नवम्बर से पर्यटकों के लिए औपचारिक रूप से खोल दिए गए हैं।क्षेत्रीय भाजपा विधायक रोमी साहनी ने सुबह वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर नए पर्यटन सत्र (2026-27) का भव्य शुभारंभ किया। इस उद्घाटन समारोह के दौरान दुधवा के फील्ड डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर और वन विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी तथा प्रकृति प्रेमी मुख्य रूप से मौजूद रहे।समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रोमी साहनी ने कहा कि दुधवा नेशनल पार्क का खुलना न सिर्फ क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार को भी काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने पार्क की समृद्ध जैव विविधता की सराहना की और वहां पहुंचने वाले पर्यटकों से पर्यावरण व प्रकृति के संरक्षण में सहयोग देने की अपील की।पार्क के कपाट खुलने से पहले दिन पहुंचे पर्यटकों में खासा उत्साह देखने को मिला, लेकिन पिछले दिनों हुई भारी बारिश और जंगलों के रास्तों पर हुए जलभराव (कीचड़) की वजह से फिलहाल जिप्सी सफारी का संचालन नहीं हो सका।

पर्यटकों के लिए इस सत्र की 5 बड़ी और खास बातें:

पुरानी दरों पर ही होगी सफारी (बड़ी राहत): इस नए पर्यटन सत्र में पर्यटकों के लिए राहत की बात यह है कि पार्क प्रशासन ने प्रवेश शुल्क और सफारी की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। जिप्सी सफारी का शुल्क रु.1,850 और गाइड का शुल्क रु.500 ही तय है।

सफारी के दौरान मोबाइल ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध: जंगल सफारी के दौरान अनुशासन बनाए रखने और वन्यजीवों की सुरक्षा के मद्देनजर इस बार पर्यटक, गाइड या जिप्सी चालक अपने साथ मोबाइल फोन अंदर नहीं ले जा सकेंगे। फोन को प्रवेश द्वार पर ही जमा कराना होगा, जो सफारी खत्म होने के बाद वापस मिल जाएंगे।

सफारी का समय: सर्दियों के इस मौसम में जंगल सफारी का समय सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक और दोपहर बाद 3:00 बजे से सूर्यास्त से पहले तक निर्धारित किया गया है।

ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा: दुधवा आने वाले सैलानी सफारी और वहां बने थारू हट (ठहरने के स्थान) की एडवांस बुकिंग यूपी इको टूरिज्म की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते हैं।

क्या देखने को मिलेगा खास: तराई के इस घने साल के जंगलों और विशाल घास के मैदानों के बीच पर्यटकों को बाघ, गैंडे, और दुर्लभ प्रजाति के बारहसिंगा को उनके प्राकृतिक आवास में बेहद करीब से देखने का रोमांचक अवसर मिलेगा।

लखीमपुर दशहरा मेला में नवम दिवस पर नन्हे सितारों ने बिखेरा जलवा, सम्मानित हुए समाजसेवी

राष्ट्रीयता, सामाजिक चेतना और भारतीय संस्कृति के रंगों से सराबोर हुई नौवें दिन की संध्या, नवभारत पब्लिक स्कूल व नेशनल पब्लिक स्कूल ने मारी बाजी

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



ऐतिहासिक लखीमपुर दशहरा मेला केवल मनोरंजन का उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और नई पीढ़ी की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने वाला जनोत्सव भी है। मेले के नौवें दिन आयोजित डॉ रवि श्रीवास्तव मेमोरियल, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कहीं योग की साधना ने स्वस्थ जीवन का संदेश दिया, तो कहीं लोकगीतों और नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति की जीवंत छटा बिखेरी। राष्ट्रीयता, धार्मिक आस्था, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम डॉ. रवि श्रीवास्तव की स्मृति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रतिमा सिंह भदौरिया तथा समाजसेवी पूजा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र का कुशल संचालन समाजसेवी एवं साहित्यकार राममोहन गुप्त %अमर% ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए ऐसे आयोजनों को उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता के संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण बताया। वास्तव में, जब बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच मिलता है, तो उनके भीतर छिपी संभावनाएं निखरकर सामने आती हैं और भविष्य के सशक्त, संस्कारवान नागरिकों की नींव मजबूत होती है। दशहरा मेले के सांस्कृतिक मंच पर नगर पालिका परिषद की ओर से समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान देने वाले आठ व्यक्तित्वों को विशिष्ट सम्मान प्रदान कर उनके सेवा-संकल्प का अभिनंदन किया गया। सम्मानित होने वालों में समाजसेवी एवं साहित्यकार राममोहन गुप्त अमर, प्रधानाचार्य रामचंद्र, नंद किशोर राही, गुड्डू, दीपक जौहरी, दीपक मिश्रा, बंटी शर्मा तथा डॉ. रुचि रानी गुप्ता शामिल रहे। इन सम्मान समारोहों ने यह संदेश दिया कि समाज की वास्तविक शक्ति उन व्यक्तित्वों में निहित है, जो अपने प्रयासों, सेवाभाव और समर्पण से दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सतत प्रयास करते हैं। ऐसे व्यक्तित्वों का सार्वजनिक अभिनंदन समाज में सेवा, सद्भाव और रचनात्मक योगदान की भावना को प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम का अगला चरण जेसीआई के तत्वावधान में आयोजित बच्चों की सांस्कृतिक प्रतियोगिता के नाम रहा। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विषयों पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला और कल्पनाशीलता का परिचय दिया। योग, लोकगीत, नृत्य और जनजागरूकता से जुड़ी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों में जहां भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान दिखाई दिया, वहीं राष्ट्रीय एकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और जनचेतना का संदेश भी मुखर हुआ। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया।

सूचना

मैं पवित्रा आले (PABITRA ALE) मेरे पति BISHAL GURUNG आर्मी नंबर 5353837p रैंक Nk के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम पबित्रा आले त्रुटिवश गलत अंकित हो गया, जबकि सही नाम पवित्रा आले (PABITRA ALE) है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।(F.M.G)

सोशल मीडिया की विश्वसनीयता

आज का युग सूचना और संचार क्रांति का युग है। सोशल मीडिया ने पूरी दुनिया को एक छोटे से मंच पर ला खड़ा किया है। फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स और यूट्यूब जैसे माध्यमों ने सूचनाओं के आदान-प्रदान को बेहद आसान बना दिया है। अब किसी घटना की जानकारी पाने के लिए समाचार पत्रों या टेलीविजन का इंतजार नहीं करना पड़ता। मोबाइल पर एक क्लिक करते ही देश-दुनिया की खबरें सामने आ जाती हैं। सोशल मीडिया ने आम आदमी को भी अपनी बात रखने और अपनी आवाज समाज तक पहुंचाने का अवसर दिया है। लेकिन इसके बढ़ते प्रभाव के साथ इसकी विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।सोशल मीडिया का सबसे बड़ा गुण इसकी त्वरित सूचना व्यवस्था है। प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना, सामाजिक समस्या, सरकारी योजनाओं और जनहित से जुड़े विषयों की जानकारी कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच जाती है। कई बार सोशल मीडिया के माध्यम से जरूरतमंदों को सहायता मिलती है और प्रशासन तक जनता की समस्याएं पहुंचती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, व्यापार और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में भी इसकी भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगों तक सभी इसका उपयोग अपने उत्पाद और सेवाओं के प्रचार-प्रसार के लिए कर रहे हैं।इसके बावजूद सोशल मीडिया की विश्वसनीयता सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। बिना किसी प्रमाण और जांच-पड़ताल के खबरें प्रसारित करने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। कई बार पुरानी तस्वीरों और वीडियो को नई घटनाओं से जोड़कर प्रस्तुत कर दिया जाता है। भ्रामक शीर्षकों और अधूरी जानकारियों के माध्यम से लोगों को भ्रमित किया जाता है। कुछ लोग व्यक्तिगत स्वार्थ, राजनीतिक लाभ अथवा समाज में तनाव पैदा करने के उद्देश्य से झूठी खबरें फैलाते हैं। ऐसी सूचनाएं सामाजिक सौहार्द, आपसी विश्वास और कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बन सकती हैं।सबसे चिंताजनक स्थिति तब होती है जब लोग किसी संदेश की सत्यता जाने बिना उसे आगे साझा करने लगते हैं। एक छोटी सी अफवाह देखते ही देखते बड़े विवाद का रूप ले सकती है। कई बार किसी व्यक्ति, संस्था अथवा समुदाय की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचता है। डिजिटल तकनीक के विकास ने डीपफेक वीडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार की गई तस्वीरों के माध्यम से भ्रम फैलाने की चुनौती भी बढ़ा दी है। ऐसे में केवल आंखों से देखकर किसी सामग्री को सही मान लेना उचित नहीं है।सोशल मीडिया की विश्वसनीयता बनाए रखने में जिम्मेदार नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। किसी भी खबर को साझा करने से पहले उसके स्रोत की जांच करनी चाहिए। आधिकारिक सूचना, विश्वसनीय समाचार संस्थानों और संबंधित विभागों से पुष्टि करना जरूरी है। सनसनीखेज शीर्षकों और भड़काऊ संदेशों से बचना चाहिए।

जानिए कैसे काम करती है यह खास तकनीक


डॉ. प्रियंका सौरभ

क्रिकेट में खिलाड़ियों की तैयारी अब केवल बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फिटनेस तक सीमित नहीं रह गई है। आधुनिक तकनीक की मदद से खिलाड़ी अपने शरीर की प्रतिक्रियाओं और शारीरिक प्रदर्शन को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश कर रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण भारतीय वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल हैं, जो न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में अभ्यास के दौरान माथे पर एक खास डिवाइस लगाए नजर आए। इस डिवाइस का नाम टेंपल है, जिसे जोमैटो के सह-संस्थापक दीपिंदर गोयल की कंपनी ने विकसित किया है। बता दें कि, भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज आगामी 4 नवंबर, 2026 से शुरू होने वाली है। इससे पहले गिल के माथे पर लगे छोटे-से उपकरण ने क्रिकेट प्रशंसकों और तकनीक में रुचि रखने वाले लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। आमतौर पर खिलाड़ी फिटनेस बैंड और स्मार्टवॉच के जरिए हृदय गति, नींद और शारीरिक गतिविधियों पर नजर रखते हैं लेकिन टेंपल का उद्देश्य मस्तिष्क में रक्त प्रवाह से जुड़े संकेतों और शरीर की शारीरिक प्रतिक्रियाओं का आकलन करना है। हालांकि, गिल ने सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया है कि उन्होंने इस डिवाइस का इस्तेमाल किस खास उद्देश्य से किया। इसलिए उनके डिवाइस पहनने को किसी बीमारी की जांच या विशेष चिकित्सकीय जरूरत से जोड़ना उचित नहीं होगा। इसकी संभावित कीमत लगभग 84,999 से 85,000 के आसपास है और इसके प्री-ऑर्डर 1 नवंबर 2026 से शुरू होने वाले हैं। यह कोई प्रमाणित मेडिकल या डायग्नोस्टिक डिवाइस नहीं है बल्कि एक वेलनेस और रिसर्च आधारित गैजेट है। गौरतलब है कि, इसका इस्तेमाल भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल के अलावा स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और जोमैटो के सह-संस्थापक दीपिंदर गोयल करते देखे गए हैं। टेंपल एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है, जिसे सिर के कनपटी वाले हिस्से में, माथे और कान के बीच लगाया जाता है।



इसे त्वचा पर चिपकाने के लिए विशेष एडहेसिव स्ट्रिप्स का इस्तेमाल किया जाता है। इसका डिजाइन ऐसा है कि इसे रोजमर्रा की गतिविधियों और शारीरिक अभ्यास के दौरान पहना जा सके। सामान्य फिटनेस ट्रैकर मुख्य रूप से कलाई या उंगली से मिलने वाले संकेतों के आधार पर शरीर की गतिविधियों का विश्लेषण करते हैं। इसके विपरीत, टेंपल सिर के पास से ऑप्टिकल संकेत एकत्र करता है और उनका विश्लेषण करके कुछ विशेष मापदंड प्रस्तुत करता है। इस डिवाइस के दो प्रमुख फीचर हैं- ब्रेनफ्लो और एंट्रॉपी स्कोर। पहला मस्तिष्क में रक्त प्रवाह से संबंधित बदलावों के संकेतों पर केंद्रित है, जबकि दूसरा शरीर की शारीरिक सक्रियता और उस पर पड़ने वाले दबाव से जुड़े संकेतों को एक संख्यात्मक स्कोर के रूप में दिखाता है। टेंपल का पहला प्रमुख फीचर ब्रेनफ्लो है। इसका उद्देश्य मस्तिष्क में रक्त प्रवाह से संबंधित बदलावों को ट्रैक करना है। मस्तिष्क को सामान्य रूप से काम करने के लिए पर्याप्त रक्त और ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। इसलिए मस्तिष्क में रक्त संचार से जुड़े बदलावों का अध्ययन चिकित्सा विज्ञान और न्यूरोसाइंस में महत्वपूर्ण माना जाता है। ब्रेनफ्लो के माध्यम से टेंपल सिर की कनपटी के पास स्थित ऊतकों और रक्त वाहिकाओं से मिलने वाले संकेतों का विश्लेषण करता है। इसके बाद सॉफ्टवेयर इन संकेतों के आधार पर मस्तिष्क में रक्त प्रवाह से जुड़े बदलावों का अनुमान लगाने का प्रयास करता है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि ब्रेनफ्लो को मस्तिष्क में रक्त प्रवाह से संबंधित संकेतों का आकलन करने वाला मापदंड समझना चाहिए। इसे मस्तिष्क तक पहुंचने वाले रक्त की वास्तविक मात्रा का प्रत्यक्ष और पूर्ण माप नहीं माना जा सकता। त्वचा, खोपड़ी और आसपास के ऊतकों में रक्त प्रवाह भी सेंसर के परिणामों को प्रभावित कर सकता है। कंपनी ने इस तकनीक की तुलना स्थापित चिकित्सा मापन विधियों से करने वाले शुरुआती अध्ययन भी साझा किए हैं। हालांकि, इसकी सटीकता और अलग-अलग परिस्थितियों में विश्वसनीयता का आकलन करने के लिए व्यापक तथा स्वतंत्र वैज्ञानिक सत्यापन जरूरी है। टेंपल का दूसरा प्रमुख फीचर एंट्रॉपी स्कोर है। यह 1 से 250 के बीच एक संख्यात्मक स्कोर देता है और इसे शरीर की शारीरिक सक्रियता तथा ऊर्जा की मांग में होने वाले बदलावों को समझने के लिए विकसित किया गया है। कंपनी के अनुसार, नींद, तनाव, व्यायाम, कैफीन का सेवन और ध्यान जैसी गतिविधियां इस स्कोर को प्रभावित कर सकती हैं। कम स्कोर अपेक्षाकृत आराम की स्थिति से जुड़ा हो सकता है, जबकि अधिक स्कोर शारीरिक सक्रियता या बढ़ी हुई शारीरिक मांग के दौरान दिखाई दे सकता है। यह स्कोर लगातार अपडेट होने के लिए बनाया गया है। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति आराम करने के दौरान और कठिन व्यायाम के बाद अपने स्कोर की तुलना कर सकता है। इसी तरह, वह अलग-अलग दिनों में नींद और शारीरिक गतिविधियों के साथ अपने आंकड़ों में होने वाले बदलावों को देख सकता है। हालांकि, एंट्रॉपी स्कोर एक कंपनी-विशिष्ट मापदंड है। इसे तनाव, थकान या किसी बीमारी का निश्चित माप नहीं मानना चाहिए। इसकी गणना किस तरह की जाती है और यह शरीर की अलग-अलग अवस्थाओं को कितनी सटीकता से दर्शाता है, यह स्वतंत्र वैज्ञानिक प्रमाणों से स्थापित होना आवश्यक है। टेंपल की कार्यप्रणाली में पीपीजी यानी फोटोप्लेथिस्मोग्राफी तकनीक की भूमिका बताई जाती है। इस तकनीक का इस्तेमाल कई स्मार्टवॉच और फिटनेस बैंड में भी किया जाता है। पीपीजी में सेंसर त्वचा पर प्रकाश डालता है और ऊतकों से वापस आने वाले प्रकाश में होने वाले बदलावों को मापता है। रक्त वाहिकाओं में रक्त की मात्रा बदलने पर प्रकाश के अवशोषण और परावर्तन में भी बदलाव आ सकता है। सेंसर इन परिवर्तनों को रिकॉर्ड करता है और सॉफ्टवेयर प्राप्त संकेतों का विश्लेषण करता है। टेंपल में सिर के कनपटी वाले हिस्से से संकेत एकत्र किए जाते हैं। इसके बाद डिवाइस का सिस्टम इन संकेतों को संसाधित करके ब्रेनफ्लो और एंट्रॉपी जैसे मापदंड तैयार करने में मदद करता है। यह समझना जरूरी है कि पीपीजी अपने आप मस्तिष्क की विद्युत गतिविधियों को रिकॉर्ड नहीं करता। यह EEG यानी इलेक्ट्रोएन्सेफेलोग्राफी से अलग तकनीक है, जिसमें मस्तिष्क की विद्युत गतिविधि मापी जाती है। इसी तरह, प्रकाश आधारित संकेतों से मस्तिष्क में रक्त प्रवाह का सटीक आकलन करने के लिए विशेष एल्गोरिदम और वैज्ञानिक सत्यापन की आवश्यकता होती है।


निद्रा का अन्तः क्षेत्र मधुमय है


मृत्युंजय दीक्षित

निद्रा में मस्तिष्क के भीतर बहुत सारे रासायनिक परिवर्तन होते हैं। जल और वायु की तरह निद्रा भी मनुष्य जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। हमारे पूर्वजों ने निद्रा की आवश्यकता पर गहरा अध्ययन किया था। वैदिक ऋषि मधुप्रिय हैं। एक मधु अनुभूति में प्रवाहित होता है और दूसरा मधु पदार्थ है। आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रन्थ चरक संहिता है। चरक संहिता के रचनाकाल में दोनों मधु प्रवाहमान हैं। मधुमक्खियों का शहद एक मधु है। अन्य सभी मीठे पदार्थ मधु हैं। चरक संहिता में कहते हैं कि केवल मधुरस का अधिक सेवन करने से स्थूलता, कोमलता और निद्रा की अधिकता बढ़ती है। 'निद्रा की अधिकता' की ओर स्वाभाविक ही सबका ध्यान जाता है। रक्त रस में शक्कर या सुगर की अधिकता आधुनिक समाज की समस्या है। मधु शक्कर का पर्याय नहीं है। शक्कर पदार्थ है और मधु स्वाद अनुभूति। रक्त रस में शक्कर का बढ़ना रोग है लेकिन निद्रा अधिकता की जगह अनिद्रा भी आधुनिक समाज का बड़ा रोग है। चरक संहिता में बताया गया है "जब कार्य करते-करते मन थक जाता है, इन्द्रियां भी थकने के कारण अपने-अपने विषयों से निवृत्त हो जाती हैं, तब निद्रा।"

पतंजलि योग सूत्रों में भी निद्रा को विषय मुक्त चित्त का परिणाम बताया गया है। लेकिन तनावग्रस्त मन का क्या करें? मन थकता ही नहीं। इन्द्रियां विषयों से निवृत्त होती ही नहीं। करें तो क्या करें? विषय विषाद देते हैं। प्रसाद फिसल जाता है।

ऊषा आ रही हैं। रात्रि विदा हो रही हैं। पूरा अस्तित्व जागरण से भर गया है। पक्षी कलरव कर रहे हैं। जो जागे हुए हैं, वे प्रातःकाल का सूर्य, तेज अनुभव कर रहे हैं। निद्रा पूरी नहीं है। मेरा मन करता है कि थोड़ा और सो लिया जाए। एक झपकी और। निद्रा रहस्य है। चरक संहिता में बताया गया है कि निद्रा के समय रजस् गुण की शिथिलता होती है, तम गुण का आच्छादन होता है। सत



गुण निष्क्रिय हो जाता है। मैं अपना विश्लेषण करता हूं। स्वविश्लेषण ही अध्यात्म भी है। मैं प्रायः तमगुण के प्रवाह में ही रहता हूं। तम की सक्रियता का नेतृत्व रजस् करता है। रजस् का अर्थ ही सक्रियता है। मन थकता नहीं। इन्द्रियां विषयों से मुक्त नहीं होतीं। नींद की प्रतीक्षा बेचैन करती है। नींद जरूरी है। जैसी गहरी निद्रा वैसा ही उतना ही ऊंचा जागरण। शरीर निद्रा के समय ही पुनर्नवा ऊर्जा पाता है। टूटे कोष नये होते हैं। चरक संहिता में बताया है कि निद्रा से आरोग्य, शरीर का पोषण, बलवृद्धि, ज्ञानेनर्द्रियों की उचित प्रवृत्ति और आयु नियत रूप में बनी रहती है।"

यहां सबसे बड़ी बात है-ज्ञानेनर्द्रियों की उचित प्रवृत्ति। अनिद्रा पीड़ति की ज्ञानेनर्द्रियां अपना काम ठीक से नहीं करतीं। स्मृति पर भी प्रभाव पड़ता है।

निद्रा जरूरी है लेकिन कोई भी व्यक्ति स्वयं निद्रा में नहीं जा सकता। ज्यादा से ज्यादा हम लेट सकते हैं। निद्रा लाने में हम कर्ता नहीं हैं। निद्रा स्वयं आती है, हमारे बुलाने पर नहीं। हमारे प्रयास से वह और भी दूर भागती है। बिन बुलाए आना नींद की लत है। सरकारी बैठकों में नेता अफसर सोते देखे जाते हैं। वे बिना प्रयास ही सो जाते हैं। चरक या पतंजलि की मानें तो उनका मन विषयों से पृथक होता है और वे सो जाते हैं।

निद्रा का अन्तः क्षेत्र मधुमय है। यह एक अज्ञात दिक्हीन, कालहीन चित्तदशा है। दिक्हीन इसलिए कि निद्रा का क्षेत्र भौगोलिक नहीं है। निद्रा में समय का अनुभव नहीं होता, निद्रा में काल नहीं होता लेकिन रस होता है। निद्रा से जागरण में वापसी की मुहूर्त बड़ी मधुरसा है। मन करता है थोड़ा और सो लूं, एक झपकी और। पूर्वजों ने आलस्य को बुरा कहा है लेकिन निद्रा से जागरण में आने वाले संधिकाल का आलस्य मुझे बहुमूल्य लगता है। आलस्य स्वतः कर्म प्रवृत्ति से भागने का नाम है। निद्रा का मधुमत्त आलस्य दूसरा ही है।

निद्रा ताजा करती है, ऊर्जा देती है, स्मृति और तेज ओज देती है तो भी इस अन्तः मधुक्षेत्र से हमारा परिचय नहीं। सामान्य बोलचाल में अच्छी नींद को मीठी नींद कहा जाता है। दुर्गा सप्तशती के रचनाकार ने निद्रा को देवी बताया और अनेकशः नमस्कार किया है। अनिद्रा के रोगियों को दवाइयां दी जाती हैं। वे शरीर में रासायनिक परिवर्तन लाती हैं। उनसे लाई गई कृत्रिम निद्रा मधुमत्त नहीं होती। जीवन मधुरस की इच्छा से भरापूरा है। यह सहज उपलब्ध है। सप्रयास नहीं। अनायास ही। निद्रा सप्रयास नहीं आती। प्रकृति का अन्तस् मधुरसा है। सुख स्वस्ति और संतुष्टि मधुरस हैं। आनंद मधुरसा है। आनंद मधुरसविहीन नहीं हो सकता। वृक्ष, वनस्पति मधुरसा हैं। नदियां और सारे जल भी। वाणी का मधु या मधुमय वाणी सबकी अभीप्सा है। मंत्रों का छन्दस मधु माधव है। स्वभाव अध्यात्म है और अध्यात्म की लब्धि मधु है।

वृहदारण्यक उपनिषद् में धर्म को भी मधु बताया गया है। प्रीति रीति का मधु संसार व्यापी है। बादलों में भरा मधुकोष ऋग्वेद के ऋषियों ने ही देखा था। नृत्य का आस्वाद मधुमय है। सर्वभूतहित के सभी कर्म मधुकर्म और मधुरसा हैं। सर्वभूतहित संलग्न लोग मधुकर हैं। यह सृष्टि स्रष्टा का मधुकार्य है और द्रष्टा की मधु अनुभूति। कवि हृदय का सौन्दर्यबोध वस्तुतः मधुबोध है। काव्यरस मधुरसा है और कविता मुधमत्त मधुर चिरकुमारी युवती। ऋचाएं मधुमती हैं। यहां सब तरफ मधु का आच्छादन है। मधु ने ही दशों दिशाओं से मधु को आवृत्त कर लिया है लेकिन विषादग्रस्त चित्त का क्या करें, मधुरसा प्रवाह में गतिशील होने के बावजूद हम जीवन के मधु से वंचित हैं। मैं मधुरसा नाद में हूँ। नाद भीतर से बाहर की ओर प्रवाहमान है। नाद सुनता हूँ लेकिन भीतर रस प्रवाह नहीं है। रस है लेकिन मन पराजित है। देव शक्तियाँ कृपा करें और सही मार्ग पर चलने का साहस दें।

कोरस

चीनी चौधराहट के विरुद्ध

इतिहास के संयोग कैसी त्रासदी जनते हैं? वह अक्तूबर-नवंबर 1962 की सर्दियां थीं, जब लाल सैनिक पूर्वोत्तर की हमारी सीमा में घुस आए थे। भीषण जंग में भारत को हताशा का सामना करना पड़ा था। आज 64 बरस बाद पूर्वोत्तर में तथाकथित घुसपैठ को लेकर माहौल गरमाने की कोशिशें जारी हैं। सीमाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार स्थिति साफ कर चुकी है, लेकिन सोशल मीडिया के अदृश्य सुपारी किलर और विपक्ष नाखुशी जाहिर कर रहा है। तब और अब में अंतर मात्र इतना है कि 1962 में हंगामा खड़ा करने वालों के सियासी वंशज आज हुकूमत में हैं और तब के हुक्मरानों के वारिस विपक्ष की कतारों को आबाद कर रहे हैं। इन संघर्ष-कथाओं से इतर एक और सच है, जिसे दरकिनार करना नामुमकिन है। हम दीवाली पर जो झालरें लगाते हैं और जिन मूर्तियों का पूजन करते हैं, वे अक्सर हमारे इस पड़ोसी देश से आयात की जाती हैं। चीन निर्मित वस्तुओं का भारतीयों की जिंदगी पर गहरा प्रभाव है, लेकिन चीनियों के जीवन पर हमारा असर अति-सीमित है। हमें अपनी आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत करनी होगी कि चीन या कोई और हमारी तरफ आंख उठाने से पहले 50 बार सोचे। स्वदेशी के नारे के साथ हमने प्रगति तो की है, पर अभी लंबी दूरी तय करनी है। चीन हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी है, लेकिन उसके हम 10-12वें नंबर के साझीदार हैं। हम जानते हैं, चीन की सत्ता-व्यवस्था बंद दरवाजों की नीति में यकीन करती है।

राशिफल

मेष:- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

वृषभ:- शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे।

मिथुन:- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी।

कर्क:- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु न को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

सिंह:- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें

कन्या:- नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

तुला:- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। दुविधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों

वृश्चिक:- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी।

धनु:- सम्बन्धों में व्यवहार कुशल बनें समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। नए उत्साह का संचार करेगा।

मकर:- विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

कुंभ:- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं

मीन:- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

भारत लिख रहा गरीबी उन्मूलन का नया अध्याय- 12 साल और 49.6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए


संजय सक्सेना

पिछले एक दशक में भारत ने गरीबी के खिलाफ एक ऐसा अभियान चलाया है, जिसे विश्व स्तर पर ऐतिहासिक माना जा रहा है। विश्व बैंक की हालिया "इंडिया पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ" रिपोर्ट के अनुसार, 2011 से 2023 के बीच देश में लगभग 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह भारत के साथ ही आज वैश्विक गरीबी उन्मूलन के इतिहास में भी एक नया रिकॉर्ड है। वस्तुतः इस अवधि में गरीबी घटने की रफ्तार दुनिया में सबसे तेज रही। लोअर मिडिल इनकम वाले देशों की गरीबी रेखा (प्रति दिन 4.2 डॉलर, 2021 पीपीपी) के नीचे रहने वाली आबादी का हिस्सा 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत रह गया। अत्यधिक गरीबी में गिरावट और भी चौंकाने वाली है। प्रति दिन तीन डॉलर (लगभग 250) से भी कम पर गुजारा करने वाले लोगों का अनुपात 2011 में 27.1 प्रतिशत था, जो 2023 में सिमटकर महज 2.6 प्रतिशत रह गया। तात्पर्य यह है कि बेहद कम आय वाले वर्ग में भी व्यापक सुधार हुआ है। यहां समझने वाली बात यह भी है कि गरीबी अकेले आय से जुड़ा ही मामला भर नहीं है। इन वर्षों में ही शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर जैसे आयामों में भी भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव (ओपीएसआई) के मल्टीडायमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स के अनुसार, 2005-06 में भारत की 53.8 प्रतिशत आबादी बहुआयामी गरीबी में थी। 2019-21 तक यह घटकर 16.4 प्रतिशत रह गई। विश्व



बैंक के अपने मल्टीडायमेंशनल पॉवर्टी मेजरमेंट के अनुसार, 2022-23 में यह दर 15.5 प्रतिशत रही। वस्तुतः ये सभी आंकड़े संकेत देते हैं कि लोगों को ज्यादा कमाई मिलने के साथ ही बेहतर पोषण, शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं भी मिल रही हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या बढ़ी, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बेहतर हुई और घरों में बिजली, स्वच्छ पानी और शौचालय जैसी सुविधाएं आम हुईं। बहुआयामी गरीबी में कमी का मतलब है कि गरीब परिवार अब सिर्फ जीवित नहीं रह रहे, बल्कि बेहतर जीवन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। गरीबी घटने के मुख्य कारण विश्व बैंक की रिपोर्ट गरीबी में इस तेज गिरावट के पीछे तीन प्रमुख कारण बताती है। पहला, खपत में मजबूत वृद्धि। आर्थिक विकास के साथ-साथ लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी, जिससे वे बेहतर भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च कर सके। दूसरा, रोजगार में बढ़ोतरी, विशेषकर महिलाओं के बीच। 2017 से 2023 के बीच देश में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की रोजगार में वृद्धि हुई। यह कामकाजी उम्र की आबादी में हुई वृद्धि का लगभग दोगुना है। इस बढ़ोतरी का बड़ा हिस्सा ग्रामीण महिलाओं के वेतन वाले काम में आने से आया, जिससे प्रति परिवार कमाने वालों की संख्या बढ़ी और परिवारों की आय में स्थिरता आई। तीसरा कारण, खाद्य सब्सिडी सहित सामाजिक हस्तांतरणों का विस्तार है। जन वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं ने गरीबों को खाद्य सुरक्षा प्रदान की। इसके अलावा, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, आवास योजनाएं, स्वास्थ्य बीमा और कौशल विकास कार्यक्रमों ने लोगों को आर्थिक झटकों से बचाया और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद की। रोजगार वृद्धि और महिलाओं की भूमिका इसी के साथ 2017 से 2023 के बीच रोजगार में 13.4 करोड़ की वृद्धि एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह आंकड़ा दिखाता है कि अर्थव्यवस्था ने न सिर्फ जनसंख्या वृद्धि को समाहित किया, बल्कि अतिरिक्त रोजगार भी पैदा किए। ग्रामीण महिलाओं का वेतन वाले काम में आना इस वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा है। जब एक परिवार में एक से ज्यादा कमाने वाले हो जाते हैं, तो गरीबी का खतरा काफी कम हो जाता है। यह बदलाव सामाजिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता परिवार के फैसलों और बच्चों की शिक्षा-स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। यह रिपोर्ट देश के भविष्य को लेकर भी आशान्वित करती है, इसके अनुसार, गरीबी में कमी का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। 4.20 डॉलर प्रतिदिन की गरीबी रेखा पर के नीचे रहने वाले लोगों की हिस्सेदारी 2026 में 14.2 प्रतिशत से घटकर 2028 तक 12.1 प्रतिशत पर पहुंचने की उम्मीद है। यह अनुमान बताता है कि शुरुआती तेज गिरावट के बाद अब और गहराई से काम करने की जरूरत है। ऐसे में कहना यही होगा कि भारत की यह प्रगति वैश्विक गरीबी उन्मूलन के लिए भी महत्वपूर्ण है। दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देश में गरीबी की इतनी तेज गिरावट का मतलब है कि वैश्विक गरीबी के आंकड़ों में भी बड़ा सुधार हुआ है। कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भारत के अनुभव को अन्य विकासशील देशों के लिए सीख मान रही हैं। खपत वृद्धि, महिला रोजगार और लक्षित सामाजिक हस्तांतरणों का संयोजन एक प्रभावी मॉडल साबित हुआ है। निश्चित ही 2011 से 2023 तक 49.6 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

तीसरा कारण, खाद्य सब्सिडी सहित सामाजिक हस्तांतरणों का विस्तार है। जन वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं ने गरीबों को खाद्य सुरक्षा प्रदान की। इसके अलावा, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, आवास योजनाएं, स्वास्थ्य बीमा और कौशल विकास कार्यक्रमों ने लोगों को आर्थिक झटकों से बचाया और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद की।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।
आरए
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

कक्षा सात की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

मौदहा (हमीरपुर)। सिसोलर थाना क्षेत्र के भमई गांव में रविवार सुबह कक्षा सात की 13 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गले में निशान मिलने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी बाबू यादव की पुत्री आरती की सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे गंभीर हालत में मौदहा के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। गले में निशान मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी बृजेश कुमार यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा। परिजनों ने छात्रा को मिर्गी आने की बात कही है और फांसी लगाने जैसी घटना से इनकार किया है। आरती दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ी थी। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

खेत में पानी लगाने के विवाद में चाचा ने भतीजी को पीटा

सुमेरपुर (हमीरपुर)। क्षेत्र के सौंखर गांव में खेत में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में चाचा ने भतीजी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की है। गांव निवासी रूबी देवी ने आरोप लगाया कि वह खेत में पानी लगा रही थी। तभी उसके चाचा बाबूलाल वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष पवन पटेल ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

राशन वितरण के दौरान कोटेदार से मारपीट, दो पर मुकदमा

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के चकोठी गांव में राशन वितरण के दौरान कोटेदार के साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी कोटेदार भानु प्रताप पुत्र संतोष कुमार ने तहरीर में बताया कि 12 जुलाई को वह अपनी दुकान पर राशन कार्ड धारकों को राशन वितरित कर रहा था। तभी गांव के कौशल गुप्ता पुत्र भूरेलाल और नितिन उर्फ अभिषेक पुत्र रामजीवन दुकान में पहुंचे। दोनों ने राशन कम देने का आरोप लगाया। कोटेदार के अनुसार, उसने निर्धारित मात्रा के अनुसार राशन वितरण करने की बात कही तो दोनों गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उन्होंने धक्का-मुक्की कर मारपीट की। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बेकाबू ट्रैक्टर ने तीन लोगों को मारी टक्कर, हालत गंभीर

समथर। समथर-साकिन मार्ग पर शिवजी के मठ के पास सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में मोहल्ला नई बस्ती निवासी सरनाम सिंह, सियाशरण और ग्राम ऊटा निवासी विक्रम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और परिजनों की मदद से तीनों को सीएचसी समथर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें झांसी रेफर कर दिया।टक्कर से मौके पर खड़ी एक बैटरी चालित स्कूटर और साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

चोरों ने महोबा के काली माता मंदिर से चोरी किये आभूषण

महोबा। शहर कोतवाली क्षेत्र के छोटी चंद्रिका के पास स्थित काली माता मंदिर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर सनसनी फैला दी है। चोर मंदिर का ताला तोड़कर तीन मूर्तियों से चांदी के मुकुट, पायल और अन्य आभूषण चुराकर फरार हो गए। सुबह पुजारी मंदिर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई, जिससे श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम आक्रोश है। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने और सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। महोबा शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे भगवान के घर को भी सुरक्षित नहीं छोड़ रहे हैं। ताजा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के छोटी चंद्रिका के पास स्थित काली माता मंदिर का है, जहां अज्ञात चोरों ने शनिवार रात मंदिर का ताला तोड़कर चोरी की इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया। रविवार सुबह जब मंदिर के पुजारी पूजा करने के लिए पहुंचे, तो उन्होंने मूर्तियों के ताले टूटे हुए और आभूषण गायब देखे। चोर मां की मूर्तियों से चांदी के मुकुट, पायल और अन्य कीमती आभूषण पार कर ले गए। घटना की खबर फैलते ही स्थानीय श्रद्धालु मंदिर परिसर में इकट्ठा हो गए और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे। चोरी की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली प्रभारी बीरेंद्र प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से फिंगरप्रिंट और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए। साथ ही, चोरों का सुराग लगाने के लिए मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

ट्रक को ओवरटेक करते समय रोडवेज बस ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई, सात घायल

- एक छात्र की हालत गंभीर, कानपुर रेफर
- छात्रवृत्ति परीक्षा देने जा रहे थे पांच बच्चे

समृद्धि न्यूज़, बिवांर (हमीरपुर)।



हमीरपुर-राठ स्टेट हाईवे-42 पर रविवार तड़के राठ डिपो की रोडवेज बस ट्रक को ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में बस चालक, परिचालक और पांच स्कूली बच्चों समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ अन्य यात्रियों को भी मामूली चोटें आईं। हादसा सुबह करीब साढ़े पांच बजे कस्बा बिवांर स्थित हीरानंद महाविद्यालय के सामने हुआ। बताया गया कि रोडवेज बस ट्रक को ओवरटेक कर रही थी, तभी बगल से गुजर रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई।

घायल पांचों छात्र मुस्करा थाना क्षेत्र के चिल्ली गांव के निवासी हैं। इनमें दिव्यांशु (13), ऋतिक (15), प्रिंस (14), प्रिंस (13) और विकास (14) शामिल हैं। सभी आय आधारित योग्यता एवं छात्रवृत्ति परीक्षा देने जा रहे थे। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए घायलों को छानी सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ऋतिक का पैर बुरी तरह टूटने के कारण उसकी हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर किया गया। घटना की सूचना पर मौदहा सीओ राजकुमार पांडेय छानी सीएचसी पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

अंपायरिंग परीक्षा में मौदहा के अर्पित पाठक प्रदेश में अव्वल



मौदहा (हमीरपुर)। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय अंपायरिंग परीक्षा में मौदहा के अर्पित पाठक ने 183 अंक हासिल कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से जिले का मान बढ़ा है। कस्बे में पुरानी स्टेट बैंक के पास निवासी अर्पित ने ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित परीक्षा में सफलता हासिल की। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 23 अभ्यर्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षा 17 और 18 सितंबर को बीसीसीआई के वरिष्ठ अंपायर अनिल चौधरी की मौजूदगी में हुई थी। परिणाम एसोसिएशन के सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता ने जारी किया। सचिव ने अर्पित को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हमीरपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव तालिब खान ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। अर्पित पिछले वर्ष से कानपुर में रहकर अंपायरिंग की तैयारी कर रहे हैं। उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मार्गदर्शकों एपी सिंह, अनुराग राठौर और माता-पिता मंजू पाठक व कृष्णकांत पाठक को दिया।

महिलाएं आगे आकर संभालें नेतृत्व, एकजुट होकर संगठन को करें मजबूत: सुधीर सिंह



झांसी। भाजपा महानगर महिला मोर्चा की नव नियुक्त पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह के मुख्य आतिथ्य और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीरजा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। सुधीर सिंह ने महिलाओं से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने और आगे आकर नेतृत्व संभालने का आह्वान किया।नीरजा गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर संगठन के लिए कार्य करने की अपील की। बैठक में 4 नवंबर को कानपुर में आयोजित होने वाले पदयात्रा अभियान की तैयारियों, वाहन व्यवस्था और जनसहभागिता पर चर्चा की गई। इस दौरान गिरजा तिवारी, चित्रा सिंह, विकास कुशवाहा, मीनू राजावत, वंदना मिश्रा, शिवांगी मुद्गिल सहित महिला मोर्चा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन ममता चौरसिया ने किया।

तपोभूमि में 20 लाख से हुआ सुंदरीकरण, गेट का लोकार्पण

समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर (हमीरपुर)।



कस्बे के धार्मिक स्थल श्री गायत्री तपोभूमि में कराए गए सुंदरीकरण कार्यों का रविवार को स्वामी गिरीशानंद महाराज एवं स्वामी मुक्तानंद महाराज ने लोकार्पण किया। नगर पंचायत ने करीब 20 लाख रुपये की लागत से उदय सिंह स्मृति पाथवे और मां गायत्री गंगा घाट पर गेट का निर्माण कराया है। इस मौके पर स्वामी गिरीशानंद महाराज ने कहा कि तपोभूमि की रज स्वामी रोटीराम महाराज के चरणों से पवित्र हो चुकी है। यहां जो भी विकास कार्य हो रहे हैं, वे उनकी कृपा और प्रेरणा से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी रोटीराम महाराज महान संत और ब्रह्मस्वरूप थे। उनकी वाणी में ईश्वरीय चेतना और अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति थी। उनके उपदेश मानव जीवन को सही दिशा देने वाले थे। उन्होंने श्रद्धालुओं से संत के आदर्शों को जीवन में अपनाने की अपील की। कहा कि स्वामी रोटीराम महाराज ने इस भूमि को तीर्थस्थल बना दिया है। भौतिक शरीर से दूर होने के बावजूद वह आध्यात्मिक रूप से सदैव मौजूद हैं। इससे पहले संतों ने विरक्त आश्रम पहुंचकर स्वामी रोटीराम महाराज के समाधि स्थल पर दर्शन किए। लोकार्पण के बाद गायत्री गंगा घाट पर गंगा आरती हुई। इस दौरान स्वामी सर्व चैतन्य महाराज, स्वामी सुखानंद, स्वामी जगदीशपुरी, बलदेव प्रसाद शास्त्री, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, राजेश सिंह, सौमित्र सिंह और निशांत सिंह समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

भगवंतपुरा में विद्यालय निर्माण के लिए भूमि आवंटित

प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर शर्मा के प्रयासों की सराहना

गुरसरांय (झांसी)। विकासखंड गुरसरांय के ग्राम भगवंतपुरा स्थित कंपोजिट विद्यालय के नए भवन निर्माण के लिए 1.0532 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। विद्यालय अभी सीमित जगह में संचालित हो रहा था। प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर शर्मा कई वर्षों से भूमि आवंटन की मांग कर रहे थे।जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर एसडीएम गरौठा सुनील कुमार ने खंड शिक्षा अधिकारी मनोज लाक्षाकार के साथ भूमि आवंटित कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराई। प्रधानाध्यापक ने इसके लिए क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत के प्रयासों के प्रति आभार जताया। नए भवन से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी।

अंतिम व्यक्ति तक न्याय व योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही वास्तविक न्याय: न्यायमूर्ति समित गोपाल

विधिक सेवा शिविर में पात्र लाभार्थियों को बांटे गए योजनाओं के हितलाभ

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के गांधी सभागार में रविवार को वृहद विधिक सेवा एवं सहायता शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति समित गोपाल ने कहा कि जरूरतमंदों तक उनके अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही वास्तविक न्याय है। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर लाभार्थियों से संवाद किया।शिविर में दिव्यांगजनों को स्मार्ट स्टिक और व्हीलचेयर, आवास योजना के लाभार्थियों को चाबियां व स्वीकृति पत्र तथा युवाओं को ऋण-अनुदान के चेक वितरित किए गए। आईटीआई और कौशल विकास के प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र एवं टूलकिट भी दिए गए। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश कमलेश कच्छल, जिलाधिकारी गौरांग राठी, एसएसपी विकास कुमार, सीडीओ रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड सहित न्यायिक अधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' के नारे के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

- दिल्ली में इंडिया गठबंधन की महारैली में बुंदेलखंड के कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज़, झांसी।

दिल्ली के रामलीला मैदान में राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित इंडिया गठबंधन की संयुक्त महारैली में बुंदेलखंड के कांग्रेसियों ने भी भाग लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के संयोजन में पहुंचे कांग्रेसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए 'वोट चोर, गद्दी छोड़' और 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए।प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेन्द्र सिंह यादव, राजेन्द्र शर्मा, राहुल रिछारिया, शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिलाध्यक्ष देशराज रिछारिया सहित झांसी एवं बुंदेलखंड के अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



शिविर में 125 लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से किया लाभान्वित

बांदा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और प्रभारी जिला जज के निर्देश पर रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित मेगा विधिक जागरूकता शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से 125 लाभार्थियों को लाभान्वित किया। इस मौके पर न्यायिक अधिकारियों ने लाभार्थियों सहित अन्य लोगों को विधिक व अधिकारों की जानकारी दी।



नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज प्रेक्षागृह में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में मेगा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। शिविर में लोगों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया। शिविर में जिले के विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को देते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया। इस दौरान निःशुल्क विधिक सहायता, राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता (सुलह-समझौता), महिला एवं बाल अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण, साइबर अपराध, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार तथा अन्य महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। पीड़ित और जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई। अध्यक्षता कर रहे प्रभारी जिला जज चंद्रपाल द्वितीय ने कहा कि सभी लोग विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। आवश्यकता पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता ले सकते हैं। इस मौके पर पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सुनील कुमार यादव, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत विवेक कुमार गुप्ता सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सौरभ सिंह ने सभी का आभार जताया।

सेवानिवृत्त जिला जज को दी भावभीनी विदाई: जिला जज अल्पना के सेवानिवृत्ति होने पर जिला न्यायालय कांफ्रेंस हाल में आयोजित समारोह में न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों में अजय कुमार, चंद्रपाल, प्रवीण कुमार, संजय सिंह, श्रीपाल सिंह, सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

36 विभागों के स्टॉल, 2518 लाभार्थियों को मिला सीधा लाभ

- राजकीय मेडिकल कॉलेज में लगा मेगा विधिक सहायता शिविर
- छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से दिया सामाजिक संदेश

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।



शहर के राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में न्याय व जन कल्याणकारी योजनाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराया गया। शिविर में 36 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां 2518 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से मौके पर ही लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नाटक के माध्यम से एक मार्मिक प्रस्तुति में यह दिखाया गया कि किस प्रकार किसान मजबूरी में कर्ज लेता है और समय पर अदायगी न होने पर कुछ लोग उसके घर पहुंचकर उसे प्रताड़ित करते हैं। छात्रों ने संदेश दिया किसान का पसीना सोना है, उसका हक नहीं खोना है। नाटक के माध्यम से यह भी बताया गया कि कानून गरीब, असहाय, महिला, बच्चे और किसान सभी के अधिकारों की रक्षा करता है। जिला जज विरजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता और न्याय का अधिकार देता है।निःशुल्क विधिक सहायता का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 39 (क) के तहत सुनिश्चित किया गया है। डीएम समीर कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि गरीब, असहाय व निर्धन व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की प्रताड़ना से संरक्षण मिले। यदि किसी व्यक्ति द्वारा अवैध वसूली, धमकी, उत्पीड़न या सामाजिक शोषण किया जाता है तो भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं व अन्य विधिक प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाती है। एसपी सुरेश चंद्र रावत ने कहा कि कानून व्यवस्था का मूल उद्देश्य आमजन को सुरक्षा, सम्मान और भयमुक्त वातावरण प्रदान करना है। अपर जिला जज प्रथम सतीश द्विवेदी ने कहा कि विधिक साक्षरता समाज को सशक्त बनाती है। जब नागरिक अपने अधिकारों और कानूनों से परिचित होते हैं तो शोषण की संभावना स्वतः कम हो जाती है। उन्होंने इस शिविर को न्याय की 'डिलीवरी' सुनिश्चित करने की प्रभावी पहल बताया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनाली चंद्रा द्वारा यह बताया गया कि मेगा शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना व आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, उनके कानूनी अधिकारों व विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करना है। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय नंद प्रताप ओझा, स्पेशल जज एससीएसटी सुरेश कुमार गुप्ता, स्पेशल जज डकैती चन्द्र मोहन चतुर्वेदी व आदि अधिकारी मौजूद रहे।

बार संघ अध्यक्ष का कालपी से अपहरण कानपुर में हत्या

कालपी(जालौन)। बार संघ के अध्यक्ष को शनिवार रात कानपुर-झांसी हाईवे पर दुर्गा मंदिर चौराहे से कार सवार बदमाशों ने अगवा कर लिया था। रविवार सुबह कानपुर के सचेंडी इलाके में शव बरामद किया गया मिला। पुलिस के मुताबिक, हत्या के पीछे जमीन और संपत्ति का विवाद सामने आया है। मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि बार संघ के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार 70 वर्ष शनिवार 31 अक्टूबर को उरई से कालपी लौट रहे थे। इसी दौरान उन्हें कालपी के दुर्गा मंदिर चौराहे पर बुलाया गया। बताया जा रहा है कि मुकदमे की फाइल देने के बहाने फोन किया गया था। चौराहे पर पहले से मौजूद बिना नंबर प्लेट की सफेद कार में सवार लोगों ने पहले उनके पैर छुए और उन्हें गाड़ी में डालकर अपने साथ ले गए। उनके बेटे ने स्कूटी से कार का पीछा भी किया, लेकिन आरोपियों का पता नहीं चल सका। इसके बाद पुत्र ने पुलिस को अवगत कराया और घटना की तहरीर दी। जानकारी होते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने तत्काल घटना की जानकारी सीओ राजेश कमल व एसपी सुरेश चंद्र रावत को दी। जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किय।

प्रदेश में कराए गए विकास के बलबूते भाजपा लड़ेगी विधान सभा चुनाव

- राष्ट्रीय मंत्री ने विधान सभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



भाजपा जिला कार्य समिति की मंडलीय कार्यशाला में राष्ट्रीय मंत्री व प्रदेश सह प्रभारी ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं में विधान सभा चुनाव को लेकर जोश भरा। कहा कि प्रदेश में कराए गए विकास कार्यों के दम पर भाजपा विधान सभा चुनाव लड़ेगी। बूथ का कार्यकर्ता ही पार्टी की जड़ है। उनकी मेहनत अंगद के पांव मजबूत करने का कार्य करेगी। बूथ का कार्यकर्ता ही चुनाव जिताने का कार्य करता है।

जिला भाजपा कार्यालय में रविवार को जिला कार्य समिति की मंडलीय कार्यशाला आयोजित हुई। भाजपा राष्ट्रीय मंत्री व प्रदेश सह प्रभारी जगदीश भाई पटेल ने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव भाजपा अपने किए गए विकास कार्यों के बल पर लड़ेगी। लेकिन चुनाव जीतने में बूथ कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। बूथ का कार्यकर्ता ही पार्टी की जड़ है। बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही चुनाव जिताने का कार्य करता है। चुनाव परिणाम बूथ कार्यकर्ता के हाथ में है। जोश भरा कि पार्टी कार्यकर्ता की ताकत से ही प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों में कानून व्यवस्था ध्वस्त थी। बहू बेटियों को घर के बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ता था। भाजपा सरकार में रात 12 बजे भी महिलायें अकेले घर के बाहर आ-जा सकती हैं। कहा कि 2027 विधान सभा चुनाव के बाद प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने पार्टी की मजबूती के लिए संगठन की संरचना बनाकर बूथों को सशक्त बनाने पर जोर दिया। जिला प्रभारी संत विलास शिवहरे ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अखिलेश नाथ दीक्षित, श्रृंग ऋषि, इंद्रपाल सिंह पटेल, विनोद, सुधीर कुशवाहा, अमित सेठ भोलू, उत्तम सक्सेना, प्रभा गुप्ता, वंदना गुप्ता, ओम प्रकाश गौतम, पंकज रैकवार सहित बांदा, चित्रकूट व महोबा के जिला प्रभारी और प्रवासी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

12 कुंतल 50 किलो विस्फोटक से लदा पिकअप पकड़ा, चालक समेत 2 हिरासत में

समृद्धि न्यूज, महोबा।



जिले के कबरई थाना क्षेत्र के धरौन रोड पर रविवार सुबह पुलिस ने विस्फोटक सामग्री से लदा एक पिकअप लोडर पकड़ा। वाहन में करीब 1250 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री, ईडी और सेल लदे होने की जानकारी सामने आई है।

इसे मध्य प्रदेश से गंज गांव के पहाड़ पर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने वाहन और सामग्री को कब्जे में लेकर चालक और उसके साथी को हिरासत में लिया है। अधिकारियों की मौजूदगी में दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब नौ बजे विस्फोटक सामग्री ले जाए जाने की सूचना पर कबरई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ धरौन रोड पहुंचे। पुलिस ने वाहन को रोककर जांच की तो उसमें भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली। बताया गया कि इस सामग्री का इस्तेमाल पहाड़ों की खदानों में खनन के लिए किया जाता है।मामले की गंभीरता को देखते हुए SDM सदर शिवध्यान पांडे और CO सिटी रविकांत गौड़ भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की मौजूदगी में वाहन में लदी सामग्री से संबंधित लाइसेंस और अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है। सीओ सिटी रविकांत गौड़ ने बताया कि दस्तावेजों की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि विस्फोटक का परिवहन नियमानुसार किया जा रहा था या नहीं। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए SDM सदर शिवध्यान पांडे और CO सिटी रविकांत गौड़ भी मौके पर पहुंचे।

सूचना

मैंने अपने पुत्र शादाब को उसके गलत आचरणों के कारण संबंध विच्छेद कर उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके किसी भी कृत्य के हम व हमारे परिवार के शेष सदस्य जिम्मेदार न होंगे।
फैमुद्दीन पुत्र हफीजुद्दीन निवासी ग्राम उमर्दा तहसील तिर्वा जनपद कन्नौज (उ0प्र0)

संक्षिप्त खबरें

भाजपा सरकार ने की नाइंसाफी की सीमा पार : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नाइंसाफी की सारी सीमाएं लांघ गई हैं। भाजपा के अन्याय, अत्याचार और बेईमानी के खिलाफ जनता खड़ी हो रही है। रविवार को नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि वाराणसी में विधान परिषद के चुनाव में भाजपा की डबल हार हुई है। डबल इंजन की बात करने वाले वाराणसी में डबल जीरो हो गए। भाजपा ने एक बार की हार को नहीं स्वीकार किया, धांधली करने के लिए चुनाव आयोग से मिलकर दोबारा मतगणना कराया, उसमें भी भाजपा की हार हुई। इसी तरह से भाजपा चुनाव आयोग से मिलकर मतदाता सूची में धांधली कर रही है, देश की जनता के साथ धोखा कर रही है। उत्तर प्रदेश में विधान परिषद का चुनाव हारने के बाद अब यूपी के मुख्यमंत्री भी स्वीकार कर रहे हैं, कि एसआईआर में वोट कट गए हैं । वह कह रहे हैं कि हिंदुओं के एक करोड़ 27 लाख वोट कम हो गए। मुख्यमंत्री जी को यह आंकड़ा कहां से मिला। यही नहीं यूपी के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि लाभार्थी लोगों के वोट कम हो गए। श्री यादव ने कहा कि जिनके वोट कटे हैं, उन सभी से मेरी अपील है कि लोकतंत्र और संविधान बचाने के इस आंदोलन में शामिल हो, यह आंदोलन मुख्य चुनाव आयुक्त और जुमलो के खिलाफ है।

दिवंगत नेता को बीजेपी ने टीम में दी जगह, मचा बवाल

लखनऊ। भाजपा के श्रम प्रकोष्ठ की प्रांतीय टीम में अम्बेडकरनगर के दिवंगत भाजपा नेता को स्थान देने का मामला सामने आया है। बीते शनिवार की देर शाम घोषित श्रम प्रकोष्ठ की प्रांतीय टीम में एक साल पूर्व दिवंगत हुए भाजपा नेता को सदस्य बनाया गया है। श्रम प्रकोष्ठ में भाजपा के दिवंगत नेता राम सूरत मौर्य को 11 सदस्यीय टीम में रखा गया है। अम्बेडकरनगर के टाण्डा के रहने वाले राम सूरत मौर्य की लगभग 1 साल पहले मौत हो चुकी है। भाजपा की कमेटी की लिस्ट आते हो शोसल मीडिया पर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। इस मामले के सामने आने के बाद संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।विडंबना यह है कि संगठन के लिए योगदान देने वाले कार्यकर्ता की जीवनकाल में सुध नहीं ली और निधन के बाद उन्हें पदाधिकारी बना दिया गया। यह महज सूची में हुई चूक नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के प्रति संगठन की संवेदनशीलता और जवाबदेही पर भी सवाल है। सवाल है कि प्रांतीय कमेटी की सूची जारी करने से पहले क्या जिला संगठन से जानकारी या सुझाव नहीं लिए गए। राय मांगी थी तो नजरअंदाज क्यों किया गया। जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल ने बताया कि कहीं न कहीं गलती हुई है। जानकारी प्रदेश कमेटी को दे दी गई है, जल्द ही संशोधित सूची जारी की जाएगी।

मैनपुरी में बूथों का बदलाव बना सियासी टकराव की वजह

लखनऊ। मैनपुरी की 108-भोगांव विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों के पुनर्गठन को लेकर समाजवादी पार्टी ने निर्वाचन आयोग के सामने आपत्ति दर्ज कराई है। पार्टी का आरोप है कि भाजपा नेताओं और प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह तथा पूर्व मंत्री रामनरेश अग्निहोत्री के दबाव में जिला प्रशासन सपा समर्थक मतदाताओं को उनके नजदीकी बूथों से हटाकर तीन से चार किलोमीटर दूर भेज रहा है। इससे गरीबों, बुजुर्गों और महिलाओं को मतदान में परेशानी हो सकती है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें मैनपुरी के जिलाधिकारी को तत्काल हटाने और उनके कार्यकाल में हुए बूथ पुनर्गठन को निरस्त करने की मांग की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कुछ मतदाताओं को ऐसे गांवों के मतदान केंद्रों पर भेजने का प्रस्ताव है, जहां दबंगों का प्रभाव है। पार्टी ने आशंका जताई कि इससे स्वतंत्र और निर्भीक मतदान प्रभावित हो सकता है। अम्हेरा, नगला बगिया, गनेशपुर, नरैनीपुर, काजीहार, बमिहां, नसीरपुर और छिवकरिया समेत नौ स्थानों पर प्रस्तावित बदलावों को लेकर आपत्ति जताई गई है। सपा ने मांग की है कि मतदाताओं को उनके गांव के नजदीक मतदान की सुविधा दी जाए। पार्टी के मुताबिक, गनेशपुर और नरैनीपुर के कुछ मतदाताओं को करीब तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ सकता है, जबकि नगला बगिया के मतदाताओं की संख्या भी प्रस्तावित बदलाव से प्रभावित होगी। सपा ने निर्वाचन आयोग से सभी आपत्तियों की जांच कर बूथ परिवर्तन पर रोक लगाने और पुरानी व्यवस्था बहाल करने का अनुरोध किया है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सचिव के.के. श्रीवास्तव, राज्य कार्यसमिति सदस्य डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह और राधेश्याम सिंह शामिल रहे।

कांग्रेस मानवाधिकार विभाग में संगठन विस्तार, नई टीम का ऐलान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मानवाधिकार विभाग ने संगठन को नई शक्ल देने की कवायद तेज करते हुए प्रदेश से लेकर मंडल, जिला और शहर स्तर तक नई नियुक्तियों का ऐलान किया है। विभाग के चेयरमैन एडवोकेट अली आसिफ जमा रिजवी ने पदाधिकारियों की सूची जारी कर संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी हैं।यह नियुक्तियां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम की सहमति और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' की संस्तुति पर की गई हैं। घोषित सूची में बीएल भारतीय, डॉ. दृगराज यादव, नवीन कुमार सक्सेना, उपेंद्र चौहान, मूलचंद्र, शान हैदर आजमी, गंगा प्रसाद मिश्रा और सुनील गौर को प्रांतीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, रवि भूषण शर्मा, तस्लीमुद्दीन, इंजीनियर एसएस पांडेय, हीरेंद्र बाबा, देवानंद पांडेय, मोहम्मद असलम शाह और हेमंत कुमार श्रीवास्तव को स्टेट कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई है। प्रांतीय महासचिव के पद पर विजय कुमार मौर्य, गंगाराम शर्मा, अकीदत अली खान, ममता सक्सेना, माया सिंह, आरपी गुप्ता, घिर्राऊ निषाद, जेपी रावत, संजय शुक्ला, अजय कुमार भास्कर, शौकत अंसारी, जय प्रकाश विश्वकर्मा, एके सिंह, नौशाद खान, डॉ. राजेश शर्मा, शबनम बेगम, खुर्रम आजाद खान, डॉ. राम अभिलाष, डॉ. अरुण अग्रहरि, अमित चौधरी, कुंवर अली मोहम्मद खान, जोगेंद्र शास्त्री, जितेंद्र शर्मा, अजय शर्मा और डॉ. राधेश्याम गुप्ता को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विभिन्न जिलों और शहरों में भी मानवाधिकार विभाग के चेयरमैन नियुक्त किए गए हैं। संगठन के इस विस्तार से प्रदेश में विभागीय गतिविधियों को गति देने की तैयारी है।


78 हजार संविदा कर्मियों के हक की लड़ाई, आंदोलन का ऐलान

लखनऊ। ऊर्जा निगमों में कार्यरत करीब 78 हजार संविदा कर्मियों के भविष्य और सेवा सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल किए जाने की मांग को लेकर विद्युत संविदा मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। संगठन ने 25 नवंबर को सभी जिलों में एकदिवसीय सत्याग्रह और 10 दिसंबर को लखनऊ के शक्ति भवन पर विशाल रैली करने का ऐलान किया है। रविवार को नरही स्थित केंद्रीय कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की उस संस्तुति की निंदा की गई, जिसमें ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों को आउटसोर्स सेवा निगम में शामिल नहीं किए जाने की बात कही गई है। संगठन ने संविदा श्रमिकों के लिए न्यूनतम 22 हजार रुपये और एसएसओ व लाइनमैन के लिए 25 हजार रुपये मासिक वेतन निर्धारित करने की मांग उठाई। इसके साथ ही संविदा कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष करने की भी मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ मजदूर नेता आरएस राय ने श्रमिकों से अपने अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा के लिए एकजुट होने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शासनादेश जारी नहीं हुआ तो 10 दिसंबर की रैली के बाद प्रदेशव्यापी कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

साइबर अपराध की दुनिया में सिम बॉक्स का नया खेल

- ऑपरेशन डिजिटल कवच में चार स्थानों पर छापे
- बड़ी संख्या में नेटवर्किंग उपकरण बरामद, जांच जारी

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । फोन पर पुलिस, सीबीआई या दूसरी जांच एजेंसी का अधिकारी बनकर लोगों को डराने और डिजिटल अरेस्ट के नाम पर रकम ऐंठने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। साइबर ठगी के ऐसे तौर-तरीकों में इस्तेमाल होने वाली तकनीकी व्यवस्था की पड़ताल करते हुए लखनऊ पुलिस ने शहर के चार ठिकानों पर छापेमारी कर छह अवैध सिम बॉक्स बरामद किए हैं। इनमें कुल 192 सिम लगाने की जगह है। पुलिस अब इनके इस्तेमाल और इससे जुड़े लोगों का पता लगाने में जुटी है। क्राइम ब्रांच के ऑपरेशन डिजिटल कवच के तहत 31 अक्तूबर को सुशांत गोल्फ सिटी के स्वाति अपार्टमेंट, पारा के आदर्श विहार स्थित आशीर्वाद बिल्डिंग, बीबीडी के गोल्ड लाइन अपार्टमेंट और चिनहट के आदर्श नगर स्थित जीजे पैराडाइज में तलाशी ली गई। एक संदिग्ध मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), इंटरनेट कनेक्शन और दूरसंचार कंपनियों से मिली जानकारी का विश्लेषण कर पुलिस इन ठिकानों तक पहुंची। छापेमारी में छह 32-पोर्ट सिम बॉक्स के अलावा तीन वीपीएन गेटवे, 21 स्मार्ट स्विच, तीन स्मार्ट हब, चार इनवर्टर-यूपीएस, 18 बैटरियां, एक लॉक टैबलेट, नेटवर्क राउटर, कैमरे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिले। सिम बॉक्स में एक साथ कई सिम कार्ड लगाए जा सकते हैं। इनके जरिए इंटरनेट आधारित कॉल को मोबाइल नेटवर्क से संचालित किया जा सकता है। ऐसी व्यवस्था का दुरुपयोग बड़ी संख्या में कॉल करने और वास्तविक स्रोत छिपाने के लिए किया जा सकता है। बरामद उपकरणों का इस्तेमाल किन गतिविधियों में हुआ, यह तकनीकी जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। साइबर ठग अब बैंक की केवाईसी और पेंशन के नाम पर जानकारी मांगने के साथ पुलिस, सीबीआई और एटीएस का अधिकारी बनकर गिरफ्तारी का डर भी दिखाते हैं। वीडियो कॉल पर दबाव बनाकर लोगों को परिवार से बात करने तक नहीं देते और इसी घबराहट में रकम ऐंठ लेते हैं। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर किसी को बंधक बनाकर पैसे वसूलने की कोई वैध कानूनी प्रक्रिया नहीं है। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) किरन यादव की निगरानी और सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) शाहिदा नसरीन के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। बरामद उपकरणों, सिम कार्डों और कॉलिंग पैटर्न की जांच की जा रही है। साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस यह पता लगा रही है कि इनके पीछे कौन लोग हैं और क्या इनका संबंध अन्य साइबर अपराधों से भी है। किसी अनजान व्यक्ति के पुलिस या जांच एजेंसी का अधिकारी बनकर डराने अथवा पैसे मांगने पर भरोसा न करें। बैंक या पेंशन से जुड़ी जानकारी की पुष्टि संबंधित विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए नंबर से करें या बैंक की शाखा में जाकर पता लगाएं।

वाराणसी में दो बार हारी भाजपा, अखिलेश ने उठाए चुनाव आयोग पर सवाल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनावी प्रक्रिया में धांधली और मतदाता सूची में गड़बड़ी कराने का आरोप लगाया है। रविवार को नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने वाराणसी के विधान परिषद चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा को दो बार हार का सामना करना पड़ा। उनके मुताबिक, पहली हार के बाद दोबारा मतगणना कराई गई, लेकिन नतीजा नहीं बदला।अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर मतदाता सूची में गड़बड़ी कर रही है और जनता के साथ धोखा हो रहा है। उन्होंने एसआईआर में वोट कटने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री के बयानों का जिक्र करते हुए पूछा कि एक करोड़ 27 लाख हिंदू मतदाताओं के वोट कम होने का आंकड़ा कहां से आया। उन्होंने लाभार्थियों के नाम कटने संबंधी बयान पर भी सवाल उठाए।

शराब ठेके के पास युवक से अंगूठी, चेन व मोबाइल लूटे

समृद्धि न्यूज

काकोरी -लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र के सकरा ठेका के पास शनिवार सुबह बदमाशों ने एक युवक को बंधक बनाकर लूटपाट की। आरोपियों ने पीड़ित की सोने की अंगूठियां, चेन और मोबाइल फोन लूट लिया।

जाते समय बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की।

पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। गाड़ी आगे बढ़ाते ही पीछे लग गए बदमाश पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, ईंटगांव काकोरी निवासी अंकुर सोनी पुत्र देवी प्रसाद सोनी अपने साथी राजेश लोधी के साथ शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे सकरा ठेके पर शराब खरीदने गए थे। उन्होंने अपनी स्विफ्ट कार ठेके के सामने खड़ी की थी। अंकुर के अनुसार, जिस समय वह शराब खरीद रहे थे, उसी समय आरोपी भी वहीं मौजूद थे। जब अंकुर ने अपनी कार आगे बढ़ाई और करीब 100 मीटर दूर एक गली में ले जाकर रोकी, तो आरोपी भी कार के पीछे-पीछे आ गए। उनमें से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सड़क पर ही खड़ा रहा, जबकि दो युवक पैदल चलकर कार के पास पहुंचे और अंदर बैठे अंकुर सोनी को घेर लिया।मौके से रबर के खोखे बरामद बदमाशों ने हथियारों के बल पर अंकुर के हाथ में पहनी चार सोने की अंगूठियां, एक चेन और एक मोबाइल फोन लूट लिया और काकोरी की तरफ फरार हो गए।

पीड़ित ने बताया कि भागते समय बदमाशों ने गाड़ी के पास फायरिंग भी की।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान गाड़ी के पास से खिलौनानुमा पिस्टल से चले रबर के दो खोखे बरामद हुए हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

34 साल की सेवा के बाद रिटायर हुए लखनऊ जिला जेल के वरिष्ठ अधीक्षक

- स्टाफ ने दी भावुक विदाई

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल करीब 34 साल 2 दिन की सेवा के बाद शनिवार को रिटायर हो गए। रविवार को जेल परिसर में आयोजित विदाई समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका भव्य स्वागत किया और भावुक मन से विदा किया। इस दौरान सभी ने उनके सुखी जीवन और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। राजेंद्र कुमार जायसवाल ने अपने करियर की शुरुआत 1992 में वाराणसी केंद्रीय कारागार में उप कारापाल के तौर पर की थी। इसके बाद उन्होंने फतेहपुर, आगरा, नैनी इलाहाबाद, कानपुर, गाजियाबाद, फिरोजाबाद, हरदोई और बुलंदशहर की जेलों में सेवाएं दीं। 2012 में वह कारापाल बने और 2014 में अधीक्षक पद पर प्रमोट हुए। 1 अप्रैल 2025 को उन्हें वरिष्ठ अधीक्षक बनाया गया था। 31 अक्टूबर को वह लखनऊ जिला कारागार से रिटायर हुए। समारोह में जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी, सुनील दत्त मिश्र, अभय शुक्ला, डॉ. नीरज दुबे, डॉ. नवीन गुप्त, अजय कुलवंत, वीरेंद्र विक्रम सिंह, तारकेश्वर सिंह, आशुतोष मिश्र समेत डिप्टी जेलर और बड़ी संख्या में स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने उनके नेतृत्व और आत्मीय व्यवहार की तारीफ की। फिलहाल वरिष्ठ अधीक्षक का चार्ज जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी को दिया गया है।

महिला और युवा नेतृत्व को आगे कर महासभा ने चली नई चाल

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अखिल भारतीय पासी महासभा (भारत) ने अपनी संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के इरादे से महासभा ने महिला और युवा नेतृत्व को नई जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जवाहर लाल चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह रावत ने रागनी रावत को महिला मोर्चा तथा विनोद पासवान को युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। बाराबंकी निवासी रागनी रावत को समाज की शिक्षित, जागरूक और कर्मठ महिला बताया गया है। वहीं, कुशीनगर के विनोद पासवान भी अपने क्षेत्र में पहचान रखते हैं। महासभा के पदाधिकारियों का मानना है कि इन नियुक्तियों से महिलाओं और युवाओं की संगठन में भागीदारी बढ़ेगी तथा समाज को एकजुट करने के अभियान को नई ताकत मिलेगी। महासभा देशभर में पासी समाज को संगठित कर उसकी सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में काम करने का दावा करती है। संगठन की स्थापना महाशय चेतराम पासी और पूर्व सांसद बापू मसूरियादीन पासी के प्रयासों से हुई थी। महाशय चेतराम पासी वर्ष 1937 में बाराबंकी से विधायक रहे थे। नियुक्तियों के अवसर पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव विश्वनाथ चौधरी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष ललन चौधरी, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा सरोज, राष्ट्रीय सलाहकार राम विरज रावत एडवोकेट, राष्ट्रीय प्रवक्ता विद्या प्रसाद बागी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

बिना सिर खोले निकाला ट्यूमर, मरीज की आंखों में लौटी रोशनी

- सिविल अस्पताल में नाक के रास्ते हुई जटिल न्यूरो सर्जरी, निजी अस्पतालों में 15 से 20 लाख तक आता है खर्च

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। चिकित्सा विज्ञान की आधुनिक तकनीक ने एक बार फिर उम्मीद की नई किरण दिखाई है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय में डॉक्टरों ने बिना सिर की हड्डी खोले पिट्यूटरी ग्रंथि का बड़ा ट्यूमर निकालने में कामयाबी हासिल की है। नाक के रास्ते की गई इस जटिल सर्जरी के बाद मरीज की प्रभावित आंखों की रोशनी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जानकारी के मुताबिक, देवरिया निवासी मरीज दुबई में कार्य करता है। उसकी पिट्यूटरी ग्रंथि में ट्यूमर काफी बड़ा हो गया था, जिससे ऑप्टिक नसों पर दबाव पड़ रहा था और आंखों की रोशनी लगातार प्रभावित हो रही थी। चिकित्सकीय जांच के बाद तत्काल ऑपरेशन की जरूरत महसूस की गई। अस्पताल के न्यूरो सर्जन डॉ. विनोद कुमार तिवारी ने माइक्रोस्कोपिक ट्रांसनेजल ट्रांसस्फेनॉइडल तकनीक से ऑपरेशन किया। इसमें नाक के रास्ते स्फेनॉइड साइनस से होते हुए ट्यूमर तक पहुंच बनाई गई और सावधानीपूर्वक उसे निकाल दिया गया। इस प्रक्रिया में सिर की हड्डी खोलने की जरूरत नहीं पड़ती। बताया गया कि निजी कॉरपोरेट अस्पतालों में ऐसी सर्जरी पर करीब 15 से 20 लाख रुपये खर्च हो सकते हैं। हालांकि, वास्तविक खर्च अस्पताल और मरीज की स्थिति पर निर्भर करता है। सरकारी अस्पताल में इस जटिल ऑपरेशन की सफलता आम मरीजों के लिए राहत की उम्मीद जगाती है।

पवन सिंह चौहान को भाजपा ने सौंपी नई जिम्मेदारी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने सीतापुर से विधान परिषद सदस्य एवं एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन पवन सिंह चौहान को संगठन में एक और अहम जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने उन्हें पार्टी के शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय की ओर से जारी पदाधिकारियों की सूची में उनकी नियुक्ति की घोषणा की गई। इससे पहले चौहान को प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया था। अब प्रदेश स्तर पर शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ की कमान मिलने से संगठन में उनकी भूमिका का दायरा और बढ़ गया है। शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय पवन सिंह चौहान एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन हैं। वर्ष 2022 में वह सीतापुर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य निर्वाचित हुए थे।

सपा समर्थक मतदाताओं को दूरस्थ पोलिंग बूथ स्थानांतरित कर रहे डीएम

- समाजवादी पार्टी ने की मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि प्रदेश सरकार में मंत्री जयवीर सिंह व पूर्व मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री के दबाव में जिलाधिकारी मैनपुरी द्वारा 108-भोगांव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को दबंगो विशेष कर क्षत्रिय समाज के वर्चस्व वाले गाँव में स्थित पोलिंग बूथों पर स्थानान्तरित किया जा रहा है। मैनपुरी जिलाधिकारी प्रदेश सरकार में मंत्री व बीजेपी के दबाव में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को निकटतम पोलिंग बूथों से हटाकर 3-4 कि0मी0 दूर किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को दबंगो विशेष कर क्षत्रिय समाज के वर्चस्व वाले गाँव में स्थित पोलिंग बूथों में स्थानान्तरण कर देने से दबंग क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को मतदान से रोका जायेगा। जिलाधिकारी मैनपुरी द्वारा समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को 3-4किमी दूर के पोलिंग बूथ में स्थानान्तरण किये जाने के कारण गरीब, बृद्ध, महिला मतदाताओं को मतदान करने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। मैनपुरी के जिलाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पोलिंग बूथों के सम्भाजन, विभाजन, नवगठन के सम्बन्ध में जारी किये गये नियम एवं निर्देशों के विपरीत कार्य किया जा रहा है। मैनपुरी के जिलाधिकारी भा0ज0पा0 को लाभ पहुँचाने की नियत से नियमों के विरूद्ध पोलिंग बूथों के सम्भाजन कर रहे है। मैनपुरी के जिलाधिकारी को तत्काल हटाया जाये और उनके द्वारा किये गये पोलिंग बूथों के सम्भाजन की कार्यवाही निरस्त की जाये। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश मंत्री जयवीर सिंह व पूर्व मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री के दबाव में जिलाधिकारी मैनपुरी द्वारा 108-भोगांव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को दबंगो विशेष कर क्षत्रिय समाज के वर्चस्व वाले गाँव में स्थित पोलिंग बूथों पर स्थानान्तरित किया जा रहा है। मैनपुरी के जिलाधिकारी प्रदेश सरकार में मंत्री व भा0ज0पा0 के दबाव में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को उनके निकटतम पोलिंग बूथों से हटाकर 3-4 कि0मी0 दूर किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को दबंगो विशेष कर क्षत्रिय समाज के वर्चस्व वाले गाँव में स्थित पोलिंग बूथों में स्थानान्तरण कर देने से दबंग क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को मतदान से रोका जायेगा। जिलाधिकारी मैनपुरी द्वारा समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को दबंगो विशेष कर क्षत्रिय समाज के वर्चस्व वाले गाँव में स्थित पोलिंग बूथों पर स्थानान्तरित किया जा रहा है। मैनपुरी के जिलाधिकारी प्रदेश सरकार में मंत्री व भा0ज0पा0 के दबाव में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को उनके निकटतम पोलिंग बूथों से हटाकर 3-4 कि0मी0 दूर किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को दबंगो विशेष कर क्षत्रिय समाज के वर्चस्व वाले गाँव में स्थित पोलिंग बूथों में स्थानान्तरण कर देने से दबंग क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को मतदान से रोका जायेगा। जिलाधिकारी मैनपुरी द्वारा समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को 3-4 कि0मी0 दूर के पोलिंग बूथ में स्थानान्तरण किये जाने के कारण गरीब, बृद्ध, महिला मतदाताओं को मतदान करने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। जनपद मैनपुरी के जिलाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पोलिंग बूथों के सम्भाजन, विभाजन, नवगठन के सम्बन्ध में जारी किये गये नियम एवं निर्देशों के विपरीत कार्य किया जा रहा है। जनपद मैनपुरी के जिलाधिकारी भा0ज0पा0 को लाभ पहुँचाने की नियत से नियमों के विरूद्ध पोलिंग बूथों के सम्भाजन कर रहे है। जनपद मैनपुरी के जिलाधिकारी को तत्काल हटाया जाये और उनके द्वारा किये गये पोलिंग बूथों के सम्भाजन की कार्यवाही निरस्त की जाये। जनपद मैनपुरी, 108-भोगॉव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पोलिंग बूथों के संभाजन, विभाजन और स्थानान्तरण दबंगों के गाँव में स्थानान्तरण किये जा रहे है, लिखित आपत्ति के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई। पोलिंग बूथ संख्या पूर्व की 200 प्रा0पा0 अम्हेरा कक्ष स0 1 पर अम्हेरा ग्राम के ही मतदाता मतदान करते है तथा बूथ संख्या 201 प्रा0पा0 अम्हेरा पर अनुभाग बांकीपुर, अनुभाग जमेयतगंज व अनुभाग अम्हैरा आंशिक के मतदाता मतदान करते है नवीन प्रस्ताव में 201 प्रा0पा0 अम्हेरा को हटाकर 203 प्रा0 पा0 जमैयतगंज पर नया मतदान केन्द्र ध पोलिंग बूथ बनाया गया है, जहाँ पर ग्राम बांकीपुर अनुभाग-1. ग्राम जमैयतगंज अनुभाग-2 तथा अम्हैरा आंशिक अनुभाग 3 के मतदाता मतदान करेगें। 203 प्रा0पा0 जमैयतगंज से अनुभाग 3 अम्हैरा आंशिक हटाकर मतदेय स्थल संख्या 202 पर स्थानान्तरित कर दिया जाये जिससे अम्हैरा ग्राम के समस्त मतदाता अपने ग्राम पर ही मतदान कर सकें। पोलिंग बूथ संख्या 3 प्रा.पा. नगला बगिया के अभ्युक्ति में वर्णित प्राप्त आपत्तिध्सुझाव निस्तारण में पोलिंग बूथ संख्या 3 प्रा.पा. नगला बगिया में सम्मिलित अनुभाग मुगरौरा व डेराबंजारन में से अनुभाग मुगरौरा को बूथ संख्या प्रा.पा. हन्नूखेड़ा क.-2 में स्थानान्तरित करने हेतु प्रस्तावित किया गया है। इस सन्दर्भ में कहना है, कि ग्राम (अनुभाग) मुगरौरा के मतदाता शुरू से प्रा.पा. नगला बगिया पर स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर मतदान करते आ रहे हैं, इन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है और मतदेय स्थल की दूरी भी कम है। जबकि अनुभाग मुगरौरा को हन्नूखेड़ा में स्थानान्तरित करने से नगला बगिया पर मात्र 227 मतदाता बचते हैं तथा दूरी भी अधिक हो जाती है।

दरवाजे पर बंधी बकरियां चोरी होने की पुलिस से की शिकायत



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुर बनवारी गांव में चोरों ने एक पशुपालक के घर के बाहर बंधी तीन बकरियां चोरी कर लीं। सुबह सोकर उठने पर बकरियां गायब मिलने से पशुपालक के होश उड़ गए। काफी तलाश करने के बाद भी बकरियों का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। कुंवरपुर बनवारी गांव निवासी राजीव के दरवाजे पर रोजाना की तरह तीन बकरियां बंधी हुई थीं। रात के समय अज्ञात चोरों ने मौका पाकर तीनों बकरियों को पार कर दिया। सुबह जब राजीव सोकर उठे और दरवाजे पर पहुंचे तो वहां बकरियां गायब थीं। यह देखकर वह परेशान हो गए। उन्होंने आसपास के लोगों से जानकारी की और अपने स्तर से बकरियों की तलाश भी की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पीड़ित के मुताबिक, रात में अज्ञात चोर उनकी तीनों बकरियां चोरी कर ले गए। घटना के बाद उन्होंने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर चोरी गई बकरियों को बरामद कराने और अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सवर्ण आयोग गठन और आरक्षण संशोधन की मांग

सवर्ण मुखिया ने सीएम को लिखा पत्र

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। प्रदेश में सवर्ण आयोग के गठन तथा आरक्षण व्यवस्था में संशोधन की मांग को लेकर सवर्ण मुखिया विनोद कुमार दुबे ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

पत्र में उन्होंने लिखा है कि देश के संविधान को लागू हुए 76 वर्ष हो चुके हैं। आरक्षण जब लागू हुआ था तो केवल दस वर्षों के लिए था, परंतु अब दो-तीन पीढ़ियां इसकी मार से त्रस्त हो चुकी हैं। इस आरक्षण के चलते जमींदारी समाप्त हो गई और राजा-रजवाड़े भी खत्म हो गए। सन् 1950 में जब संविधान लागू हुआ था, तब लोगों के पास 100-200 बीघा जमीन एक-एक परिवार के पास थी। आज सवर्णों, जिनमें प्रमुखतः पंडित, ठाकुर और बनिया आते हैं, के पास दो पीढ़ियों में औसत प्रति व्यक्ति तीन बीघा से अधिक नहीं रह गई है। ऐसे में भरण-पोषण कैसे संभव है, इस आधार पर भी आरक्षण खत्म हो जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि देश में अल्पसंख्यक आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग, दलित आयोग तथा महिला आयोग बने, तो क्या सवर्ण देश के नागरिक नहीं हैं? बिहार राज्य में सवर्ण आयोग बन चुका है, इसलिए उत्तर प्रदेश में भी सवर्ण आयोग का गठन हो जाना चाहिए। उन्होंने सवर्णों को अल्पसंख्यक का दर्जा प्रदान करने की भी मांग की है। पत्र में कहा गया है कि जब-जब प्रदेश में क्षेत्रीय पार्टियों की सरकारें बनीं तो उन्होंने एक ही जाति की भर्तियां कीं, जिससे सवर्णों का भारी नुकसान हुआ। बसपा सरकार ने भी केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की भर्तियां कीं, जिससे सवर्ण बेरोजगार होते रहे। वी.पी. सिंह ने मंडल आयोग की रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण दिया। वर्तमान में भाजपा की सरकार है और उसका सवर्ण वोट बैंक माना जाता है, इसलिए सवर्ण आयोग का गठन और सवर्णों को आरक्षण मिलना चाहिए। सत्ता बार-बार नहीं मिलती, इस मौके का उपयोग कर मुख्यमंत्री अपना नाम इतिहास में दर्ज करा सकते हैं। इस दौरान देवकीनंदन दुबे मुन्ना, महेश चंद्र दीक्षित, आसाराम, श्रीकांत तिवारी, सुरेश सिंह तोमर, अजय दुबे आदि उपस्थित रहे। समाज कल्याण निदेशालय ने बताया नीतिगत निर्णय

छिबरामऊ। मुख्यमंत्री कार्यालय से यह पत्र समाज कल्याण निदेशालय लखनऊ को भेजा गया। उसके संयुक्त निदेशक पीके त्रिपाठी के अनुसार सवर्ण आयोग गठन का निर्णय नीतिगत प्रकरण है अतः इस पर निदेशालय समाज कल्याण द्वारा कोई भी कार्यवाही किया जाना संभव नहीं है।

लोकेंद्र यादव ने फीता काटकर रामलीला का किया शुभारंभ



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। क्षेत्र के ग्राम रामखेड़ा में रामलीला मंचन का शुभारंभ उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ हुआ। वार्ड नंबर 14 से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी लोकेंद्र सिंह यादव ने रामलीला के प्रथम दिन फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत किया।

रामलीला के शुभारंभ से गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। ग्रामीणों ने आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में श्री सुरेंद्र सिंह यादव व्यासजी, रंजीत सिंह, ज्ञान सिंह, नरवीर सिंह, होशियार सिंह, जयप्रकाश, सर्वेश सिंह, रूपलाल सिंह, उमेश शर्मा, गोविंद सिंह, आशीष वकील, बदन सिंह, समर सिंह, दलीप सविता और शिवम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजकों ने अतिथियों का स्वागत किया।

एकता दिवस के रूप में मनाए सरदार पटेल की जयंती



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। नेहरू कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन सतर्कता जागरूकता सप्ताह (26 अक्टूबर से 1 नवंबर) के तहत किया गया। इस वर्ष सप्ताह की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' रखी गई है। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह ने कहा कि सरदार पटेल आधुनिक भारत के शिल्पी थे। उन्होंने 565 रियासतों का एकीकरण कर देश की मजबूत आधारशिला रखी। उनका कर्तव्यनिष्ठ और संघर्षशील जीवन देश की एकता एवं अखंडता के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को रन फॉर यूनिटी में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य वक्ता डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत का एकीकरण केवल रियासतों तक सीमित नहीं था, बल्कि विभिन्न समुदायों, भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास था। इसमें सरदार पटेल का योगदान अभूतपूर्व रहा। छात्राओं दामिनी, तान्या और जया ने भी विचार रखे। एनएसएस प्रभारी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता ने आभार जताया। अंत में विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में एकता दौड़ लगाई। इस दौरान शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

तहसील के परिक्रमा मार्ग से हटवाया जाए अतिक्रमण

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने तहसील के परिक्रमा मार्ग से अतिक्रमण हटवा कर इसे जल्द बनवाने की मांग की है।

उन्होंने कहा मुंसिफी व तहसील बाउंड्री के पीछे 25 फुट की सीसी रोड 2015 से मंजूर पड़ी है। उसका टेंडर भी हो चुका था लेकिन उसे अब तक नहीं बनाया गया। इस 25 फीट की सीसी रोड को मुंसिफी के पूर्वी गेट के पास न्यायिक अधिकारी आवास से जोड़ दिया जाए तो एक परिक्रमा मार्ग मुंसिफी व तहसील बाउंड्री के बाहर बन जाएगा जिससे अंदर लगने वाला जाम खत्म हो जाएगा और लोग बाहर से ही आ जा सकेंगे। न्यायिक अधिकारी आवास के सामने एक चाय की दुकान रखकर पुराना रास्ता बंद कर दिया गया है, वह भी खुल जाएगा। उन्होंने कहा मुंसिफी व तहसील परिसर के आसपास पिछले कई माह से डूडा की सड़कें व नालियां आधी अधूरी पड़ी हैं। इससे लोगों में रोष व्याप्त है। मुंसिफी व तहसील परिसर को मोहल्ला दीक्षितान व सराफान से जोड़ने वाली सड़क डूडा ने बनाई थी जो अब तक अधूरी पड़ी हैं।

चतुर्थ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न

450 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। हर्षनगर, बहोरिकपुर (फर्रुखाबाद) स्थित श्री सागर सिंह सोमवती एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सत्र 2026-27 की चतुर्थ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता रविवार, 1 नवंबर को श्री सागर सिंह सोमवती पीजी कॉलेज में संपन्न हुई। इसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग 450 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल, छिबरामऊ; श्री देवी सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज, नगला अनूप (फर्रुखाबाद); श्री गजेंद्र सिंह मीरा देवी बालिका इंटर कॉलेज; एसएसएसवी हायर सेकेंडरी स्कूल, हर्षनगर (फर्रुखाबाद); श्री सागर सिंह सोमवती बालिका इंटर कॉलेज, फर्रुखाबाद सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ट्रस्ट के ट्रस्टी गजेंद्र सिंह ने कहा परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रतिभा, ज्ञान एवं बौद्धिक क्षमता का मूल्यांकन करना तथा उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। परीक्षा के दौरान अनुशासन एवं व्यवस्थित संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया। डायरेक्टर डॉ. संगम यादव ने कहा इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने सामान्य ज्ञान का आकलन करने, ज्ञान के स्तर को बेहतर बनाने तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने का अवसर मिला। ट्रस्ट का उद्देश्य शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ विद्यार्थियों में ज्ञान, प्रतिभा और आत्मविश्वास का विकास करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन किए जाते हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. मीरा देवी यादव, डॉ. निधि यादव एवं डॉ. हर्ष यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर सूर्य प्रकाश चतुर्वेदी, विवेक कुमार, रघुवीर सिंह, राज कुमार शर्मा, ऋषभ प्रताप सिंह, ब्रजेश कुमार, प्रदीप कुमार, शैलेन्द्र कुमार, अनूप कुमार, सरमन सिंह, सुधीश सिंह, सुवीन शुक्ला, सुमित कुमार, दिनेश कुमार सिंह, मनोज, अवनीश, रत्ना, मनीषा, करिश्मा, वैष्णवी, भारत सिंह, सुधीर कुमार पाठक, रजनी सक्सेना, अमित कुमार चौरसिया, सेजल, रामकृपाल एवं गया प्रसाद सहित अन्य शिक्ष उपस्थित रहे।

आईआईटी कानपुर के उद्यमिता कार्यक्रम में कर्तव्य त्रिपाठी टॉप-5 में चयनित

ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीक से जनसुविधाएं पहुंचाने और डिजिटल जागरूकता के नवाचारों ने दिलाई पहचान

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में आयोजित उद्यमिता कार्यक्रम में नगर के मोहल्ला बनवारी नगर निवासी गौरव अमर त्रिपाठी के पुत्र कर्तव्य त्रिपाठी उर्फ अर्पण ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पांच प्रतिभागियों में स्थान हासिल किया। सात घंटे तक चले इस कार्यक्रम में चयनित प्रतिभागियों में कर्तव्य सबसे कम उम्र के प्रतिभागी रहे। उनकी इस उपलब्धि से जिले का गौरव बढ़ा है।

'एंटरप्रेन्योरशिप एसेंशियल्सः फ्रॉम आइडिया टू लॉन्च' विषय पर आयोजित कार्यक्रम का आयोजन वर्ल्ड टेक्नोकॉन की ओर से आईआईटी कानपुर के अंतराग्नि'26 के सहयोग से किया गया। इसमें लखनऊ, अलीगढ़, हापुड़, प्रयागराज और नोएडा सहित विभिन्न शहरों से आए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने अपने विचार और नवाचार प्रस्तुत किए। कर्तव्य को ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीक के माध्यम से आमजन तक सुविधाएं पहुंचाने और डिजिटल जागरूकता बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के आधार पर शीर्ष पांच में जगह मिली। उनके विचारों में स्थानीय समस्याओं के व्यावहारिक समाधान विकसित करने और आधुनिक तकनीक को आम लोगों तक सुलभ बनाने पर विशेष जोर रहा। कार्यक्रम के समापन पर उन्हें प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कर्तव्य ने कहा कि उनका लक्ष्य तकनीक और नवाचार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का जीवन आसान बनाना है। वह अपने विचारों को धरातल पर उतारकर जनसुविधाओं को बेहतर बनाने और रोजगार के नए अवसर विकसित करने की दिशा में काम करना चाहते हैं। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

शराब बिक्री के विरोध में सड़कों पर उतरीं महिलाएं



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर जागीर में दुकानों पर खुलेआम शराब की बिक्री के विरोध में महिलाओं ने प्रदर्शन किया। महिलाओं ने गांव में शराब की बिक्री पर रोक लगाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि शराब की वजह से कई परिवारों में आए दिन विवाद होते हैं। इतना ही नहीं, नशे की हालत में बच्चों के साथ मारपीट की घटनाएं भी सामने आती हैं, जिससे परिवारों का माहौल प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने पुलिस प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर गांव में शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। इस दौरान कीर्ति, पिंटू, सुशीला देवी, नेकराम, शकुंतला, नारायण, धन देवी, बालवीर, देवकी देवी, उर्मिला देवी, अतुल, विनीता, विनोद, सुखदेवी, मुन्नी देवी, सूरज देवी, सूरजपाल, रामशरण और राजेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दरवाजे पर बंधी बकरियां चोरी होने की पुलिस से की शिकायत

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुर बनवारी गांव में चोरों ने एक पशुपालक के घर के बाहर बंधी तीन बकरियां चोरी कर लीं। सुबह सोकर उठने पर बकरियां गायब मिलने से पशुपालक के होश उड़ गए। काफी तलाश करने के बाद भी बकरियों का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। कुंवरपुर बनवारी गांव निवासी राजीव के दरवाजे पर रोजाना की तरह तीन बकरियां बंधी हुई थीं। रात के समय अज्ञात चोरों ने मौका पाकर तीनों बकरियों को पार कर दिया। सुबह जब राजीव सोकर उठे और दरवाजे पर पहुंचे तो वहां बकरियां गायब थीं। यह देखकर वह परेशान हो गए। उन्होंने आसपास के लोगों से जानकारी की और अपने स्तर से बकरियों की तलाश भी की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस ने निकला फ्लैग मार्च



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए विशुनगढ़ पुलिस पूरी तरह सतर्क है। थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने कस्बे के प्रमुख बाजारों, चौराहों और मार्गों पर पैदल गश्त कर फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस ने व्यापारियों, दुकानदारों और आम नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थानाध्यक्ष ने लोगों से त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था में खलल डालने और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

ऑनलाइन शॉपिंग से छोटे कारोबार पर संकट

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने की स्थानीय खरीदारी की अपील

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता 'लालू' ने लोगों से स्थानीय बाजारों से खरीदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते चलन से कस्बों के खुदरा कारोबार पर असर पड़ने लगा है। उन्होंने कहा त्योहारों के दौरान भी लोग बाजारों में खरीदारी करने के बजाय ऑनलाइन सामान मंगवा रहे हैं। इससे छोटे दुकानदारों और सड़क किनारे कारोबार करने वालों की बिक्री प्रभावित हो रही है। उन्होंने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि त्योहारों पर स्थानीय दुकानों से सामान खरीदें, ताकि छोटे व्यापारियों का कारोबार चलता रहे। उन्होंने कहा कि स्थानीय बाजारों में खरीदारी करने से न केवल व्यापारी लाभान्वित होते हैं, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। छोटे व्यापारी ही स्थानीय रोजगार का आधार हैं, इसलिए उनकी मदद करना सबका दायित्व है। सर्राफा कमेटी एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुपम वर्मा ने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी के कारण छोटे व्यापारियों के सामने कारोबार चलाने का संकट खड़ा हो रहा है। लगातार बिक्री प्रभावित होने से कई छोटे व्यापार बंद होने की कगार पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऑनलाइन खरीदारी के दौरान कुछ लोग ठगी का शिकार हो जाते हैं। इससे बचने के लिए ऑनलाइन की बजाय बाजार में ही खरीदारी करें। स्थानीय दुकानों से सामान लेने पर गुणवत्ता की जांच भी आसानी से हो जाती है और किसी समस्या पर तुरंत समाधान मिल जाता है। दोनों व्यापारी नेताओं ने जोर देते हुए कहा कि त्योहारों के इस मौसम में अगर हर नागरिक थोड़ा-सा योगदान दे और स्थानीय बाजारों को प्राथमिकता दे, तो छोटे व्यापारी फिर से अपनी जड़ें मजबूत कर सकेंगे। इससे न केवल व्यापार बढ़ेगा, बल्कि छिबरामऊ जैसे कस्बों की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी।

चलते ट्रक की केबिन में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के पूर्वी बाईपास तिराहे पर देर रात एनएच-34 पर चलते ट्रक की केबिन में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। केबिन से धुआं और लपटें उठती देख चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक से छलांग लगा दी और अपनी जान बचाई। पेट्रोल पंप कर्मचारियों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार गुरसहायगंज निवासी ट्रक चालक वीरपाल टैंकर लेकर मैनपुरी जनपद के कुरावली थाना क्षेत्र गया था। वहां से लौटते समय पूर्वी बाईपास तिराहे पर पहुंचते ही ट्रक की केबिन में अचानक आग लग गई। आग की लपटें तेज होने पर चालक ट्रक से कूद गया और पास स्थित पेट्रोल पंप कर्मचारियों को सूचना दी। इस पर कर्मचारी गैस सिलेंडर लेकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने भी पानी तथा मिट्टी डालकर सहयोग किया। पेट्रोल पंप के पास गैस से भरा टैंकर खड़ा होने के कारण लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि समय रहते आग बुझा दी गई। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।





परीक्षाओं के आखिरीदिन भी दौड़ते रहे अफसर



समृद्धि न्यूज

इटावा। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2026 के दृष्टिगत जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद में बनाए गए 22 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने केकेडीसी, संत विवेकानंद कॉलेज, नारायण कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, सुरक्षा व्यवस्था एवं परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा परीक्षा को पूरी पारदर्शिता एवं सुचारु व्यवस्था के साथ संपन्न कराया जाए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

शिवपाल सिंह यादव ने किया अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ

- देशभर के कवियों की रचनाओं पर देर रात तक गूंजती रहीं हास्य, व्यंग्य और राष्ट्रभक्ति का दिखा संगम
- ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव में सजा साहित्य और काव्य का मंच, विष्णु सक्सेना, मुमताज नसीम, बिलाल सहारनपुरी सहित कवियों ने बांधा समां



समृद्धि न्यूज

जसवंतनगर। ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव के तहत शनिवार देर शाम रामलीला मैदान में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक एवं सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस दौरान सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विशाल पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। देशभर से आए कवियों की हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार, वीर रस और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रचनाओं पर देर रात तक तालियां गूंजती रहीं। शुभारंभ के बाद शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि जसवंतनगर की जनता से उनका विशेष लगाव रहा है। यही कारण है कि वह यहां के आयोजनों में निरंतर शामिल होते रहे हैं। एक माह तक चलने वाले रामलीला महोत्सव में वह तीसरी बार आए हैं। यहां के रामलीला मैदान में अयोध्या, पंचवटी और लंका भी मौजूद हैं। मां शारदे की वंदना से शुरू हुआ काव्य पाठ कवयित्री मुमताज नसीम ने मां शारदे की वंदना के साथ कवि सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया। मेरठ से आईं कवयित्री हिमांशी बाबरा ने अपनी पंक्तियों से श्रोताओं का ध्यान खींचा।ष्लोग तो लोग हैं, लोगों की तरह देखते हैं, एक हम उस बच्चे की तरह देखते हैं। पलवल से आए कवि विष्णु विराट ने समसामयिक परिस्थितियों पर व्यंग्य करते हुए सुनायाकृ जुगनुओं ने शराब पी ली, अब ये सूरज को गालियां देंगे। कवि बिलाल सहारनपुरी ने सामाजिक एकता का संदेश देते हुए कहा ष्पहले हर आदमी इंसान हुआ करता था, बाद में हिंदू-मुसलमान हुआ करता था। प्रेम और रिश्तों की संवेदनाओं ने बांधा समां प्रसिद्ध गीतकार डॉ. विष्णु सक्सेना ने प्रेम, रिश्तों और जीवन की संवेदनाओं को अपनी सुरीली आवाज में प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। उनकी पंक्तियों पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। जो हाथ थाम लो, वो फिर न हटने पाए, प्यार की दौलत को कोई न लूटने पाए। जब भी छू लो बुलंदियों को ध्यान ये रखना, जमीं से पांव का रिश्ता न टूटने पाए।

त्योहारों से पहले पुलिस ने संभाला मोर्चा, अतिक्रमणकारियों को चेतावनी



समृद्धि न्यूज

बकेवर। आगामी त्योहारों के मद्देनजर कस्बे की यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने और बाजारों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए शनिवार को पुलिस ने अभियान चलाया। सीओ भरथना रामदवन मौर्य और थाना प्रभारी विपिन कुमार मलिक ने पुलिस बल के साथ प्रमुख बाजारों और मार्गों का निरीक्षण कर सड़क व फुटपाथ पर कब्जा जमाने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी। अभियान के दौरान सड़क किनारे खड़े कई दोपहिया वाहनों को थाने पहुंचाया गया, जबकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की चेकिंग भी की। इसके बाद अधिकारियों ने अंग्रेजी शराब के ठेके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ठेका संचालक को सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त रखने और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीओ और थाना प्रभारी ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था में बाधा डालने और सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

नाना का अपने वादा निभाया हुसैन,जो कह दिया वो करके दिखाया हुसैन

समृद्धि न्यूज



इटावा। दरगाह वारसी पर उर्स का हुआ शुभारंभ, महफिले समां के साथ हुए कुल शरीफ आपसी सौहार्द एवं भाईचारे की प्रतीक दरगाह अबुल हसन शाह वारसी कटरा शहाब खां में परंपरागत 102वें चार दिवसीय सालाना उर्स का ऑनरेरी सेकेट्ररी हसनैन वारिस हनी वारसी के नेतृत्व में सुबह फजिर की नमाज के उपरांत कुरान ख्वानी से शुभारंभ हुआ। दरगाह वारसी पर उर्स के पहले दिन बाद नमाज फजिर कुरआन ख्वानी हुई इसके बाद इमाम बारगाह शरीफ में दगाह वारसी के ऑनरेरी सेकेट्ररी हसनैन वारिस उर्फ हनी वारसी ने अलम पेश किया।इसके बाद हजरत मजहर अली शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैह की ओर से हनी वारसी ने चादरें पेश कीं। इसके बाद हजरत मजहर अली शाह का कुल शरीफ हुआ।बाद नमाज जोहर मीलाद शरीफ हुआ। बाद नमाज अस्र महफिले समां हुई जिसमें कव्वाल अफ्फान वारसी देवा शरीफ, मोहम्मद अहमद रामपुर, फैजान जीशान बरेली ने बेहतरीन कलाम पेश कर जमकर वाहवाही हासिल की।उन्होंने कहा नाना का अपने वादा निभाया हुसैन ने जो कह दिया वो करके दिखाया हुसैन ने। इसके बाद हजरत महमूद शाह वारसी का कुल हुआ। महफिले जिक्र सरकार वारिस पाक का अहोजन हुआ अंत मे महफिले समां के साथ हजरत सुल्तान हमीद वारसी व हजरत माशूक अली शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैह का कुल शरीफ हुआ। दगाह वारसी पर उर्स के शुभारंभ अवसर पर इटावा सहित बाहरी प्रान्तों व जनपदों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मजार शरीफ पर चादरें पेश कीं। उर्स में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा और श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कैम्प लगाया गया। दगाह वारसी की ओर से मेहमानों के लिए ठहरने और भोजन की शानदार व्यवस्था की गई।

छत से उतरते समय सीढ़ियों से गिरकर किसान की मौत, परिवार में मचा कोहराम

समृद्धि न्यूज



जसवंतनगर। क्षेत्र के गांव धरवार में रविवार सुबह छत से उतरते समय सीढ़ियों से गिरकर 55 वर्षीय किसान की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन और पड़ोसी उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

घटना से परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, धरवार गांव निवासी 55वर्षीय अरविंद सिंह पुत्र सियाराम फूलों की खेती करते थे। वह फूलों से माला बनाकर रोजाना सुबह साइकिल से ब्रह्माणी देवी मंदिर जाते थे और शाम तक फूल-माला बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। रविवार सुबह दैनिक क्रिया के लिए उठने के बाद वह छत पर जाने के लिए बनी सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।आनन-फानन में पड़ोसी ओमवीर सिंह उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर विकास अग्निहोत्री ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास एक बीघा जमीन बताई गई है।मृतक की पत्नी मंजू देवी दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। उनके 15 वर्षीय बेटी खुशी और 13 वर्षीय अंशुल व 11 वर्षीय सुमित हैं। अरविंद ही मेहनत-मजदूरी और फूल-माला बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत के बाद पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

स्वजनगणना के लिये विकासभवन में विधिक केम्प आयोजित

समृद्धि न्यूज



इटावा। विकास भवन परिसर में आयोजित विधिक कैम्प के अवसर पर भारत की आगामी जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या की गणना हेतु आमजनमानस को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष स्टॉल स्थापित किया गया। इस स्टॉल के माध्यम से आम नागरिकों को स्व-गणना की प्रक्रिया, उसके महत्व तथा जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता के संबंध में जागरूक करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी प्रमुख जनगणना अधिकारी मुख्य विकास अधिकारीअपर प्रमुख जनगणना अधिकारीएवं अपर जिलाधिकारी जिला जनगणना अधिकारी द्वारा स्व-गणना जागरूकता स्टॉल का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने जनगणना-2027 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आमजनमानस से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कराते हुए स्व-गणना में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग करें। उन्होंने आमजनमानस से विशेष रूप से आग्रह किया कि जनगणना को केवल एक सरकारी प्रक्रिया न समझें, बल्कि इसे राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता निभाने का महत्वपूर्ण अवसर मानें। प्रत्येक नागरिक द्वारा सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है, जिससे जनगणना के आंकड़ों की विश्वसनीयता एवं उपयोगिता सुनिश्चित हो सके।विधिक कैम्प में लगाए गए स्व-गणना जागरूकता स्टॉल के माध्यम से उपस्थित जनमानस को इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वेच्छा से स्व-गणना में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही जनसामान्य को बताया गया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य की सफलता नागरिकों के सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता पर निर्भर करती है।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने आम जनमानस से अपील की कि वे जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें तथा अपने परिवार, आस-पड़ोस एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि जनगणना का कार्य व्यापक जनसहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

प्रतिबंधित खारजा झाल में बेखौफ हो रहा मत्स्याखेट, जिम्मेदार अधिकारी मौन

- यमुना नदी के ठेके की आड़ में प्रतिबंधित क्षेत्र में जाल डालने का आरोप

समृद्धि न्यूज



जसवंतनगर। बलरई थाना क्षेत्र से गुजरने वाली खारजा झाल में न्यायालय द्वारा मत्स्याखेट के लिए प्रतिबंधित है उसके बाद खारजा झाल क्षेत्र में कथित तौर पर खुलेआम मछलियों का शिकार किया जा रहा है। आरोप है कि यमुना नदी में मत्स्याखेट का ठेका लेने वाले लोग ठेके की आड़ में प्रतिबंधित क्षेत्र में दिन-रात जाल डालकर मछलियां पकड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रहे अवैध मत्स्याखेट के बावजूद संबंधित विभागों और स्थानीय पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।मत्स्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इस वर्ष यमुना नदी में मछली पकड़ने का ठेका आगरा क्षेत्र की ओर से जारी किया गया है। बॉर्डर क्षेत्र होने के कारण ठेके का बंटवारा एक-एक वर्ष के अंतराल पर आगरा और इटावा के बीच होता है। स्थानीय लोगों आलोक, मोहन, दीपक, राजू, सुभाष, बबलू, राधेश्याम, दिनेश और विवेक आदि का आरोप है कि ठेकेदार सुरेंद्र सिंह उर्फ राजा और रंजीत निर्धारित यमुना नदी क्षेत्र के बजाय प्रतिबंधित खारजा झाल में जाल लगाकर बड़े पैमाने पर मछलियों का शिकार कर रहे हैं।

हर महीने लाखों रुपये की मछलियों का कारोबार स्थानीय लोगों के मुताबिक प्रतिबंधित क्षेत्र से लगातार मछलियां पकड़कर बाजार में बेची जा रही हैं। इससे हर महीने लाखों रुपये के कारोबार का आरोप लगाया जा रहा है। कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर संबंधित अधिकारियों तक महीनेदारी पहुंचने के आरोप भी लगाए हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। जांच कराकर होगी कार्रवाई सिंचाई विभाग के जिलेदार आशीष तिवारी ने बताया कि उन्हें पहले इस मामले की जानकारी नहीं थी। अब मामला संज्ञान में आया है तो जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अवैध रूप से मछली का शिकार करने वालों के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कराया जाएगा।अब देखना यह है कि संबंधित विभाग प्रतिबंधित खारजा झाल को अवैध मत्स्याखेट से कब मुक्त करा पाते हैं और आरोपों के आधार पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है।

एमएलसी चुनाव निष्पक्ष होते तो सपा सभी 11 सीटें जीतती:शिवपाल यादव

- भाजपा सरकार पर चुनाव में बेईमानी कराने का आरोप, महंगाई-बेरोजगारी से जनता परेशान, आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनने का दावा

समृद्धि न्यूज



जसवंतनगर। मैदानी रामलीला मैदान में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर चुनाव में बेईमानी कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि एमएलसी चुनाव निष्पक्ष तरीके से होते तो समाजवादी पार्टी सभी 11 सीटों पर जीत दर्ज करती। शिवपाल सिंह यादव ने आरोप लगाया कि हाल ही में हुए एमएलसी चुनाव में शासन-प्रशासन ने सरकार के इशारे पर काम किया। गोरखपुर और मेरठ में बेईमानी से प्रत्याशियों को जिताने का आरोप लगाते हुए उन्होंने आगरा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आजम खान के जेल से रिहा होते ही ईडी द्वारा गिरफ्तारी कराना भाजपा की सोची-समझी साजिश है। भाजपा सरकार से हर वर्ग परेशान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर शिवपाल यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को हटाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। भाजपा सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार से हर वर्ग परेशान है। बेरोजगार नौजवान, छात्र-छात्राएं, महिलाएं, पुरुष और छोटे-मध्यम वर्ग के व्यापारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने परीक्षा केंद्र दूर बनाए जाने से परीक्षार्थियों को हो रही परेशानी का मुद्दा भी उठाया। कहा कि पेट परीक्षा में दूर-दूर सेंटर दिए जाने से अभ्यर्थियों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराकर सपा की सरकार बनने पर जनता इसका जवाब देगी। शिवपाल यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान की भावना के अनुरूप काम नहीं कर रही है। शासन-प्रशासन भी सरकार की मनमानी में सहयोग कर रहा है। सपा-कांग्रेस गठबंधन रहेगा बरकरार कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल पर शिवपाल यादव ने कहा कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन बरकरार रहेगा। सीटों के बंटवारे का निर्णय दोनों दलों के राष्ट्रीय अध्यक्ष आपसी बातचीत से करेंगे। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी के बयानों पर उन्होंने कहा कि जनता जानती है कि ओवैसी किसके इशारे पर और किसके लिए काम कर रहे हैं।

हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दरोगा घायल, जिला अस्पताल रेफर



समृद्धि न्यूज

बकेवर। इटावा-कानपुर सिक्सलेन हाईवे पर बकेवर ओवरब्रिज के ऊपर रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार उपनिरीक्षक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने उन्हें बकेवर स्थित 50 शैय्या अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घायल उपनिरीक्षक ब्रजेन्द्र बहादुर महिला थाना इटावा में तैनात हैं। वह विभागीय तामीला के सिलसिले में औरैया जा रहे थे। इसी दौरान बकेवर ओवरब्रिज के ऊपर पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

पंचायतराज सलाहकार ने किया निरीक्षण जताया संतोष

समृद्धि न्यूज



बकेवर। निदेशक पंचायती राज लखनऊ के निर्देशों के क्रम में तथा राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिले के भ्रमण पर आए राज्य सलाहकार पंचायती राज विभाग संजय सिंह चौहान ने ब्लॉक महेवा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में रविवार को आकस्मिक रूप में पहुंचकर गावो में स्थापित डिजिटल लाइब्रेरी का स्थलीय निरीक्षण किया इस दौरान उन्हें बच्चे अध्ययनरत मिले तथा विभाग द्वारा प्राप्त सामिग्री भी सुव्यवस्थित मिली ।वही निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत महेवा इंद्रपाल सिंह भदौरिया ,जिला परियोजना प्रबंधक पुनीत कुमार ,कंसल्टेंट इंजीनियर अर्जुन यादव आदि साथ में रहे वहीं जिन जिन गांवों में टीम पहुंची वहाँ संबंधित ग्राम प्रशासक तथा ग्राम सचिव भी मौजूद मिले । वही टीम द्वारा ब्लॉक महेवा की ग्राम पंचायत बम्होरा , इंद्रावखी ,हलूऋहर्राजपुर ,ददोरा ,ईश्वरीपुरा सहित कई गावो का निरीक्षण किया गावो में स्थापित लाइब्रेरी में प्रकाश व्यवस्था ,डिजिटल सामिग्री ,पुस्तके ,इंटरनेट ,स्मार्ट टी बी ,उपिस्थति रजिस्टर आदि का सत्यापन किया मौजूद छात्र छात्राओं तथा ग्रामीणों से बात की जिस पर लोगों उक्त प्रोजेक्ट उपयोगी व जनहितकारी बताया।वही इस दौरान खंड प्रेरक संतोष कुमार ,प्रशासक बम्होरा हरगोविंद पाल ,ग्राम सचिव राजेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे। वहीं लखनऊ से आई टीम ने लाइब्रेरी संचालन पर संतोष प्रकट किया।

पांच दिन से लापता युवक का शव कुएं में मिला, गांव में मची खलबली

समृद्धि न्यूज



बकेवर। लवेदी थाना क्षेत्र के अटा गांव से पांच दिन पहले लापता हुए 28 वर्षीय युवक का शव रविवार सुबह पीपरीपुरा-चंद्रपुरा मार्ग स्थित कुएं में उतराता मिला। शव मिलने की खबर से आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर टीम की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अटा गांव निवासी संदीप सिंह के भाई राघव सिंह उर्फ मोनू चौहान 28 अक्टूबर को शाम करीब चार बजे घर से लापता हो गए थे। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद लवेदी थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।रविवार सुबह संदीप भाई की तलाश के संबंध में थाने गए थे। वहां से लौटते समय पीपरीपुरा-चंद्रपुरा मार्ग पर बाबा के कुएं में उन्हें एक शव उतराता दिखाई दिया। पास जाकर देखा तो शव उनके लापता भाई का था। उन्होंने तत्काल लवेदी थाना प्रभारी गौरव कुमार को सूचना दी। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र चौधरी और सुरेश सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ भरथना रामदबन मौर्य ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। शव निकलवाने के लिए चकरनगर से फायर टीम और जिला मुख्यालय से फॉरेंसिक टीम बुलाई गई। घटना की जानकारी पर अटा, पीपरीपुरा, अड्डा और चंद्रपुरा सहित आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ जुट गई।

दक्षिण अफ्रीका की टॉप-2 में वापसी, न्यूजीलैंड टॉप पर

एजेंसी



नई दिल्ली, । आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 की अंक तालिका में रोमांच लगातार बढ़ता जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-1 से जीत दर्ज करने के बाद मौजूदा चैंपियन दक्षिण अफ्रीका ने एक बार फिर टॉप-2 में जगह बना ली है। वहीं, न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ते हुए अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका की जीत से ऑस्ट्रेलिया को नुकसान हुआ है और टीम अब तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत चौथे स्थान पर है, जबकि बांग्लादेश पांचवें नंबर पर मौजूद है। अभी डब्ल्यूटीसी चक्र में कई अहम टेस्ट सीरीज बाकी हैं। ऐसे में आने वाले मुकाबले अंक तालिका की तस्वीर बदल सकते हैं। इए देखते हैं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की सीरीज जीत के बाद डब्ल्यूटीसी की ताजा स्थिति क्या है-

न्यूजीलैंडखेले गए मैचः 6जीतः 4अंक प्रतिशतः 72.22 प्रतिशत

आईसीसी के अनुसार न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है। टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 2-1 से जीत दर्ज की थी। इसके बाद इंग्लैंड दौरे पर भी कीवी टीम ने दमदार खेल दिखाया। इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट हारने के बाद न्यूजीलैंड ने लगातार दो मुकाबले जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की। इस तरह टीम ने छह मैचों में चार जीत के साथ अपना अंक प्रतिशत 72.22 कर लिया है। न्यूजीलैंड को आगे भारत और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज खेलनी है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान का दौरा भी करना है। ये मुकाबले फाइनल की राह में काफी अहम होंगे। 2. दक्षिण अफ्रीकाखेले गए मैचः 7जीतः 5अंक प्रतिशतः 71.43 प्रतिशत मौजूदा डब्ल्यूटीसी चैंपियन दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को घरेलू सीरीज में 2-1 से हराकर शानदार वापसी की है। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में प्रोटियाज टीम पहले मुकाबले में हार गई थी, लेकिन इसके बाद उसने लगातार दो मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर ली। इससे पहले टीम ने भारत को उसकी धरती पर 2-0 से हराया था और पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज ड्रॉ खेली थी। दक्षिण अफ्रीका को अब बांग्लादेश और इंग्लैंड की मेजबानी करनी है, जबकि आखिरी सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करना होगा। 3. ऑस्ट्रेलियाखेले गए मैचः 13जीतः 9अंक प्रतिशतः 69.23 प्रतिशत ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी 2025-27 अभियान की शुरुआत बेहद शानदार अंदाज में की थी। टीम ने वेस्टइंडीज को उसके घर में हराया और घरेलू मैदान पर एशेज सीरीज भी अपने पास बरकरार रखी। हालांकि, बांग्लादेश के खिलाफ मिली अप्रत्याशित हार ने टीम को झटका दिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को डरबन टेस्ट में 214 रन से हराया और सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन इसके बाद प्रोटियाज टीम ने लगातार दो मुकाबले जीतकर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा खत्म कर दिया। इस हार के कारण ऑस्ट्रेलिया अंक तालिका में पहले स्थान से खिसककर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब ऑस्ट्रेलिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ चार और भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच खेलने हैं। फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए टीम को इन मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। 4. भारतखेले गए मैचः 11जीतः 5अंक प्रतिशतः 51.52 प्रतिशत भारतीय टीम के लिए डब्ल्यूटीसी 2025-27 का सफर अब तक उतार-चढ़ाव भरा रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज ड्रॉ खेलने के बाद भारत को घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार ने फाइनल में पहुंचने की भारत की राह मुश्किल कर दी है।

मुरादाबाद निवासी अनुभव चौधरी ने जापान में हुए पैरा एशियन गेम्स में जीता ब्राउन्स मेडल



एजेंसी

मुरादाबाद,। मुरादाबाद निवासी अनुभव चौधरी को जापान में हुए पैरा एशियन गेम्स में 100 मीटर में ब्राउन्स मेडल हासिल करने पर शनिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम रामगंगा विहार मुरादाबाद में सम्मानित किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव डॉ अजय पाठक ने बताया कि अनुभव चौधरी ने जापान में आयोजित पैरा एशियन गेम्स में ब्राउन मेडिकल हासिल करके पीतलनगरी मुरादाबाद के साथ उत्तर प्रदेश का नाम भी देश भर में चमका दिया है। अनुभव चौधरी के स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में डॉ अजय पाठक के अलावा क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा, क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार, पूर्व क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार एवं सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के समस्त कोच एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

दिवाली से पहले कॉमर्शियल सिलेंडर 17 तक महंगा

नई दिल्ली,। कॉमर्शियल सिलेंडर आज से 17 रुपए तक महंगा हो गया है। आज से आपके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आने पर नंबर के साथ कॉलर का असली नाम भी दिखेगा। टोल प्लाजा के 20km के दायरे में रहने वाले वाहन मालिकों को 1 साल का लोकल फास्टैग पास मिलेगा। नवंबर 2026 में सिलेंडर, टेलिकॉम, ट्रांसपोर्ट और इन्वेस्टमेंट से जुड़े ऐसे ही 5 बदलाव हो रहे हैं। इन्हें आसान भाषा में नीचे समझाया गया है 1. कॉमर्शियल सिलेंडर 17 रुपए तक महंगा बदलावः तेल कंपनियों ने दिवाली से पहले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 17 रुपए तक महंगा कर दिया है। असरः कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च मामूली बढ़ेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ता महंगा कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी महंगी हो सकती है। 2. फोन पर अनजान कॉलर का असली नाम दिखेगा बदलावः आज से आपके फोन पर जब भी किसी अनजान नंबर से कॉल आएगा, तो स्क्रीन पर नंबर के साथ उस व्यक्ति का असली नाम भी दिखेगा। यह नाम वही होगा जो उसने सिम खरीदते समय सरकारी ID (जैसे आधार) में दिया था। इसके लिए आपको कोई थर्ड पार्टी एप डाउनलोड या सर्विस शुरू करने की जरूरत नहीं होगी, यह अपने-आप काम करेगी। दूरसंचार विभाग ने सभी टेलीकॉम कंपनियों के लिए इस नियम को लागू करना अनिवार्य कर दिया है। असरः अभी अनजान नंबरों की पहचान के लिए ट्रूकॉलर जैसे एप का इस्तेमाल करना पड़ता है, लेकिन अब बिना किसी थर्ड पार्टी एप के ही आपको पता चल जाएगा कि कौन कॉल कर रहा है।

मस्क बोले- रिटायरमेंट फंड की जरूरत नहीं होगी

एजेंसी



नई दिल्ली, । दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क का एक बार फिर दावा है कि भविष्य में रिटायरमेंट के लिए पैसे बचाना बेमानी हो जाएगा। उनके मुताबिक जरूरत की हर चीज और सुविधा इतनी ज्यादा मात्रा में बन जाएगी कि जमा पूंजी का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। मस्क पिछले कुछ सालों से लगातार कह रहे हैं कि AI और रोबोटिक्स से चीजें बहुत तेजी से सस्ती बनेंगी। इसके बाद काम करने, सैलरी पाने और पैसे बचाने का पारंपरिक तरीका खत्म हो जाएगा। मस्क ने 'X' पर एक यूजर के पोस्ट का जवाब देते हुए यह बात कही। विव ने लिखा था कि अपने हर उल्टे-सीधे खर्चे को मैं बस यही कहकर सही मान लेता हूं कि आगे चलकर तो सब भरपूर होने वाला है। अब ऐसा भी नहीं कि पूरी तरह से लापरवाह हो जाओ, पर हां कुछ सालों में इनमें से ज्यादातर चीजों से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। रोबोटिक्स और स्पेस ट्रैवल से बनेगी मल्टी-प्लेनेटरी इकोनॉमी मस्क ने हाल ही में अपने विजन को विस्तार से समझाते हुए कहा था कि रोबोटिक्स और स्पेस ट्रैवल में होने वाले बड़े सुधार एक 'मल्टी-प्लेनेटरी इकोनॉमी' को जन्म देंगे। उन्होंने कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के बाद पारंपरिक करेंसी का कोई महत्व नहीं रहेगा। जब उत्पादन की कोई सीमा नहीं होगी।

नई दिल्ली में फिटनेस का उत्साह, 'संडे ऑन साइकिल' में जुटे 1,000 प्रतिभागी

एजेंसी




नई दिल्ली,। फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 97वें संस्करण का आयोजन रविवार को नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस और ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम की थीम 'एक सप्ताह, सात कदम, एक धरती' रखी गई। कार्यक्रम में करीब 1,000 फिटनेस प्रेमियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यह आयोजन देशभर में एक साथ चलाए जा रहे फिट इंडिया के संडे ऑन साइकिल अभियान का हिस्सा रहा।

दिसंबर 2024 में शुरू हुए इस अभियान के तहत अब तक देशभर के करीब 31,000 स्थानों पर लगभग 37 लाख लोग भागीदारी कर चुके हैं। यह आंकड़ा देश में फिटनेस के प्रति बढ़ती जागरूकता और लोगों की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल जाने-माने बॉडीबिल्डर दीपक शर्मा ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां फिटनेस का जोश और ऊर्जा देखने लायक है। युवाओं को इस पहल से जुड़ते देखना बेहद उत्साहजनक है। जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी को ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए और फिटनेस को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दो साल से भी कम समय में देशभर के करीब 37 लाख लोगों का संडे ऑन साइकिल अभियान से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि लोगों में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। फिटनेस ही वास्तविक संपत्ति है और हमें 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के मंत्र को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में फिटनेस, खेल, योग, शिक्षा और साइकिलिंग से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भी भाग लिया। इसमें राष्ट्रीय स्तर की टेबल टेनिस खिलाड़ी, फिटनेस कोच और प्रमाणित योग प्रशिक्षक ज्योति भारती तथा योग एवं मेडिटेशन कोच पंखुड़ी श्रीवास्तव शामिल रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत पंखुड़ी श्रीवास्तव के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत की शपथ के साथ हुई। इस दौरान प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद निर्धारित मार्ग पर 5 किलोमीटर की साइकिल रैली निकाली गई। सभी आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कई आकर्षक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

दूसरा अनौपचारिक टेस्टः बॉयल के शतक और फॉक्सक्रॉफ्ट के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ए मजबूत

एजेंसी



क्राइस्टचर्च न्यूजीलैंड ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को मैथ्यू बॉयल के शतक और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट के अर्धशतक की बदौलत अच्छी वापसी की। इससे दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने तीन विकेट के नुकसान पर 218 रन बना लिए हैं। टीम अभी भी भारत के पहली पारी के स्कोर से 128 रन पीछे है। मैथ्यू बॉयल 148 गेंदों पर 14 चौकों और एक छक्के की मदद से 107 रन और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट 180 गेंदों में 80 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 205 रनों की नाबाद साझेदारी हो चुकी है, जिसने न्यूजीलैंड को शुरुआती झटकों से उबार कर मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है। इससे पहले इंडिया ए की पहली पारी में ध्रुव जुरेल ने शतक लगाया। वह 171 गेंदों में 105 रन बनाने के बाद आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और तीन छक्के लगाए। इसके अलावा आकाशदीप ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 68 रन बनाए। इन दोनों की पारियों की बदौलत भारत पहली पारी में 346 रन बनाने में सफल रहा। इंडिया ए के लिए पहली पारी में साई सुदर्शन ने 41 और देवदत्त पडिक्कल ने भी 80 रन की पारी खेली थी। 346 रनों के जवाब में अपनी पहली पारी में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ए की शुरुआत खराब रही। कप्तान रीस मारियू 4 रन, कर्टिस हेफी 4 रन और टिम रॉबिन्सन 3 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि इसके बाद मैथ्यू बॉयल और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए वापसी की और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ए भारत के पहली पारी के स्कोर से 128 रन पीछे है और उसके सात विकेट शेष हैं। ऐसे में तीसरा दिन मुकाबले के लिहाज से बेहद अहम रहने वाला है।

दीपा मलिक ने 28वीं विश्व पैरा आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप का किया उद्घाटन

एजेंसी



नई दिल्ली,भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता एवं पद्मश्री सम्मानित दीपा मलिक ने रविवार को पूर्वी दिल्ली स्थित एक होटल में 28वीं विश्व पैरा आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। यह प्रतियोगिता 47वीं विश्व आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप के साथ आयोजित की जा रही है, जो 26 अक्टूबर से शुरू होकर 7 नवंबर तक चलेगी।

इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दुनिया के 60 से अधिक देशों के 400 से ज्यादा पैरा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में भारतीय पैरालंपिक समिति के उपाध्यक्ष और पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में भारतीय दल के पूर्व शेफ डी मिशन सत्य प्रकाश सांगवान भी मौजूद रहे। डॉ. दीपा मलिक वर्तमान में एशियाई पैरालंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड में दक्षिण एशिया की उप-क्षेत्रीय प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत हैं। वह भारतीय पैरालंपिक समिति की पूर्व अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए दीपा मलिक ने सभी खिलाड़ियों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष, एशियन आर्मरेसलिंग फेडरेशन की उपाध्यक्ष एवं प्रो पंजा लीग क सह संस्थापक प्रीति झंगियानी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रीति झंगियानी के माध्यम से उन्हें विश्व आर्मरेसलिंग महासंघ के अध्यक्ष एसेन हाडजिटोदोरोव और महासचिव मिर्सिया सिमियोनेस्कु-सिमिसेल से जुड़ने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि खेल का असली उद्देश्य दोस्ती को बढ़ावा देना, बाधाओं को दूर करना और सीमाओं से आगे बढ़कर लोगों को एकजुट करना है। खेल हमें अलग-अलग संस्कृतियों को समझने और एक-दूसरे से सीखने का अवसर देता है। यही सच्ची खेल भावना है।दीपा मलिक ने कहा कि 60 से अधिक देशों के 400 से ज्यादा पैरा खिलाड़ियों का भारत में एक साथ जुटना देश में समावेशी खेल व्यवस्था के विकास को दर्शाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी के लिए समान अवसर और समावेशी विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि जब भारत को बुल्गारिया में इन चैंपियनशिप की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, तब वह स्वयं वहां मौजूद थीं। अब इसे साकार होते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए प्रीति झंगियानी और प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक परवीन डबास का आभार व्यक्त किया। दीपा मलिक ने कहा कि पैरा आर्मरेसलिंग बहुत ही लोकप्रिय खेल बनता जा रहा है। खुद एक एथलीट होने के नाते, यह मेरे लिए व्यक्तिगत खुशी की पल है। भारत में अभी त्योहारों का समय भी है और कुछ ही दिनों में हम दिवाली मनाएंगे इसलिए मेरी तरफ से सभी को त्योहारों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मैं उम्मीद करती हूं कि यह खेल आयोजन सभी के लिए बहुत शानदार रहे। सत्य प्रकाश सांगवान ने आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि भारत में इतनी बड़ी संख्या में विभिन्न देशों के खिलाड़ियों का पहुंचना खुशी की बात है। उन्होंने सभी आयोजकों, विशेष रूप से प्रीति झंगियानी को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में भारतीय-बाजार से 34,843 करोड़ निकाले

एजेंसी



मुंबई। भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPIs) की बिकवाली का सिलसिला अक्टूबर के महीने में भी जारी रहा। अक्टूबर में FPIs ने भारतीय इक्विटी बाजार से कुल 34,843 करोड़ निकाल लिए हैं।

यह लगातार दूसरा महीना है जब विदेशी निवेशकों ने बाजार में भारी बिकवाली की है। ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, दुनिया भर में ऊंची ब्याज दरें और कंपनियों के सुस्त तिमाही नतीजों के अनुमान के चलते विदेशी निवेशकों का सेंटिमेंट प्रभावित हुआ है। हालांकि, अक्टूबर के आखिरी हफ्ते (26-30 अक्टूबर) के दौरान विदेशी निवेशकों ने रुख बदलते हुए बाजार में 6,300 करोड़ का नेट यानी शुद्ध निवेश किया, जबकि इससे पिछले हफ्ते (23 अक्टूबर को खत्म हुए सप्ताह) में उन्होंने 2,700 करोड़ की बिकवाली की थी। 2026 में अब तक 2.95 लाख करोड़ की बिकवाली सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (CDSL) के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर से पहले सितंबर महीने में भी विदेशी निवेशकों (FPIs) ने भारतीय शेयर बाजार से 35,861 करोड़ निकाले थे। इससे पहले जुलाई में 20,200 करोड़ और अगस्त में 29,631 करोड़ का नेट निवेश आया था। अक्टूबर की नई बिकवाली को मिलाकर, साल 2026 में अब तक भारतीय इक्विटी बाजार से FPIs का कुल आउटफ्लो 2.95 लाख करोड़ के स्तर पर पहुंच गया है। 4 में से 3 ट्रेडिंग सेशन में खरीदार रहे विदेशी निवेशक अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में आए सुधार से बाजार का शॉर्ट-टर्म सेंटिमेंट तो बेहतर हुआ है, लेकिन बाजार जानकारों का कहना है कि सिर्फ एक हफ्ते की खरीदारी को ट्रेंड में स्थायी बदलाव (रिवर्सल) नहीं माना जा सकता। कैश मार्केट में 30 अक्टूबर को खत्म हुए आखिरी चार कारोबारी सेशन में से तीन में FPIs नेट खरीदार रहे। इससे भारतीय शेयरों को लेकर विदेशी निवेशकों के नजरिए में धीरे-धीरे सुधार के संकेत मिल रहे हैं। डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स से मिल रहा सपोर्ट अक्टूबर के आखिरी हफ्तों में विदेशी निवेशकों की तरफ से आई खरीदारी के दम पर निफ्टी एक बार फिर 23,000 का स्तर पार करने में कामयाब रहा।

मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, FPIs की लगातार जारी बिकवाली के बावजूद डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (DIIs) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। DIIs ने विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव को संभाला और बाजार में स्थिरता बनाए रखी। फार्मा, हेल्थकेयर और डिजिटल प्लेटफॉर्म शेयर्स में खरीदारी अक्टूबर महीने में विदेशी निवेशकों की पसंद और नापसंद में साफ अंतर देखा गया। एक तरफ जहां FPIs ने लार्ज-कैप फाइनेंशियल (बैंकिंग और वित्तीय) शेयरों में बिकवाली जारी रखी, वहीं दूसरी तरफ वे चुनिंदा फार्मास्युटिकल (दवा), हेल्थकेयर और डिजिटल प्लेटफॉर्म कंपनियों के शेयरों में खरीदारी करते दिखे। बिकवाली और खरीदारी के पीछे के 5 प्रमुख कारण कच्चे तेल की कीमतेंः अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के ऊंचे दाम भारत में महंगाई और कंपनियों के प्रॉफिट मार्जिन के लिए जोखिम पैदा कर रहे हैं। अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और यूएस फेडः अमेरिका में बॉन्ड यील्ड की दरों के चलते ग्लोबल कैपिटल वहां शिफ्ट हो रही है। हालांकि, यूएस फेड के ब्याज दरें स्थिर रखने के फैसले से थोड़ा सहारा मिला। आकर्षक वैल्युएशनः बिकवाली के कारण भारतीय लार्ज-कैप शेयरों के दाम आकर्षक स्तर पर आ गए हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए बांग्लादेश टीम में बदलाव

एजेंसी



नई दिल्ली,। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम में बदलाव किया है। यह मैच पांच नवंबर से सिलहट (बांग्लादेश) में खेला जाएगा। बांग्लादेश क्रिकेट ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि मोमिनुल हक की जगह अमिते हसन को टीम में शामिल किया गया है। मोमिनुल 'कन्कशन' (सिर की चोट) के कारण अनिवार्य सात दिनों के आराम (स्टैंड-डाउन पीरियड) पर हैं इसलिए वे उपलब्ध नहीं हैं। पहले टेस्ट मैच में फील्डिंग करते समय सिर में चोट लगने के कारण मोमिनुल हक टीम से बाहर हुई हैं। मैच के दौरान उनकी जगह जाकेर अली को मैदान में उतारा गया था। आईसीसी के कन्कशन दिशा-निर्देशों के अनुसार, उन्हें वापसी से पहले कम से कम सात दिन का अनिवार्य विश्राम करना होगा। टीम में शामिल किए गए विकेटकीपर-बल्लेबाज अमिते हसन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना पदार्पण किया था। अभी तक हसन ने केवल एक टेस्ट मैच खेला है। हालांकि उनके पास घरेलू क्रिकेट में अच्छा रिकॉर्ड है। उन्होंने 54 मैचों में 50.50 के औसत से 4040 रन बनाए हैं। पहले टेस्ट में हार के कारण बांग्लादेश की टीम मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में चौथे से फिसलकर पांचवें स्थान पर आ गई है। वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), शादमान इस्लाम, तंजीद हसन, तौहीद हृदोय, लिटन दास, जाकेर अली, मेहदी हसन मिराज, नईम हसन, हसन महमूद, तैजुल इस्लाम, शरिफुल इस्लाम, मुश्फिकुर रहीम, तस्कीन अहमद, इबादत हुसैन, अमिते हसन।

खबरें एक नजर में

46 पीएचसी पर लगा आरोग्य मेला, 1466 मरीजों का उपचार

सुलतानपुर। जिले के सभी 46 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को 277वां मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले में 56 चिकित्सकों और 265 पैरामेडिकल कर्मचारियों ने मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार मेले में कुल 1466 लोगों को उपचार एवं परामर्श दिया गया। इनमें 622 पुरुष, 686 महिलाएं और 158 बच्चे शामिल रहे। इस दौरान पात्र लाभार्थियों के पांच आयुष्मान गोल्डन कार्ड और आठ आभा कार्ड भी बनाए गए।स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला।

बाइक से गिरकर महिला घायल, जिला अस्पताल रेफर

चांदा, सुलतानपुर। चांदा क्षेत्र के ईशीपुर ओवरब्रिज के पास बाइक अनियंत्रित होने से उस पर सवार महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल महिला की पहचान देहात कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी रोशनी निषाद (पत्नी संतोष निषाद) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह अपने ससुर के साथ बाइक से चांदा क्षेत्र के सफीपुर स्थित मायके जा रही थी। इसी दौरान ईशीपुर ओवरब्रिज के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़ी।

मिशन ज्ञानदीप का एक वर्ष पूरा, बच्चों ने दीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

सुलतानपुर। घर सुलतानपुर फाउंडेशन द्वारा संचालित शिक्षा अभियान मिशन ज्ञानदीप के एक वर्ष पूरे होने पर निषाद बस्ती में सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों के साथ केक काटकर वर्षगांठ मनाई गई और सहभोज का आयोजन हुआ। समारोह में बच्चों ने गीत, कविता और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता की झलक दिखाई दी। उपस्थित लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की।फाउंडेशन के माध्यम से निषाद बस्ती के बच्चों को नियमित शिक्षा के साथ नैतिक संस्कार, खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियों और व्यक्तित्व विकास से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के एक वर्ष की यात्रा में स्वयंसेवियों और सहयोगियों ने भी योगदान दिया।आयोजन में डॉ. रजिता सिंह, सचिन सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, शशिकांत दूबे, आकाश रंजन सिंह, मुकुल दुबे, विनायक मिश्रा और अरुण मिश्रा सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

आग से झुलसे किशोरी व युवक का लखनऊ में इलाज जारी

चांदा, सुलतानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के मरछा गांव में शनिवार देर शाम आग से झुलसे किशोरी और युवक का लखनऊ स्थित मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर होने पर जिला मेडिकल कॉलेज से उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था। घटना के बाद गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात है। बताया जाता है कि किशोरी का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किशोरी युवक के घर पहुंच गई थी। पुलिस दोनों को समझाकर थाने लाने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान युवक ने कथित तौर पर अपने और किशोरी के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। दोनों गंभीर रूप से झुलस गए।घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा और फिर जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान निगरानी के लिए चांदा कोतवाली के उपनिरीक्षक सहित पुलिसकर्मी मौजूद हैं। गांव में युवक के घर पर भी पुलिस तैनात है, जबकि किशोरी के परिजन उपचार के लिए लखनऊ गए हैं।

प्रधान को फर्जी मुकदमे में फंसाने की बातचीत का ऑडियो वायरल

चांदा, सुलतानपुर। प्रतापपुर कमैचा विकासखंड की भेरौरा ग्राम सभा के प्रधान केश कुमार सिंह को कथित रूप से फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश से जुड़ा एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ऑडियो में गांव की एक दलित महिला और प्रधान के चाचा के बीच बातचीत होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं हो सकी है।बताया जाता है कि प्रधान और उनके चाचा के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। ऑडियो वायरल होने के बाद गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

काली माता चबूतरे के विवाद पर ग्रामीणों ने थाना घेरा



कुंडा-प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के गुजवर भीटा गांव में काली मां के पुराने चबूतरे और उसके आसपास की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को मामला उस समय बिगड़ गया जब दर्जनों की संख्या में ग्रामीण एकजुट होकर महेशगंज थाने पहुंच गए। ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर जमीन पर कथित कब्जे के मामले में कार्रवाई की मांग की। विवाद में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर जमीन कब्जाने के आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के किनारे वर्षों से काली मां का पुराना चबूतरा बना हुआ है। इसके पास पीपल का पेड़ और दुर्गा पूजा स्थल भी स्थित है। ग्रामीणों के मुताबिक, उक्त जमीन आबादी की है, तथा लंबे समय से धार्मिक गतिविधियां होती रही हैं। आरोप है कि नसीब उर्फसोनू चबूतरे की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने विरोध करने पर मारपीट और धमकी देने के आरोप भी लगाए हैं। धार्मिक स्थल पर विवाद दो समुदायों के बीच होने के कारण प्रशासन ने अगर समय रहते निष्पक्ष कार्रवाई न की, तो विवाद आगे बढ़ सकता है।

कुएं में गिरने से किशोरी की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। बकरी चराने गयी किशोरी का पैर फिसल जाने से वह कुएं में समा गयी। किशोरी की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर रानीगंज कैथौला चौकी पुलिस व लालगंज की फायर यूनिट मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से शव निकाले जाने के बाद उसे पीएम के लिए भेजवाया गया। लालगंज कोतवाली के छोटी पयागीपुर निवासी जगदीश सरोज की सत्रह वर्षीया पुत्री शोभा रविवार को घर से बकरी चराने निकली थी। करीब पांच सौ मीटर दूर वहां एक अंधा कुआ है। खेलते खेलते किशोरी का पैर फिसल गया। वह कुएं के गहरे पानी में समा गयी। वहां मौजूद अन्य चरवाहों ने कुएं के भीतर से चीख सुनीं तब वह आवाक रह गये। सूचना पर बदहवाश परिजन मौके पर पहुंचे। इधर घटना को लेकर ग्रामीणों की भी भीड़ जमा हो गयी। जानकारी मिलते ही रानीगंज कैथौला पुलिस चौकी से फोर्स भी पहुंच गयी। पुलिस ने लालगंज से फायर यूनिट को बुलवाया। ग्रामीणों के सहयोग से फायर यूनिट के मशक्कत से किशोरी का शव कुएं से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए दोपहर बाद जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर किशोरी की मौत से परिजनों को बिलखते देखा गया।

पेड़ काटने से मना करने पर महिला को पीट कर किया घायल

संडवा चंद्रिका-प्रतापगढ़। घर की बाउंड्री के अंदर का पेड़ काटने से मना करने पर आरोपियों ने महिला को बुरी तरह मारा पीटा इसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अंतू थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे परमेश्वर निवासी निर्मला देवी का आरोप है कि उनके घर के बाउंड्री के अंदर उनका पेड़ है उक्त पेड़ को शनिवार को उनके पड़ोसी राहुल तिवारी उनके बाउंड्री में आकर के जबरन पेड़ काट रहे थे उन्होंने मना किया तो वह गाली गलौज देने लगे। इसी दौरान उनके पिता तीरथ तिवारी उनकी मां व उनकी पत्नी आरती लाठी डंडा लेकर उनके घर पर आ गई तथा सभी मिलकर निर्मला देवी को लाठी डंडे से मारने पीटने लगे जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने घर के अंदर भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। पीड़िता ने मामले की सूचना अंतू पुलिस को दी पुलिस ने मामले में रविवार को उक्त आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक का इलाज के दौरान मौत

कुंडा-प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के रायगढ़ निवासी दिनेश कुमार सरोज 32 वर्ष पुत्र लाल जी सरोज मई महीने में बाइक से जाते समय अहलादगंज में नाली से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए घायल युवक को सीएचसी महेशगंज से स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर किया गया था। जहां वह जिंदगी और मौत से संघर्ष करते हुए आखिरकार 5 महीने बाद इलाज के दौरान अस्पताल में निधन हो गया। पोस्टमार्टम के बाद शव के घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के शव का अंतिम दाह संस्कार त्रिवेणीपुर में कर दिया गया है।

विद्युत करंट से युवती झुलसने से घायल

कुंडा-प्रतापगढ़। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रायपुर भरखी गांव निवासी भगत यादव की 19 वर्षीय बेटी खुशबू घरेलू कार्य करते समय बिजली की करंट की चपेट में आकर झुलस गई। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद उसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

ई-रिक्शा की टक्कर से अधेड़ घायल, रेफर

प्रतापगढ़। ईरिक्शा की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रारंभिक उपचार के बाद उसे गंभीर दशा में पड़ोसी जिले रायबरेली के एक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पूरे नंदन मांदीपुर निवासी देवानंद पाण्डेय 50 पुत्र रामकृष्ण पाण्डेय शनिवार की देर शाम बाइक से अपने एक साथी के साथ बाबूगंज बाजार से कहीं निकला था। कोतवाली के धर्मराज तुलई के पास ईरिक्शा ने तेज गति से बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में देवानंद को गंभीर चोटें आ गयी। परिजन इलाज के लिए उसे लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। प्रारंभिक उपचार के बाद परिजनों ने उसे रायबरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

एक ही छत के नीचे मिलीं सरकारी योजनाओं व विधिक सेवाओं की सुविधाएं

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को पं. रामनरेश त्रिपाठी सभागार में वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर 'एक दिन, एक जगह ढेरों सुविधाएं' का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष सुनील कुमार चतुर्थ की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। केएनआईटी के विधि विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मध्यस्थता के जरिए घरेलू एवं आपसी विवादों के समाधान का संदेश दिया। जनपद न्यायाधीश ने बच्चों के टीकाकरण और 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका लगवाने पर जोर दिया।इस दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, मुख्यमंत्री आवास, मातृत्व-शिशु एवं बालिका मदद, दिव्यांगजन सहायक उपकरण और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट, डेमो चेक, आवास की चाबी, स्मार्ट केन, श्रवण यंत्र एवं अन्य सामग्री वितरित की गई।शिविर में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित न्यायिक अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। संचालन प्राधिकरण की सचिव मुक्ता त्यागी ने किया।

बेटी की डोली से पहले उठी पिता की अर्थी

- 22 अप्रैल 2027 को तय थी बेटी की शादी, पेड़ से लटका मिला शव

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के बाहरपुर गांव में रविवार सुबह एक अधेड़ का शव पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की बेटी की शादी आगामी 22 अप्रैल 2027 को तय थी। शादी की तैयारियों के बीच पिता की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी गिरधारी लाल (54) पुत्र स्व. संतोषी शनिवार रात भोजन करने के बाद चारपाई पर सोने चले गए थे। रविवार सुबह चारपाई से गायब मिलने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। इसी दौरान ग्रामीणों ने घर से कुछ दूरी पर पेड़ से लटका उनका शव देखा। सूचना पर सेमरी चौकी के उपनिरीक्षक सुबोध त्यागी पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव उतरवाकर कब्जे में लिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। बेटे प्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों के मुताबिक गिरधारी लाल कुछ समय से लकवा से पीड़ित थे। उनके परिवार में पत्नी सोना, दो बेटियां अलका व शालू और बेटा प्रकाश हैं। शालू की शादी 22 अप्रैल को तय थी। घर में शादी की खुशियों की जगह मातम छा गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।थानाध्यक्ष विवेक राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बुलेट सवार युवक की मौत

- परीक्षा देने जा रहा था युवक कोहरे के चलते सेमरी बाईपास पर हुआ हादसा

समृद्धि न्यूज़, जयसिंहपुर सुलतानपुर।



टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह घने कोहरे के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बुलेट सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक को गंभीर हालत में बिरसिंहपुर स्थित सौ शैय्या अस्पताल से अंबेडकरनगर रेफर किया गया था। वहां दोपहर करीब 12 बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मौत की पुष्टि की है।

रविवार को अंबेडकरनगर जिले के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी प्रत्यूष वर्मा (22) रविवार सुबह बुलेट से रायबरेली परीक्षा देने जा रहे थे। सेमरी बाईपास पर नगईपुर गांव के पास घने कोहरे के कारण कम दृश्यता के बीच सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।सूचना पर पहुंची सेमरी चौकी पुलिस ने घायल प्रत्यूष को इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल बिरसिंहपुर पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें अंबेडकरनगर रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हेलमेट पहने होने के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी।प्रत्यूष के पिता दिलीप वर्मा बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय अंबेडकरनगर में कार्यरत थे। करीब तीन वर्ष पूर्व पिता की मृत्यु के बाद प्रत्यूष को मृतक आश्रित कोटे में लिपिक की नौकरी मिली थी। बेटे की मौत की खबर से मां रंजन वर्मा का रो-रोकर बुरा हाल है।क्षेत्राधिकारी सुनील सिंह ने युवक की मौत की पुष्टि की है। पुलिस टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।

यातायात माह का शुभारंभ, जागरूकता रैली निकाली



समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से यातायात माह नवंबर-2026 का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए बाइक रैली और प्रचार-प्रसार वाहन रवाना किया गया।

यातायात माह के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही बाइक पर तीन सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा तेज गति और लापरवाही से वाहन न चलाने की अपील की जाएगी।पुलिस अधीक्षक ने आमजन से यातायात नियमों का पालन कर स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। इस दौरान सीओ यातायात रामकृष्ण चतुर्वेदी, सीओ नगर राघवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

धन कमाना जरूरी, लेकिन जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं: राजन महाराज

- सिंघनी अमृत गार्डेन में श्रीराम कथा के तीसरे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब
- विष्णु लीला और प्रभु श्रीराम के जन्म प्रसंग ने किया भावविभोर

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



धन-संपत्ति जीवन की जरूरतें पूरी कर सकती है,लेकिन आत्मिक शांति और वास्तविक संतोष प्रभु भक्ति एवं सद्कर्मों से ही प्राप्त होता है। मनुष्य को भौतिक सुख-सुविधाओं के साथ आध्यात्मिक संपदा भी अर्जित करनी चाहिए। यह संदेश अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज ने रविवार को बल्दीराय तहसील क्षेत्र के बहुरावां स्थित सिंघनी अमृत गार्डेन में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन दिया। उनके मुखारविंद से कथा का रसपान करने के लिए पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।राजन जी महाराज ने कहा कि जीवन में धन कमाना आवश्यक है, लेकिन धन को ही जीवन का अंतिम उद्देश्य बना लेना उचित नहीं है। अर्थ के साथ परम अर्थ यानी आध्यात्मिक संपदा अर्जित करना भी जरूरी है। भौतिक संपत्ति मनुष्य की सांसारिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकती है, लेकिन मन की शांति, संतोष और जीवन की वास्तविक सार्थकता प्रभु के स्मरण, भक्ति और सद्कर्मों में निहित है। मनुष्य को अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए धर्म, संस्कार और सेवा के मार्ग पर भी चलना चाहिए।कथा के दौरान महाराज ने भगवान विष्णु, जालंधर और वृंदा के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि देवताओं की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने लीला रची। जालंधर का रूप धारण कर वे वृंदा के सामने पहुंचे। वृंदा ने उन्हें अपना पति समझ लिया, जिससे उसका पतिव्रत धर्म खंडित हो गया। इसी बीच भगवान शिव ने युद्ध में जालंधर का वध कर दिया।जब वृंदा को भगवान विष्णु की लीला का पता चला तो वह दुखी और क्रोधित हो गईं। उन्होंने भगवान विष्णु को पत्थर बन जाने का श्राप दे दिया। भगवान विष्णु ने वृंदा का श्राप स्वीकार किया और शालिग्राम शिला के रूप में प्रकट हुए। महाराज ने इस प्रसंग के माध्यम से भगवान की लीलाओं और धार्मिक आस्था के महत्व को रेखांकित किया।राजन जी महाराज ने भगवान श्रीराम के जन्म और बाल लीलाओं का भी भावपूर्ण वर्णन किया। कौशल्या माता के वात्सल्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जगत को आनंदित करने वाले भगवान को भी अपनी बाल लीला में रोना पड़ता है। कथा के इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भक्ति भाव से कथा सुनते रहे और प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाते रहे। कथा के दौरान आयोजक ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह और उनकी पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने परिवार सहित भगवान श्रीराम का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर आरती उतारी।इस अवसर पर केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के विहिप धर्माचार्य अखिलेश्वर दास, भाजपा नेता शंकर गिरि, पूर्व मंत्री सुरभि शुक्ला, राजेंद्र मिश्रा और मनोज यादव सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

भक्तिमय वातावरण में निकली कलश यात्रा, उमड़े श्रद्धालु

कुंडा-प्रतापगढ़। कुण्डा तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत पूरे मिश्र चरन का पुरवा (बिसहिया) में इन दिनों आध्यात्म और भक्ति की बयार बह रही है।शुभ अवसर है श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का,जिसके शुभारम्भ से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा ने पूरे वातावरण को पूरी तरह से भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत माता फूलमती मईया मन्दिर से हुई, जहाँ विद्वान आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई।इसके बाद यजमानों और श्रद्धालु भक्तों ने पूजा-अर्चना कर पवित्र जल से कलश भरे। कलश यात्रा प्रयागराज-लखनऊ राजमार्ग से होकर निकली,तो पूरा ग्रामीणांचल संकीर्तन से गूँज उठा।कलश यात्रा के समापन के बाद मुख्य पंडाल में श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम सत्र की शुरुआत हुई।कथा वाचक भगवत रसिक आचार्य श्री रोहित जी महाराज श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज ने पहले दिन की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से मनुष्य के जन्म-जन्मान्तर के पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन में सच्ची शान्ति और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में मुख्य यजमान रामापुर इण्टर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य पण्डित राम सूरत मिश्र, घनश्याम मिश्र, सुरेन्द्र मिश्र, अनुराग मिश्र, सुमन मिश्रा, वन्दना मिश्रा, मंदाकिनी मिश्रा, पूजा मिश्रा, विभु मिश्र, गर्वित मिश्र आदि श्रीमद्भागवत कथा-प्रेमी एवं भक्तगण मौजूद रहे।

आदर्श नगर पंचायत मानिकपुर में अधूरे निर्माण से ग्रामीण त्रस्त, जिम्मेदार कौन



कुंडा-प्रतापगढ़। आदर्श नगर पंचायत मानिकपुर के शाहाबाद वार्ड नं 17 में धूमसिंह के इंदारा तक डूडा द्वारा बनाई जा रही नाली व सड़क निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। सड़क निर्माण अधूरा होने से पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। सड़क पर जगह-जगह पानी भरा है जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग से सैकड़ों किसान और बुजुर्ग, बच्चे रोज आते-जाते हैं, लेकिन सड़क की दुर्दशा के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों ने सवाल उठाया है कि आखिर इस निर्माण कार्य का जिम्मेदार कौन है और सड़क पर काम कब शुरू होगा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया तो वे जिलाधिकारी प्रतापगढ़ से लिखित शिकायत करने को मजबूर होंगे।

व्यवसाई की दुकान व मकान के अग्निकांड नुकसान की जांच करने पहुंचे एसडीम

- विद्युत विभाग से मांगी जांच रिपोर्ट सहयोग का दिया आश्वासन

समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।



हीरागंज बाजार निवासी अरुण केसरवानी की कपड़ा व ज्वैलरी की दुकान में बीते 21 अक्टूबर को बिजली की शॉर्ट सर्किट से लगी आग से लाखों रुपये का नुकसान हुआ था। रविवार को एसडीएम अजय कुमार यादव जांच करने घटनास्थल पर पहुंचे। जहां आग से तबाह हुई दुकान व मकान का निरीक्षण कर नुकसान की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान व्यापारी ने आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई। इस पर एसडीएम ने तत्काल विद्युत विभाग के एसडीओ से फोन पर वार्ता की और घटना की जांच कराने के निर्देश दिए। ताकि आग लगने के कारणों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। दुकान में आग लगने से हुए नुकसान के बाद व्यापारी को दोबारा कारोबार खड़ा करने में मदद मिल सके। इसके लिए एसडीएम ने कई स्तरों पर प्रयास शुरू किए हैं। उन्होंने लघु उद्योग मंत्रालय के माध्यम से आर्थिक सहायता दिलाने तथा बैंक से ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एलडीएम प्रतापगढ़ से संपर्क करने की बात कही। एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि पीड़ित व्यापारी को नियमानुसार सहायता दिलाने के लिए संबंधित विभागों को पत्र भेजा जाएगा। इस मौके पर हीरागंज बाजार नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उदय शंकर पांडेय, भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन, गोगहर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

रानीगंज का सियासी पारा चढ़ा: प्रो. शिवाकांत के आवास पर हुई भागवत कथा ने बदली क्षेत्र की हवा

- विधानसभा-250 के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म
- ओझा परिवार के शक्ति प्रदर्शन से दलों में हलचल

बृजेश विश्वकर्मा/रत्नाकर मिश्रा

प्रतापगढ़/रानीगंज। उत्तर प्रदेश की राजनीति में प्रतापगढ़ जिले की रानीगंज विधानसभा सीट संख्या 250 हमेशा से ही सियासी उठापटक और दिग्गजों का गढ़ रही है। वर्तमान में जैसे-जैसे विधानसभा चुनावों की सरगर्मी नजदीक आ रही है, रानीगंज का राजनीतिक पारा भी परवान चढ़ने लगा है। इस बीच, क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रोफेसर शिवाकांत ओझा के आवास पर आयोजित सात दिवसीय भव्य श्रीमद् भागवत कथा ने क्षेत्र की राजनीति में एक नया भूचाल ला दिया है। इसे महज एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक बड़े राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन और जन-उभार के रूप में देखा जा रहा है।

प्रोफेसर शिवाकांत ओझा के आवास पर आयोजित इस ऐतिहासिक श्रीमद् भागवत कथा के पूर्णाहुति हवन और विशाल महाप्रसाद भंडारे में प्रतापगढ़ के अलावा प्रयागराज, लखनऊ और आसपास के विभिन्न जिलों से भारी संख्या में श्रद्धालु व आम जनता उमड़ी। इस धार्मिक अनुष्ठान की सबसे खास बात यह रही कि इसमें रानीगंज, पट्टी, प्रतापगढ़ सदर और रामपुर खास समेत कई अन्य विधानसभा क्षेत्रों से जनसैलाब उमड़ पड़ा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस आयोजन के जरिए प्रोफेसर शिवाकांत ओझा ने यह साबित कर दिया है कि आज भी क्षेत्र के हर वर्ग में उनकी गहरी पैठ है और उनके समर्थक उन्हें दिलो-जान से चाहते हैं। इस धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन में केवल आम जनता ही नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस जैसी प्रमुख पार्टियों के बड़े नेता, पदाधिकारी तथा क्षेत्र के छोटे-मोटे कार्यकर्ता भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पहुंचे। सभी दलों के नेताओं का एक मंच और एक प्रांगण में जुटना इस बात की गवाही दे रहा है कि रानीगंज की यह कथा इस समय क्षेत्र का सबसे हॉट राजनीतिक मुद्दा बन चुकी है। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा के पुत्र एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख गौरा, पूर्णांशु ओझा उर्फ श्यामू भैया ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए घर-घर जाकर लोगों को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिया था। श्यामू ओझा लगातार क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में बराबर के भागीदार बन रहे हैं। उनका मिलनसार और करिश्माई व्यक्तित्व युवाओं और आम जनता को तेजी से प्रभावित कर रहा है। राजनीतिक गलियारों में दबी जुबान से यह चर्चा जोरों पर है कि यदि भाजपा आगामी चुनावों में इस सीट पर ओझा परिवार पर अपना दांव लगाती है, तो पार्टी को रानीगंज विधानसभा में जीत हासिल करना बेहद आसान हो सकता है। भले ही अभी भाजपा, सपा और बसपा जैसी प्रमुख पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों के नामों का आधिकारिक खुलासा नहीं किया है और यह फैसला भविष्य के गर्त में है, लेकिन इस भव्य श्रीमद् भागवत कथा ने जो राजनीतिक माहौल और नैरेटिव क्रिएट किया है, उसने सभी पार्टियों के समीकरण हिला दिए हैं। प्रोफेसर शिवाकांत ओझा की पुरानी राजनीतिक वफादारी और उनके नक्शेकदम पर चलते हुए श्यामू ओझा द्वारा जनता के बीच बनाई जा रही मजबूत पैठ ने यह साफकर दिया है कि आने वाले दिनों में रानीगंज का चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प और कांटे की टक्कर वाला होने वाला है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि राजनीतिक दल किसके सिर पर अपना ताज सजाते हैं।



